खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 22°C

हल्द्वानी, शनिवार 25 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 238 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 6 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## संक्षिप्त समाचार

### सीईसी को हटाने के लिए विपक्ष के 73 सांसदों ने दिया प्रस्ताव नोटिस

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर राज्यसभा में औपचारिक पहल की है। विपक्ष के 73 सांसदों ने राज्यसभा के महासचिव को प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) का नोटिस सौंपा है, जिसमें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग की गई है। यह नोटिस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने प्रस्तुत किया है। फिलहाल यह प्रस्ताव केवल राज्यसभा में ही दाखिल किया गया है।

### यूपी-महाराष्ट्र में पारा 44 डिग्री के पार पहुंचा


**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। यूपी, राजस्थान और महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। गुरुवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यूपी के प्रयागराज और महाराष्ट्र के अमरावती में 44.4 डिग्री सेल्सियस, वहीं अकोला में 44.3 डिग्री सेल्सियस पारा रिकॉर्ड हुआ। बढ़ती गर्मी के कारण राजस्थान के जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और दौसा में स्कूलों की टाइमिंग सुबह 7.30 बजे से कर दी गई है। बीकानेर, झुंझुनूं और जैसलमेर में सरकारी योजनाओं काम के समय में भी बदलाव किया गया है। अब मजदूर सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक ही काम करेंगे।

### बंगाल में टीएमसी का दीया बुझने वाला है: मोदी

**कोलकाता।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दमदम और जादवपुर में रैली की। उन्होंने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने वाला है। बुझता दीया फड़फड़ाता है। बंगाल में परिवर्तन की लहर है। पहले चरण की वोटिंग ने इस पर मुहर लगा दी है।

# ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए सात दिन

**वाशिंगटन, वार्ता**



- एक मई से पहले अमेरिकी संसद की मंजूरी मिलना जरूरी
- पार्टी के 10 सांसद जंग के विरोध में

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए 7 दिन हैं। अमेरिकी संविधान के अनुसार, किसी भी युद्ध को 60 दिन में संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है। यहां भी ट्रम्प ने खेल किया। युद्ध 28 फरवरी को छेड़ा, संसद को 2 मार्च को सूचित किया।

अब एक मई से पहले उन्हें संसद से युद्ध की मंजूरी लेनी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प संसद का सामना नहीं करना चाहते हैं। 100 सदस्यों वाली सीनेट में ट्रम्प के 53 सांसद हैं। जबकि विपक्षी कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 47 हैं। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के ही लगभग 10 सांसद ईरान युद्ध के विरोध में आवाज उठा चुके हैं। जबकि विपक्षी डेमोक्रेट एकजुट रहने वाले हैं। ऐसे में अब ट्रम्प एक मई से पहले किसी भी तरह युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। इस कानून में 60 दिन के बाद एक विकल्प और है। राष्ट्रपति एक बार के लिए 30 दिन का अतिरिक्त समय ले सकते हैं, लेकिन यह सिर्फ सैनिकों की सुरक्षित वापसी के लिए होता है, न कि युद्ध जारी रखने के लिए। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या ट्रम्प इस समय सीमा को नजरअंदाज कर सकते हैं।

## अमेरिका के साथ शांतिवार्ता के लिए ईरान तैयार!

- इस्लामाबाद जाएंगे ईरान के विदेश मंत्री अराघची

**इस्लामाबाद/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के इस सप्ताहांत तक इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है।

दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ईरान के शीर्ष राजनयिक के वार्ता के लिए इस सप्ताहांत तक पाकिस्तान की यात्रा करने की संभावना है। अधिकारियों ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की यात्रा के बारे में अन्य कोई जानकारी देने से इन्कार कर दिया, सिवाय इसके कि उनके साथ एक छोटा सरकारी प्रतिनिधिमंडल होगा और वे शुक्रवार को ही पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने का प्रयास कर रहा है।

## आम आदमी पार्टी में बड़ी फूट

# राघव चड्ढा समेत 'आप' के सात सांसद भाजपा में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- सात सांसदों ने राज्यसभा के सभापति को सौंपे दस्तावेज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही वो भाजपा में शामिल हो गए।

राघव के अलावा संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रजीत सिंह साहनी, राजिंदर गुप्ता के अलावा दिल्ली से आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल भी भाजपा में शामिल हो गईं। राघव ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, आज संविधान के प्रावधानों के तहत यह बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ। आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई से अधिक राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल हो गए। कुल सात सांसदों ने इस विलय संबंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इन दस्तावेजों को राज्यसभा के माननीय सभापति को सौंपा गया। तीन सांसदों ने व्यक्तिगत रूप से ये हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपे। राघव चड्ढा ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए -शेष पृष्ठ दो पर

# प. बंगाल में बंपर वोटिंग देखकर बहुत खुश हूं: CJI

## मताधिकार के प्रयोग से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- SIR लिस्ट से बाहर चुनाव अधिकारियों की याचिका पर कहा: इस बार वोट नहीं डाल पाएंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुई रिकॉर्ड वोटिंग की तारीफ की। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपिन पंचोली की बेंच ने राज्य में चुनावी हिंसा न होने पर संतोष जताया। सीजेआई ने कहा कि भारत के नागरिक के रूप में, मुझे मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुशी हुई। जब लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं, वे लोग समाधान के लिए कोर्ट की तरफ से नियुक्त 19 अपीलीय ट्रिब्यूनलों से संपर्क करें। कोर्ट बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले इस प्रक्रिया को रोकने से इन्कार कर दिया था। कोर्ट ने अपीलीय ट्रिब्यूनलों से कहा कि वे उन लोगों को पहले सुनवाई का मौका दें, जो वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए अर्जेंट सुनवाई की गुहार लगाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को उन विभिन्न लोगों की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिनके नाम पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से काट दिए गए थे, इनमें लगभग 65 चुनाव ड्यूटी अधिकारी भी शामिल थे।

### सात महीने की प्रेग्नेंट नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सात महीने से ज्यादा की प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की इजाजत दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं है। जरूरी यह है कि लड़की क्या चाहती है। अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती, तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि इस स्टेज पर अबॉर्शन करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ आपसी सहमति से संबंध के बाद प्रेग्नेंट हुई थी।

## पवन खेड़ा की जमानत याचिका खारिज

- गुवाहाटी हाईकोर्ट ने दिया कांग्रेस नेता को जोरदार झटका

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया।

यह मामला असम सीएम सरमा की पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका में 50 हजार करोड़ की कंपनी होने के आरोप से जुड़ा है। खेड़ा ने यह आरोप 5 अप्रैल को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए थे। इसके बाद असम सीएम की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा ने पवन खेड़ा के खिलाफ गुवाहाटी में एफआईआर दर्ज कराई थी। कांग्रेस नेता ने एफआईआर के खिलाफ तेलंगाना हाईकोर्ट में ट्रांजिट जमानत की अपील की थी।




# कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना

## ट्रम्प के विवादित पोस्ट पर ईरान ने कसा तंज, भारत की तारीफ में कही बड़ी बात

- ईरानी वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर महाराष्ट्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया

**मुंबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद बड़ा कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। ट्रम्प ने एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को नरक जैसे देश कहा गया था और अमेरिका की नागरिकता नीति में बदलाव की मांग की गई थी। इस बयान के बाद ईरान ने ट्रम्प पर तंज कसा है।

भारत के मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महाराष्ट्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया और कहा कि ट्रम्प को यहां की यात्रा सांस्कृतिक डिटाक्स की तरह करनी चाहिए। पोस्ट में लिखा गया कि शायद किसी को ट्रम्प के लिए एक वन-वे कल्चरल डिटाक्स बुक कर देना चाहिए, जिससे उनकी बिना मतलब की बयानबाजी कम हो सके। साथ ही लिखा गया कि कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब ट्रम्प ने अमेरिकी टिप्पणीकार माइकल सैवेज के एक पॉडकास्ट को रीपोस्ट किया, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया कि इन देशों से लोग अमेरिका आकर बच्चे पैदा कर लेते हैं, ताकि उन्हें नागरिकता मिल जाए। बता दें कि इससे पहले भारत ने भी ट्रम्प के इस पोस्ट पर करारा जवाब दिया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे गलत जानकारी, अनुचित और खराब स्वाद वाला बयान बताया। मंत्रालय ने कहा कि यह टिप्पणी भारत-अमेरिका रिश्तों की वास्तविकता को नहीं दर्शाती, जो आपसी सम्मान और सहयोग पर आधारित हैं। बाद में स्थिति को संभालने के लिए अमेरिकी दूतावास ने सफाई दी।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वाशिंगटन में हुई सार्थक चर्चा

- बातचीत जारी रखेंगे दोनों पक्ष

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच फरवरी में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने के बारे में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच वाशिंगटन में इसी सप्ताह हुई बातचीत को भारत ने 'दूरदर्शी और सार्थक' बताते हुए कहा है कि दोनों पक्ष बातचीत को इसी गति के साथ जारी रखेंगे।

बीटीए पर आधिकारिक बातचीत के लिए भारतीय अधिकारियों की टीम 20 से 23 अप्रैल तक वाशिंगटन की यात्रा पर थी। वाणिज्य मंत्रालय ने इस बातचीत के बारे में शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि बैठकें रचनात्मक और सकारात्मक माहौल में आयोजित की गईं। इनमें सार्थक और दूरदर्शी चर्चाएं हुईं, जिससे प्रमुख मुद्दों पर प्रगति संभव हुई। दोनों पक्ष ने आगे बढ़ते हुए इस गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

# केदारनाथ धाम में सरकारी संपत्ति से तोड़फोड़

**■ अज्ञात अराजक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के बीच कुछ अराजक तत्वों ने सरकारी सुविधाओं को निशाना बनाकर व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की है। धाम क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों और पानी के नलों में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

सुलभ इंटरनेशनल के सुप. रवाइजर मिंटू पाठक की तहरीर के अनुसार, केदारनाथ के हेलीपैड क्षेत्र, घोड़ा पड़ाव और हाट बाजार सहित विभिन्न सेक्टरों में सरकारी संपत्ति को जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया गया है।

अराजक तत्वों ने पांच शौचालयों के दरवाजे तोड़े, 12 पानी के नल और करीब 60 सिस्टर्न (फ्लश सिस्टम) को क्षतिग्रस्त किया। बेस कैंप और पंजाब सिंध भवन के पास स्थापित जन-सुविधाओं को भी भारी नुकसान पहुंचाया। कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 के तहत मुकदमा संख्या 07/2026 दर्ज किया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषियों की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस ने घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि केदारनाथ धाम की गरिमा और जन-सुविधाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे धाम की सुविधाओं का संरक्षण करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। यात्रा को सुचारु बनाने के लिए दिन-रात काम किया जा रहा है। ऐसे में सरक. ारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना अक्षम्य अपराध है। दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## केदारधाम में 'सुपर एक्शन मोड' में प्रशासन, डीएम ने खुद संभाली कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में इस बार यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्ती के मूड में है। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने खुद मोर्चा संभालते हुए लगातार दूसरी बार धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं की जमीनी समीक्षा की और साफ संकेत दे दिए अब किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

धाम पहुंचते ही डीएम ने यात्रा मजिस्ट्रेट, सेक्टर व सब-सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, पेयजल, विद्युत, पशुपालन और सुलभ विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक कर पिछले दो दिनों की यात्रा का फीडबैक लिया। अधिकारियों के अनुभव सुनने के बाद उन्होंने



व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत, तेज और श्रद्धालु-केंद्रित बनाने के लिए कड़े निर्देश जारी किए।

सबसे बड़ा फैसला लेते हुए डीएम ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में यूट्यूबर और ब्लॉगर द्वारा ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही यात्रा के खिलाफ किसी भी प्रकार के भ्रामक वीडियो, ब्लॉग या रील बनाने वालों पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। जिला सूचना अधिकारी को 24 घंटे निगरानी रखते हुए ऐसे मामलों पर तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं।व्यवस्थाओं में तेजी लाने के लिए स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली और सुलभ सेवाओं से जुड़े सभी कर्मचारियों को 24ग्7 अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। किसी भी शिकायत की स्थिति में संबंधित विभाग को सिर्फ 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर समाधान सुनिश्चित करना अनिवार्य किया गया है।डीएम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धालुओं के साथ मधुर, संयमित और सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यात्रा की छवि और श्रद्धालुओं का अनुभव सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए हर स्तर पर संवेदनशीलता और तत्परता जरूरी है। इसके साथ ही बीकेटीसी के कार्मिकों को प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए दर्शन व्यवस्था को निर्बाध, तेज और सुगम बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस बार केदारनाथ यात्रा में प्रशासन पूरी ताकत और सख्ती के साथ मैदान में है। हर गतिविधि पर पैनी नजर है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई तय है।

## डाट पुलिया ढही, बिरोबाड़ी का सम्पर्क कटा

**कोटद्वार।** रिखणीखाल प्रखण्ड की ग्राम पंचायत काण्डा के तोक ग्राम बिरोबाड़ी में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय दियोड़ से मात्र दस मीटर की दूरी पर स्थित डाट पुलिया अचानक शाम को ढहने से आवाजाही बाधित हो गई । सायंकाल को जब बच्चे क्रिकेट खेलकर वापस आ रहे थे तो कुछ बच्चों के पार जाने पर ही पुलिया की दीवार छिटककर ढह गई ।प्रत्यक्षदर्शियों आशीष सोनू, धनपाल, दीपक ने बताया कि पुलिया की अचानक धड़ाम आवाज से वह कुछ देर स्तब्ध रह गए । गौरतलब है कि पुलिया दस वर्ष पहले बनी थी उसका स्पान व रौले की गहराई ज्यादा होने से दीवार किनारों से खोखली होती रही। उक्त मार्ग पर जवाड़ियूंरौल -दियोड़, भैंस्यारौ, बिरोबाड़ी, बसुसेरा से लगभग बाईस स्कूली बच्चे पढ़ने जाते हैं तथा यह पैदल रास्ता दियोड़, जुई, पापड़ी सेरा, नौदानूं, कर्तिया का सम्पर्क मार्ग है। राहगीरों व स्कूली बच्चों को गहरे रौले में उतरकर उस पार जाने पर खासा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत प्रधान बिनीता ध्यानी का कहना है कि जल्द ही ग्राम पंचायत निधि या किसी भी मद से निर्मित किया जायेगा।

# केदारनाथ यात्रा पर भ्रामक रील बनाने वालों पर सख्ती

**■ सोनप्रयाग कोतवाली में तीन मुकदमे दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं और भड़काऊ रील्स प्रसारित करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया। कोतवाली सोनप्रयाग में ऐसे तीन मामलों में मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यात्रा की छवि खराब करने वालों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी।

केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर के निर्देशन में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल 24 घंटे सक्रिय है। निगरानी के दौरान पुलिस को ऐसी कई रील्स और वीडियो मिले, जिनमें दर्शन व्यवस्थाओं को लेकर तथ्यहीन और भड़काऊ दावे किए जा रहे थे। इन पोस्टों का उद्देश्य न केवल श्रद्धालुओं को भ्रमित करना था, बल्कि यात्रा की गरिमा को भी ठेस पहुँचाना था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोनप्रयाग पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की। पुलिस अब इन वीडियो को अपलोड करने वालों की पहचान कर रही है। साथ ही, कई अन्य संदिग्ध सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस ने यात्रियों और आम जनता से सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले किसी भी अपुष्ट वीडियो या फोटो पर तुरंत विश्वास न करने, यात्रा से जुड़ी सटीक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सरकारी स्रोतों का ही उपयोग करने, तथा बिना पुष्टि के कोई भी संदेश साझा न करने की अपील की। अन्यथा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। केदारनाथ धाम की यात्रा करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। यात्रा की गरिमा बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। भ्रामक प्रचार कर व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पहाड़ों के लिए हेली सेवा बनी संजीवनी नौगांव एओ रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांव/उत्तरकाशी।** यमुना घाटी के अस्पताल विषेशज्ञ डॉक्टर ने होने के कारण यहां के अस्पताल रेफर सेंटर बनकर रह गए हैं। रेफर शब्द ही मरीजों के खुद दम तोड देता है।

शुक्रवार को नौगांव नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी कुमारी शिवानी रावत की अचानक तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, उन्हें पैरालाइज अटैक आने के कारण स्थिति तेजी से बिगड़ गई। परिजनों व प्रशासन की तत्परता से उन्हें तुरंत नगर पंचायत की गाड़ी से देहरादून के लिए रवाना किया गया, लेकिन रास्ते में चामी के पास उनकी हालत और ज्यादा गंभीर हो गई। स्थिति की नाजुकता को देखते हुए तत्काल हेली सेवा की मदद ली गई। आपातकालीन व्यवस्था के तहत चामी से हेलीकॉप्टर के माध्यम से उन्हें देहरादून स्थित दून अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जिससे समय रहते मरीज को उच्च चिकित्सा सुविधा मिल पाई। कुमारी शिवानी रावत, गोविंद सिंह की पुत्री एवं ग्राम किसाला, तहसील बड़कोट की निवासी हैं। क्षेत्रीय लोगों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है और इस कठिन समय में प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की तत्परता की सराहना की है।

# केदारनाथ धाम में फर्जी दानपात्र जब्त

**■ डीएम ने श्रद्धालुओं से लिया फीडबैक, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विशाल मिश्रा एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं और श्री केदारनाथ धाम यात्रा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए लगातार मैदान में सक्रिय हैं। इसी क्रम में उन्होंने हेली सेवाओं की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने केदारनाथ स्थित हेलीपैड पहुंचकर हेली सेवाओं के संचालन, श्रद्धालुओं की आवाजाही, सुरक्षा प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के



दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं से सीधे संवाद कर फीडबैक भी लिया। श्रद्धालुओं ने हेली सेवा, दर्शन व्यवस्था और प्रशासनिक प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं की सराहना की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के साथ आत्मीय व्यवहार करते हुए बाबा केदार का प्रसाद भी ग्रहण किया, जिससे यात्रियों के बीच सकारात्मक संदेश गया।वहीं, पूरे दिन चले निरीक्षण अभियान के दौरान मंदिर परिसर में एक फर्जी दानपात्र पाए जाने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। जिलाधिकारी के निर्देश पर उक्त दानपात्र को बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के माध्यम से तत्काल जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट किया गया कि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग एवं धाम क्षेत्र में सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखी जाएं तथा श्रद्धालुओं के साथ सौम्य और सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राप्त हो रहे फीडबैक के आधार पर व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार किया जा रहा है।

## एक नजर .......

### वैशाख पूर्णिमा को खुलेंगे लाटूधाम के कपाट, तैयारियां तेज

**थराली।** आगामी 1 मई को बैसाख पूर्णमासी के के अवसर पर सिद्धपीठ वांण के कपाट खोले जाएंगे। पहली बार इस मौके पर दो दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाएगा। आगामी 1 मई को बैसाख पूर्णमासी के मौके पर विकास खंड देवाल के अंतर्गत वांण गांव स्थित प्रसिद्ध लाटू धाम के कपाट दोपहर 1 बजें आगामी छह माह के लिए लाटू भक्तों के लिए खोले जाएंगे, इस साल पहली बार दो दिवसीय लाटू देवता जागृतिक पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव के बैनर तले 1 एवं 2 मई को मेले का आयोजन किया जाएगा। कपाटों उद्घाटन एवं मेले की तैयारियों को लेकर मेंला कमेटी के अध्यक्ष कृष्णा बिष्ट की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजन की गई, जिसमें तैयारियों को लेकर बृहद रूप से चर्चा की गई। बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक सौरभ मैठाणी,विवेक नौटियाल,वीरू जोशी, कुंदन बिष्ट, मोनिका,देवराज आगरी, कुंवर नेगी आदि गायक एवं गायिकाएं प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर मेला संरक्षक कृष्णा सिंह, ग्राम प्रधान नंदूली देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमा देवी, आदि मौजूद रहे।

### केदारनाथ धाम में पुलिस की तत्परता से मिला खोया मासूम

**रूद्रप्रयाग।** चौकी केदारनाथ क्षेत्र में तैनात पुलिस बल को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि केदारनाथ यात्रा के दौरान एक 5 वर्षीय बालक अपने परिजनों से बिछड़ गया है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी सुशील थपलियाल एवं मुख्य आरक्षी आनन्द गिरि ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संवे. दनशीलता और सजगता का परिचय दिया। पुलिस टीम ने तत्परता से खोजबीन कर बालक को चंद घंटों के भीतर सुरक्षित ढूंढ निकाला और उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपने पुत्र लक्ष्य (उम्र 5 वर्ष) को सकुशल पाकर परिजनों, विशेषकर उसकी माता, ने राहत की सांस ली और पुलिस प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उक्त परिवार राजस्थान के जिला पाली के थाना रानी क्षेत्र के ग्राम रानी से केदारनाथ धाम की यात्रा पर आया था। बाबा केदार के दर्शन करने के पश्चात परिवार सकुशल अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गया। केदारनाथ धाम में तैनात पुलिस बल की इस मानवीय और सराहनीय पहल से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिस हर समय मुस्तैद है।



### स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की सभी इकाइयों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा को सुचारु और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी (यमुनोत्री यात्रा मार्ग) डॉ. आर. सी. आर्य ने जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डामटा, साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कोट, दोबाटा स्क्रीनिंग प्वाइंट, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरादी, राणाचट्टी और जानकीचट्टी का दौरा कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों की स्थिति और तैनात स्टाफ की उपस्थिति की गहन समीक्षा की गई। डॉ. आर्य ने सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने विशेष रूप से आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त दवाएं और संसाधन उपलब्ध रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य इकाइयों में साफ-सफाई, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि यात्रियों को समय पर बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। चारधाम यात्रा को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है और व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने में जुटा हुआ है।

### हिमालय पुत्र बहुगुणा की जयंती पर स्मृति व्याख्यान आज

**श्रीनगर।** हिमालय पुत्र, स्वतंत्रता सैननानी एवं उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की 107वीं जयंती के अवसर पर गढ़वाल विवि में स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपीएस गुसांई ने बताया कि 25 अप्रैल को गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के एसीएल सभागार में हिमालय पुत्र, स्वतंत्रता सैननानी एवं उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेम. वती नंदन बहुगुणा कि स्मृति में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

बताया कि कार्यक्रम में उत्तराचंल साप्ताहिक समाचार के प्रधान संपादक एवं राज्य योजना आयोग के पूर्व सदस्य सोमवारी लाल उनियाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बताया कि इस मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश एवं अन्य अतिथियों द्वारा गढ़वाल विवि के प्रशासनिक भवन में लगी हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण करेंगे।

# खेल प्रेमियों के लिए खुला गया श्रीकोट स्टेडियम

**■ डेढ़ साल में स्टेडियम का निर्माण कार्य पूर्ण, खेल प्रेमियों में उत्साह ■ खेल विभाग पौड़ी को हैंडओवर की प्रक्रिया शुरू की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** खेल प्रेमियों व उभरते खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। शहर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। ढेड साल से अधिक समय से बंद पड़ा श्रीकोट गंगानाली स्थित सीडीएस विपिन रावत स्टेडियम खेल प्रेमियों के लिए खुल गया है। स्टेडियम का निर्माण कार्य पूर्ण होने से अब खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। स्टेडियम में लगभग 8 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से 400 मीटर का 8 लेन वाला सिंथेटिक ट्रैक बनाएं गये है। सिंथेटिक ट्रैक में उपयोग होने वाली सामग्री विदेश से आयातित की गई है। जिसमें विशेष प्रकार की रबर और केमिकल शामिल हैं। यह ट्रैक अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार गया है। जिससे खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता की प्रशिक्षण सुविधा मिल सकेगी। ट्रैक के निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म मिलेगा, जिससे वे राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खुद को तैयार कर सकेंगे। अब तक खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाओं के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। वहीं स्टेडियम खुलने से स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों ने भी खुशी जाहिर की है। स्थानीय निवासी संजय कुमार फौजी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लम्बे समय से निर्माणाधीन होने के बाद स्टेडियम खेल प्रेमियों के लिए खोल दिया गया है। बताया कि स्टेडियम में अभ्यास करने के लिए खिलाडियों को पहले पंजीकरण के माध्यम से ही प्रवेश मिलेगा।

> ''श्रीकोट गंगानाली में सीडीएस विपिन रावत स्टेडियम को खिलाडियों के लिए खोल दिया गया है। अभी स्टेडियम को खेल विभाग के अधिन किए जाने की कार्यवाही की जा रही है।''
>
> **रोहित बलूरी, जेई, पेयजल निगम, देहरादून।**

# पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 से

**■ गढ़वाल विवि ने की यूईटी की अधिसूचना जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (यूईटी) की अधिसूचना जारी कर दी है। इस परीक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय अपने तीनों परिसरों एवं 50 से अधिक संबद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में संचालित बीएड., एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीलिब., एम.लिब, एलएलबी सहित समस्त स्नातकोत्तर डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश देगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि एमए., एमएससी, एमकॉम., एमसीए, एमटेक., एमफार्मा, एमएसडब्ल्यू, एलएलबी, एलएलएम, बीएड, एमएड., बीपीएड., एमपीएड, बीलिब, एमलिब एवं पीजी डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 27 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया कि आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा पूरी तरह बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित होगी।

# अब आयुर्वेद से होगा असाध्य रोगों का समाधान

**■ जनपद में रुद्रा आयुर्वेद केंद्र का शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपदवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक नई पहल हुई है। मुख्यालय के सुविधानगर में रुद्रा आयुर्वेद (पाइल्स एंड पंचकर्म सेंटर) का भव्य शुभारंभ हो गया है। इस केंद्र के खुलने से अब स्थानीय निवासियों को जटिल व पुरानी बीमारियों के उपचार के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

इस केंद्र का संचालन क्षेत्र के अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश रावत और डॉ. उमेश बिष्ट की ओर से किया जा रहा है। इन चिकित्सकों को आयुर्वेद की प्राचीन क्षारसूत्र पद्धति और पंचकर्म चिकित्सा में विशेष विशेषज्ञता प्राप्त है। इस अवसर पर चिकित्सकों ने कहा कि उनका लक्ष्य आयुर्वेद की शक्ति से लोगों को बीमारियों से प्राकृतिक और स्थाई मुक्ति दिलाना है।रुद्रा आयुर्वेद केंद्र में मुख्य रूप से उन बीमारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिनसे लोग अक्सर लंबे समय तक पीड़ित रहते हैं। केन्द्र में क्षारसूत्र पद्धति से पाइल्स , भगंदर और फिशर जैसी बीमारियों का जड़ से सुरक्षित इलाज, पंचकर्म चिकित्सा से घुटनों के दर्द के लिए जानू बस्ती, कमर दर्द के लिए 'कटी बस्ती' और सर्वाइकल के लिए 'ग्रीवा बस्ती' जैसी विशेष सेवाएं, मानसिक शांति के लिए शिरोधारा के माध्यम से पुराने सिरदर्द और मानसिक तनाव का उपचार तथा शरीर शुद्धि के लिए अभ्यंग-स्वेदन द्वारा शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालकर रक्त संचार में सुधार की सूविधा उपलब्ध है।

**पहाड़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगी मजबूती**

पहाड़ी जिले में इस तरह के सुसज्जित आयुर्वेदिक केंद्र का खुलना स्वास्थ्य क्षेत्र में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से जटिल रोगों का उपचार मिलने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

# गुरुजी नशे में टुन, वीडियो वायरल शिक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**■ ग्रामीणों ने की शासन-प्रशासन से शिक्षक के खिलाफ ठोस कार्यवाही की माँग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पुरोला/ उत्तरकाशी। मोरी विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज दोंणी से सामने आए एक वायरल वीडियो ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है। वीडियो में विद्यालय के एक शिक्षक कथित रूप से शराब के नशे में दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई एक दिन की घटना नहीं, बल्कि उनकी नियमित आदत बन चुकी है।

ग्रामीणों में इस मामले को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि लंबे समय से शिक्षक के व्यवहार को लेकर शिकायतें की जाती रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या बच्चों का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। पहले से ही मोरी क्षेत्र के सरकारी विद्यालय संसाधनों की कमी, शिक्षकों के अभाव और अव्यवस्थाओं के कारण चर्चा में रहे हैं। इस घटना ने हालात को और गंभीर बना दिया है। ग्रामीणों का दर्द भी साफ झलकता है, वे पूछ रहे हैं कि आखिर वे अपने बच्चों को शिक्षा के लिए भेज रहे हैं या उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस पूरे प्रकरण ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या विभाग सिर्फ काग. जों में ही स्कूलों का संचालन कर रहा है?

क्या ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला जाएगा? क्षेत्रीय जनता ने मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि शिक्षा व्यवस्था में लोगों का विश्वास कायम रह सके।

# रेलवे प्रभावितों को मुआवजा वितरण न होने पर आक्रोश

**■ तहसील में दिया सांकेतिक धरना, प्रभावितों की रिपोर्ट एसएलएओ कार्यालय भेजे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा न मिलने पर शुक्रवार को कीर्तिनगर तहसील में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान रेलवे प्रभावितों ने कहा कि लम्बे समय से वह मुआवजा की मांग कर रहें है, लेकिन अभी तक ग्रामीणों को मुआवजा देने के बाजय केवल गुम. राह करने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य चिलेडी उत्तम असवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजयंत निजवाला ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना से प्रभावित रानीहाट, नैथाणा, देवली, घिल्डि़याल गांव, जाखणी, मलेथा और लक्ष्मोली में तीन-तीन बार सर्वे हो चुका है। बताया कि रेलवे विकास निगम द्वारा विशेष भूमि अध्याप्ति विभाग टिहरी से 3.5 करोड़ रूपये भी जारी कर दिए गये है, लेकिन तीन से चार वर्ष पूर्ण होने के बाद भी ग्रामीणों को मुआवजा नहीं मिल पाया है। धरना प्रदर्शन में पूर्व जिला पंचायत सदस्य महिपाल सिंह बुटोला, श्याम लाल आर्य, मोहनानंद डोभाल, चिरंजी लाल पुंडीर, रघुवीर भंडारी, निति राज, रामलाल नौटियाल, रश्मि रावत, प्रदीप गोदियाल, अचल नेगी, अरुण नेगी सहित आदि मौजूद थे।

# 'मित्र पुलिस' की मिसाल: खोया सामान लौटाकर जीता श्रद्धालुओं का दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान उत्तराखण्ड पुलिस एक बार फिर अपनी तत्परता, ईमानदारी और सेवा भावना के लिए चर्चा में है। अलग-अलग घटनाओं में पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं का खोया हुआ पर्स और मोबाइल फोन ढूंढकर सकुशल वापस लौटाया, जिससे यात्रियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, केदारनाथ मंदिर परिसर में एक श्रद्धालु का पर्स कहीं गिर गया था। ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी चन्द्रप्रकाश ने सक्रियता दिखाते हुए पर्स को खोज निकाला और सुरक्षित



उसके स्वामी को सौंप दिया। पर्स में रखी नगदी भी सुरक्षित पाई गई।

इसी क्रम में, कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने नासिक (महाराष्ट्र) से आई महिला यात्री श्रीमती शर्मिला वेद प्रकाश पाण्डे का खोया हुआ पर्स और मोबाइल फोन बरामद कर सराहनीय कार्य किया। डायल 112 के माध्यम से सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल आनंद गिरी गोस्वामी एवं हेड कांस्टेबल सुशील थपलियाल ने तत्काल खोजबीन शुरू की। तकनीकी सहायता और स्थानीय स्तर पर सक्रियता के चलते पुलिस टीम ने कुछ ही समय में दोनों सामान बरामद कर महिला को सुपुर्द कर दिया। इसके अतिरिक्त, केदारनाथ धाम में ड्यूटीरत आरक्षी दीपक भारती ने भी एक श्रद्धालु का खोया हुआ मोबाइल फोन खोजकर वापस लौटाया। इन घटनाओं ने एक बार फिर यह साबित किया है कि उत्तराखण्ड पुलिस न केवल सुरक्षा में तत्पर है, बल्कि सेवा और संवे. दनशीलता में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।

अपना खोया हुआ सामान वापस पाकर श्रद्धालुओं ने पुलिस की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की और 'मित्र पुलिस' की छवि को मजबूत बताया। यात्रियों ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी पुलिस की तत्परता और सहयोग से यात्रा अनुभव और अधिक सुरक्षित व सुखद बन रहा है।

# डिजिटल जनगणना 2027: आज से घर-घर जाएंगे प्रगणक

## उत्तराखंड में 25 अप्रैल से 24 मई तक चलेगा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में डिजिटल जनगणना 2027 के प्रथम चरण का फील्ड कार्य 25 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का महाअभियान 25 अप्रैल से 24 मई तक चलेगा।

शुक्रवार को जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की और से जनगणना 2027 के प्रथम चरणख्रमकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियों को लेकर हरिद्वार रोड स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता पीआईबी देहरादून के सहयोग से आयोजित की गई। इस अवसर पर निदेशक (जनगणना कार्य निद. ेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार) इवा आशीष श्रीवास्तव ने अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इवा आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तराखंड में 10 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 के बीच 62,000 से अधिक नागरिकों ने डिजिटल माध्यम से स्व-गणना पूरी की। इसमें देहरादून जिला




■ 62,000 से अधिक लोगों ने स्व-गणना में लिया भाग; देहरादून जिला रहा अग्रणी ■ 20,859 प्रगणक एवं 3,670 पर्यवेक्षक पूरी तरह प्रशिक्षित और तैनात ■ देहरादून में की 10,884 लोगों ने स्व-गणना ■ उत्तराखंड में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना में तकरीबन 30,000 प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों की होगी नियुक्ति ■ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना में तकरीबन 32,000 मकानसूचीकरण ब्लाकों में घर-घर जाकर गणना की जाएगी: इवा आशीष

अग्रणी रहा, जहाँ 10,884 लोगों ने स्व-गणना की। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए 20,859 प्रगणकों तथा 3,670 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन सभी को 555 प्रशिक्षण बैंचों में विभाजित कर पूर्णत: प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें विशेष रूप से विकसित एचएलओ मोबाइल एप पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है। इवा आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि डिजिटल नवाचार के तहत एचएलबीसी पोर्टल के माध्यम से पूरे राज्य को 29,567 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स में विभाजित कर उनके डिजिटल मानचित्र तैयार किए गए हैं। इन मानचित्रों का उपयोग प्रगणक फील्ड कार्य के दौरान करेंगे। इस कार्य को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए सभी जिलाधिकारियों, अधिकारियों एवं जिला समन्वयकों की सराहना की गई। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का आवंटन सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह डिजिटल रूप में किया गया है। प्रगणक जैसे ही मोबाइल एप पर लॉगिन करेंगे, उन्हें अपने आवंटित क्षेत्र की जानकारी मानचित्र सहित प्राप्त होगी।निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय इवा आशीष श्रीवास्तव ने घोषणा करते हुए कहा कि 25 अप्रैल से "हर द्वार, दस्तक" अभियान के तहत पूरे राज्य में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ होगा, जो 24 मई 2026 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि यह चरण जनगणना 2027 की आधारशिला है, जिसके अंतर्गत प्रगणक प्रत्येक घर और भवन का दौरा कर 33 प्रश्नों के माध्यम से सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों से संबंधित डेटा एकत्र करेंगे। यह जनगणना भारत के इतिहास में पहली बार पूर्णत: मोबा. इल एप आधारित डिजिटल प्रणाली के माध्यम से संपन्न की जा रही है, जो डिजिटल इंडिया अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इस अवसर पर भारत सरकार के जनगणना निदेशालय एस. एस. नेगी (संयुक्त निदेशक), तान्या सेठ (उप निदेशक), आर. के. बनवारी (उप निदेशक), प्रवीण कुमार (उप निदेशक) सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### निदेशक ने की प्रगणकों को पूर्ण सहयोग की अपील

इवा आशीष ने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस दौरान साइबर धोखाधड़ी से बचने वालों की लेकर भी प्रदेश में काम कर रहे हैं। निदेशक इवा आशीष ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील की कि वे प्रगणकों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें और सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान को सफल बनाने में योगदान दें।

# 25 बिंदु कार्यक्रम वर्ष 2025-26 की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रत्येक जनपद के सभी बिंदुओं पर विस्तार से ली जानकारी

देहरादून। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में 25 बिंदु कार्यक्रम 2025-26 की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने प्रत्येक जनपद के सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने 25 बिंदु कार्यक्रम के वर्ष 2026-27 के लिए शीघ्र लक्ष्य निर्धारित किए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि विभागों द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए सभी जनपदों के लिए टारगेट अगले एक महीने में निर्धारित करते हुए पोर्टल में अपडेट कर लिए जाएँ। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों की अपनी जनपदों में अलग अलग समस्याएं हैं, चौलेंज हैं। जनपदों को अपने फोकस एरिया निर्धारित करते हुए अपने लक्ष्य निर्धारित किए जायें।

मुख्य सचिव ने कहा कि सचिव, विभागाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अपने लक्ष्यों को निर्धारित करते हुए कार्ययोजना तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि सभी इंडिकेटर्स के वर्षभर के लक्ष्य निर्धारित करते हुए मासिक लक्ष्य निर्धारित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक माह इसकी समीक्षा की जाएगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि वन विभाग से सम्बन्धित लक्ष्यों को सभी जनपदों के लिए निर्धारित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देशी - विदेशी पर्यटकों की संख्या के लक्ष्य बढ़ाए जाने पर फोकस किया जाए। उन्होंने विभाग को ऐसे जनपदों, जहां ईको टूरिज्म की योजनाएं नहीं चल रही हैं, को भी ईको टूरिज्म योजनाओं में शामिल किए जाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में गवर्नेंस एंड जस्टिस के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है, परंतु अभी बहुत संभावनाएं हैं। इस दिशा में कार्य किए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम एवं सचिव नितेश कुमार झा सहित सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी एवं जनपदों से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए उत्तराखंड सरकार प्रतिबद्ध : जोशी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

■ लखनऊ में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन के शुभारम्भ कार्यक्रम में शामिल हुए कृषि मंत्री

**देहरादून /लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज लखनऊ में केंद्रीय कृषि मंत्री शिव. राज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन के शुभारम्भ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

सम्मेलन के दौरान आयोजित विषयगत सत्रों में किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, बागवानी की संभावनाएं, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन तथा डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के अंतर्गत किसान रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा और चर्चा की गई। इन सत्रों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड सहित छह राज्यों तथा दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि एवं बागवानी मंत्रीगण शामिल हुए। साथ ही प्रगतिशील किसानों, केवीके, स्टार्टअप, एफपीओ, वैज्ञानिकों, नाबार्ड, बैंकों और प्रसंस्करण इकाइयों की सक्रिय भागीदारी रही।

इस अवसर पर कृषि मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक निवेश के माध्यम से चहुंमुखी विकास किया जा रहा है, जिसमें कृषि एवं उद्यानिकी प्रमुख हैं। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक एवं कृषि जलवायु परिस्थितियां विविध फसलों के उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 1.71 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में औद्यानिक फसलें उगाई जा रही हैं, जिससे 11. 15 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हो रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य में लगभग 3,320 मीट्रिक टन शहद और 27,390 मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन किया जा रहा है। मशरूम उत्पादन में उत्तराखंड देश में पांचवें तथा शहद उत्पादन में आठवें स्थान पर है। कृषि मंत्री जोशी ने कि किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सेब की अति सघन बागवानी को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही मिलेट्स पॉलिसी, कीवी नीति और ड्रैगन फ्रूट खेती के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजकीय उद्यान चौबटिया में 10 करोड़ रुपये की लागत से सेब, अखरोट, खुबानी एवं प्लम फसलों पर आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त जापान के सहयोग से 526 करोड़ रुपये की उत्तराखंड एकीकृत औद्यानिक विकास परियोजना टिहरी, उत्तरक. ाशी, नैनीताल और पिथौरागढ़ जनपदों में संचालित की जा रही है।


# टिहरी वाहन दुर्घटना पर पीएम ने जताया शोक , आर्थिक सहायता की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ मुख्यमंत्री राहत कोष से भी मिलेगी मृतकों और घायलों को मदद

**देहरादून।** टिहरी गढ़वाल जनपद में हुई वाहन दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की गई है।

राज्य सरकार द्वारा भी उत्तराखंड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत नियमावली के तहत मृतक आश्रितों को 2-2 लाख रुपये सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भी मृतक आश्रितों को 3-3 लाख रुपये और गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस दुखद घड़ी में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों से लगातार संपर्क बनाए रखने और उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# बागेश्वर जनपद में विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

## कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा की अध्यक्षता में बैठक, जिला योजना में 59.61 करोड़ का परिव्यय स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राम सिंह कैड़ा की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित वार्षिक जिला योजना की महत्वपूर्ण बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद का कुल 5961.00 लाख रुपये का विभागवार परिव्यय निर्धारित कर कार्ययोजना को मंजूरी दी गई। बैठक की शुरुआत में आकांक्षा कोंडे ने प्रभारी मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए निर्धारित बजट के उपयोग और आगामी कार्यों की रूपरेखा साझा की। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि समन्वित




प्रयास और पारदर्शी कार्यप्रणाली के माध्यम से ही जनपद को विकास की अग्रिम पंक्ति में लाया जा सकता है। साथ ही, सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक से पहले मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और महिला समूहों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पार्वती दास, सुरेश गड़िया, शिव सिंह बिष्ट, भूपेश उपाध्याय, शोभा आर्या, आर.सी. तिवारी, जितेंद्र मेहरा, आदित्य रत्न, दिनेश रावत सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### कैबिनेट मंत्री कैड़ा का भाजपा जिला कार्यालय में स्वागत

**बागेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया की अध्यक्षता में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, राज्य मंत्री शिव सिंह



बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष भूपेश सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि शहर की सभी समस्याओं का समाधान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मिलकर किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सीवर लाइन, जंगलों में आग जैसी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मीडिया से वार्ता करते हुए मंत्री कैड़ा ने बताया कि वनाग्नि की घटनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गई है और प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों के साथ समन्वय बनाकर ही वन संरक्षण संभव है। जिला मुख्यालय में लंबित सीवर लाइन की मांग पर उन्होंने कहा कि इसका प्लान तैयार किया जा चुका है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में प्रदेश के सभी जनपदों में जहां सीवर लाइन नहीं है, वहां निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। चारधाम यात्रा को लेकर उठ रहे सवालों पर मंत्री ने कहा कि सरकार पूरी तरह तैयार है। स्वयं मुख्यमंत्री कई बार यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर चुके हैं और अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए जगह-जगह पॉकेट पार्किंग भी बनाई गई हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में पहुंच रहे हैं। बागेश्वर में जलागम परियोजनाओं के बंद होने के बावजूद मंत्री ने अधिकारियों को पिछले दस वर्षों की योजनाओं का लाभ उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों में चाल-खाल जैसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम में सभी ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### जिले में जनगणना को लेकर तैयारियां तेज

**बागेश्वर।** जनपद बागेश्वर में जनगणना 2027 की तैयारियां प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर पूरी की जा रही हैं। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है, ताकि वे फील्ड में सटीक और त्रुटिरहित आंकड़े एकत्र कर सकें। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक प्रगणक और सुपरवाइजर घर-घर जाकर भवनों की गणना का कार्य करेंगे। इस दौरान कार्य को सुचारू और प्रभावी बनाने के लिए सभी कर्मियों को जनगणना किट भी वितरित कर दी गई है। इसके साथ ही, आमजन की सुविधा के लिए 10 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी, जिसे जिले में अच्छा प्रतिसाद मिला। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 4,877 लोगों ने इस डिजिटल माध्यम से अपनी गणना पूरी की है। जिले का कुल पूर्णता प्रतिशत 90.47 प्रतिशत दर्ज किया गया है। प्रशासन का मानना है कि स्व-गणना की इस पहल से फील्ड में काम कर रहे प्रगणकों को काफी मदद मिलेगी।

### मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण

**बागेश्वर।** डा. निष्ठा शर्मा कोहली ने जनपद में एक मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण कर दवाओं की गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण के दौरान औषधियों की एक्सपायरी, स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक सहित अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया गया। जांच में कुछ कमियां मिलने पर संचालक को सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दवाओं की बिक्री केवल पंजीकृत चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन पर ही की जाए और बिना प्रिस्क्रिप्शन दवा वितरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। निरीक्षण के दौरान दो दवाओं के सैंपल जांच के लिए लिए गए। इस मौके पर मुख्य फार्मेसी अधिकारी ओम प्रकाश रतूड़ी और चिकित्सा अधिकारी डा. एजल पटेल भी मौजूद रहे।

### ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर सम्पन्न

**काशीपुर।** ग्राम करनपुर स्थित सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान करणपुर हरिओम सुधा, परितोष मिश्रा सूर्या रोशनी, रेखा तिवारी प्रधानाचार्या, देवक. ीनंदन, लक्ष्मी भंडारी मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, क्षेत्र प्रमुख हिमांशु, स्वरोजगार प्रमुख भरत साह, कंप्यूटर शिक्षिका अमनदीप कौर, प्रिया, हेमा, संध्या को. हली सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर के दौरान बच्चों ने चित्रकला, मानचित्र निर्माण, आर्ट एंड क्राफ्ट, कबाड़ से जुगाड़, भाषण प्रतियोगिता, मिट्टी के खिलौने निर्माण, खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गति. विधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया।

### चेक बाउंस के दोषी को तीन माह की सजा

**काशीपुरा।** चेक बाउस के एक मामले में न्यायिक मजिट्रेट/सिविल जज (जू. डि) काशीपुर की अदालत ने आरोपी शाकिर पुत्र साबिर निवासी शक्ति नगर पूछड़ी को 3 माह के कारावास एवं 3,30,000 रुपये के जुरमाने की सजा सुनाई है। ग्राम मिस्सरवाला निवासी अब्दुल गफ्फार पुत्र मुख्तार अहमद ने अपने अधिवक्ता मौ. हसन के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज (जू.डि.) की अदालत में परीवाद दायर किया था। गफ्फार ने बताया कि शाक्ति नगर पूछड़ी थाना रामनार निवासी साबिर ने उन्हें एक प्लॉट बेचा था जिस का मालिका कोई और था उन्होंने एक लाख रुपये व्याना चेक से दिया और एक लाख बामना हजार रुपये नगद दिया एवं 53 हजार रुपये बुनियाद भरने मे खर्च किये। आरोपी ने कुल तीन लाख पांच हजार रुपये प्राप्त किये, लेकिन बेनामा काने में आनाकानी की। तकादा करने पर साकिर ने तीन लाख पांच हजार रूपये का चेक दिया जो कि बाउंस हो गया, नोटिस भेजने के भाद भी भुगतान नहीं किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज जूनियर डिवीजन पूनम टोडी की अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर साकिर को का दोषी पाया।

### ज्वैलर्स की दुकान में लगी आग

**काशीपुर।** एक ज्लैलर्स की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार आज दोपहर मेन बाजार में कोतवाली के निकट जीबी पंत इंटर कालेज के बाहर बनी महेश ज्वैलर्स की दुकान में आग लग गई, जिसकी सूचना तुरंत फायर बिग्रेड को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। माना जा रहा है कि आग शॉटसर्किट के कारण लगी होगी।

### कालाढूंगी के रुद्राक्ष नेगी ने जीता गोल्ड

**कालाढूंगी।** रुद्राक्ष नेगी ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जि-जुत्सु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह



प्रतियोगिता 20 से 25 अप्रैल तक भोपाल में आयोजित हुई। रुद्राक्ष ने कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से खेलते हुए 69 किग्रा वर्ग में विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। वह एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के छात्र हैं और पिछले तीन वर्षों से अपने कोच विनय जोशी के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं। उनकी इस सफलता पर विश्वविद्यालय व खेल विभाग के अधिकारियों, कोचों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

## भेटा गांव के गौरव लोहुमी बने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** विकासखंड गरुड़ के भेटा गांव निवासी युवक ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गांव के विनोद लो. हुमी के पुत्र गौरव लोहुमी भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। गौरव लोहुमी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बीएलएम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी से प्राप्त की।

वर्ष 2020 में उनका चयन एनडीए में हुआ और वर्ष 2023 में उन्होंने एनडीए, पुणे से पास आउट किया। इसके बाद वर्ष 2024 में एयर ोर्स एकेडमी, हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त कर फ्लाइंग ब्रांच में बतौर पायलट भारतीय वायुसेना में कमीशन हासिल किया। एयरफोर्स में अधिकारी बनने के बाद जब गौरव पहली बार अपने घर पहुंचे तो क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर गौरव ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन से पढ़ाई की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।

गौरव के पिता विनोद लोहुमी आईटीबीपी से सेवानिवृत्त हैं, जबकि माता निर्मला लोहुमी गृहिणी हैं। उनके छोटे भाई वर्तमान में हल्द्वानी में बीसीए की पढ़ाई कर रहे हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लो. हुमी, पूर्व प्रधान कृपाल लोहुमी, दिनेश चंद्र लोहुमी, अनिल लो. हुमी, पीताम्बर लोहुमी, खजान लोहुमी, हर्षित लोहुमी, नीरज, वैभव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## महापौर ने किया डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाली 8 सड़कों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली निरंतर विकास कार्यों को दिनरात तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। गड्ढा मुक्त काशीपुर बनाने के तहत उन्होंने वार्ड संख्या 2, जसपुर खुर्द में 1 करोड़ 58 लाख 10 हजार की लागत से बनने वाली 8 सड़कों के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। महापौर दीपक बाली ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और सड़क निर्माण कार्यों से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि काशीपुर क्षेत्र में करीब ढाई हजार सडकें बनाई जाएंगी जिनमें से अभी तक लगभग 900



सडकें बन रही है।

इसके साथ ही उन्होंने यूपीसीएल कार्यालय परिसर में 31 लाख 66 हजार की लागत से बनने वाली जल संचयन (वॉटर हार्वेस्टिंग) परियोजना का भी शिलान्यास किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता अजित यादव, पार्षद मनोज जग्गा, संजय शर्मा, मयंक मेहता, प्रकाश नेगी, एसडीओ महक मिश्रा, यूपीसीएल एसडीओ पंकज सिंह, दिग्पाल सिंह, नितिन रावत, रजनी रावत, जसवीर सिंह सैनी एवं चौधरी समरपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जिला योजना समिति के गठन बिना बैठक पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में जिला पंचायत सदस्यों ने तीन प्रमुख मुद्दों को लेकर प्रभारी मंत्री राम सिंह कैड़ा से मुलाक. ात कर जिला योजना की बैठक पर कड़ा विरोध जताया। सदस्यों का कहना है कि अब तक जिला योजना समिति का गठन ही नहीं हुआ है, इसके बावजूद जिला योजना की बैठक आयोजित की जा रही है, जो पूरी तरह से अनुचित है। जिला पंचायत सदस्य गोपा धपोला, बलवंत नेगी, सुंदर गढ़िया सहित अन्य प्रति. निधियों ने बैठक की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट किया जाए कि किस नियम के तहत यह बैठक आयोजित की जा रही है। उन्होंने पूछा कि वर्तमान में समिति में कौन-कौन सदस्य शामिल हैं और जब तक समिति का गठन नहीं हुआ, तब तक योजनाओं पर चर्चा और प्रस्ताव किस आधार पर रखे जा रहे हैं। सदस्यों ने आरोप लगाया कि इस तरह बैठक आयोजित करना पंचायती राज अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के लगभग 80 प्रतिशत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बैठक से बाहर रखा गया है, जबकि मात्र 20 प्रतिशत आमंत्रित लोगों को ही शामिल किया गया, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। प्रतिनिधियों ने इस पूरी प्रक्रिया को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पारदर्शिता और नियमों के पालन की मांग की। इस आश्रय का उन्होंने मंत्री को ज्ञान भी सौंपा।

## हवन पूजन कर मनाई एससी गुड़िया की पुण्यतिथि

### यशपाल आर्य ने किया पं. नारायण दत्त तिवारी स्मृति पुस्तकालय कक्ष का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रांगण में संस्थान के संस्थापक स्व. गुड़ियाजी की 16वीं पुण्यतिथि हवन पूजन कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर श्री गुड़िया की धर्मपत्नी विमला गुड़िया, पुत्री दामाद मीनाक्षी प्रवीण शर्मा, प्रियंका शर्मा, अशोक शर्मा, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. नीरज आत्रेय, यथार्थ आत्रेय, जयदित्य शर्मा एवं सत्यार्थ आत्रेय सहित गुड़िया परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा श्री गुड़िया की पुण्यआत्मा की शांति हेतु स्मृति यज्ञ किया। इस दौरान उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने संस्थान में अपनी विधायक




निधि से नवनिर्मित पंडित नारायण दत्त तिवारी स्मृति पुस्तकालय कक्ष का लोकार्पण किया। उन्होंने 20 लाख रुपए एससी गुड़िया आईएमटी को अपनी विधायक निधि से अवमुक्त करे। इस अवसर पर गुड़िया परिवार के सदस्य सुशील गुड़िया, संतोष गुड़िया, विमल गुड़िया, कल्पना गुड़िया, विनीत गुड़िया, रीना गुड़िया, निशित गुड़िया, मंजू गुड़िया, शोभित गुड़िया, मेघावी गुड़िया, विकल्प गुड़िया, शुभम गुड़िया, शिवानी गुड़िया सहित अनुपम शर्मा, अलका पाल, डॉ. कीर्ति पंत, अजय शंकर कौशिक, जितेन्द्र सरस्वती, मनोज जोशी एडवोकेट, उमेश जोशी एडवोकेट, संदीप सहगल, अर्पित मेहरोत्रा, पूर्व महापौर उषा चौधरी, इंदु मान, संजय चतुर्वेदी, ब्रह्मा पाल, बाजपुर ब्लॉक प्रमुख गुरजीत सिंह गित्ते, मुक्ता सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा एडवाकेट सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पेंट उतारने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर के एक निजी नर्सिंग कालेज के छात्रों ने प्रबंधक पर अभद्रता का आरोप लगाया है। शुक्रवार को मामले को लेकर छात्रों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद कॉलेज में दिन भर माहौल गरमाया रहा। नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने प्रबंधक पर प्रताड़ना और अभद्रता का आरोप लगाते हुए डायल 112 में फोन कर पुलिस को बुला लिया। बताया कि इंटर्नशिप के दौरान एक छात्र ने शिक्षक की आपत्ति. जनक फोटो खींच ली। इससे विवाद शुरू हो गया। शुक्रवार को कालेज खुलने के बाद छात्रों और शिक्षक के बीच विवाद खड़ा हो गया। इस दौरान छात्रों ने एक शिक्षक और प्रबंधक पर सजा के तौर पर पेंट उतारने और गाली गलौच का आरोप लगाया। जिससे कुछ छात्र भड़क गए। दिन भर कालेज में छात्रों और कालेज प्रशासन के बीच विवाद चलता रहा।

## ब्रेक फेलः हादसे में पिता-पुत्र घायल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कैंची धाम से दर्शन कर लौट रहे पर्यटकों की कार के ब्रेक फेल हो गए। स्थिति को संभालने के लिए चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए कार को सड़क किनारे पहाड़ी से टकरा दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया, लेकिन कुछ लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाराणसी निवासी सुशील शुक्ला (42), उनकी पत्नी अर्चना शुक्ला (36), पुत्री सृष्टि शुक्ला (12), भाई अभय शुक्ला (36), भाभी अॉ. कता शुक्ला (30), उनके बच्चे आयुष्मान (5) और ऐश्वर्या (3) गुरुवार को रामपुर में अपने रिश्तेदार इंद्रेश कुमार शर्मा के घर आए थे। शुक्रवार सुबह सभी लोग इंद्रेश कुमार शर्मा की कार (यूके 07 एयू 2780, वैगनआर) से कैंची धाम दर्शन के लिए निकले थे। शाम को लौटते




समय कालाढूंगी से लगभग 3 किमी आगे अचानक कार के ब्रेक फेल हो गए। चालक इंद्रेश ने तत्परता दिखाते हुए कार को पहाड़ी से टकराकर रोक दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को कालाढूंगी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में सुशील शुक्ला और उनकी पुत्री सृष्टि शुक्ला को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए हल्द्वानी रेफर किया गया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### वार्षिकोत्सव की धूम

**अल्मोड़ा।** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही मेधावी व अन्य क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों के लिए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव में जीआईसी के प्रधानाचार्य राजेश बिष्ट ने साल 2025 की आख्या प्रस्तुत की। विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि स्कूल तीव्र गति से उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। मेयर अजय वर्मा ने स्कूल के प्रधानाचार्य व शिक्षकों की सराहना की। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चंदन सिंह बिष्ट ने कहा कि यह स्कूल अपने प्राचीन गौरव को फिर से स्थापित करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने स्कूल के परीक्षा फल व पाठ्येत्तर क्रियाकलापों पर हर्ष व्यक्त किया।

## आरक्षण लागू करे सरकारः तिवारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** महिला आरक्षण बिल को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस विधायक मनोज तिवारी ने आरोप लगाए कि भाजपा उस महिला आरक्षण बिल पर लोगों के बीच भ्रम फैला रही है,



जो सितम्बर 2023 में ही पारित हो चुका है। शुक्रवार को नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं परिसीमन बिल था। महिलाओं को आड़ में लेकर सरकार लोकसभा की सीटों को खुर्द-बुर्द करने की फिराक में थी। जिन राज्यों ने वर्षों के प्रयास के बाद जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगाई उन राज्यों में सीटें कम करने की साजिश रची जा रही थी। अगर सरकार महिलाओं की हितैशी थी तो वर्तमान सीटों में ही महिलाओं को आरक्षण क्यों नहीं दिया। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि अगर वह महिलाओं को अधिकार दिलाना चाहते हैं तो उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करें। आरक्षण लागू होता है तो सबसे पहले वह अपनी सीट को महिलाओं के लिए छोड़ेंगे। विधायक तिवारी ने तंज कसा कि जो सरकार स्वयं को महिलाओं की हितैशी बता रही है, उसी सरकार में महिला अपराध लगातार बढ़े हैं। महिलाओं के साथ अत्याचार, हत्या, दुष्कर्म, छेड़छाड़ की घटनाओं में राज्य को पहला स्थान मिला है। यहां प्रेस वार्ता में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, पार्षद मधु बिष्ट, चंचल दुर्गापाल, रीना टम्टा, जानकी पांडे, तुलसी देवी, अंजू बिष्ट, वंदना वर्मा आदि मौजूद रहे।

## नर्सिंग कॉलेज में पत्रकारों के साथ अभद्रता

### एनयूजे ने डीजीपी और एसएसपी को पत्र भेज जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा स्थित मां अम्बे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में समाचार कवरेज के दौरान वरिष्ठ पत्रकारों के साथ प्रबंधक द्वारा की गई अभद्रता और हमले के प्रयास ने प्रदेश के पत्रकार जगत को उद्वेलित कर दिया है। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे) ने इस कायराना कृत्य की तीखी निंदा करते हुए आरोपी प्रबंधक संदीप ठाकुर के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि चौथे स्तंभ पर हमला करने वाली मानसिकता को



किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उक्त नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रबंधन पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। इस संवेदनशील मामले की जांच के लिए जब पुलिस टीम संस्थान पहुंची थी, तभी वहां कवरेज कर रहे वरिष्ठ पत्रकार किशन जोशी ने निष्पक्ष पत्रकारिता का धर्म निभाते हुए प्रबंधक संदीप ठाकुर का पक्ष जानना चाहा। आरोप है कि सच का सामना करने के बजाय प्रबंधक ने अपना आपा खो दिया और पुलिस की मौजूदगी में ही वरिष्ठ पत्रकार की माइक आईडी व कैमरा छीनकर उनसे अभद्रता की। जब प्रबंधक ने पत्रकार पर शारीरिक हमले का प्रयास किया, तो वहां मौजूद पत्रकार मोहित अधिकारी और अभिषेक साह ने डटकर इसका विरोध किया और बीच-बचाव किया। यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष दया जोशी ने पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा को भेजे पत्र में कड़े शब्दों में कहा है कि पत्रकारों को उनके संवैधानिक कर्तव्यों से रोकना प्रेस की स्वतंत्रता का खुला हनन है। उन्होंने कहा जिस प्रकार बलपूर्वक मीडियाकर्मियों को दबाने की को. शिश की गई, वह अत्यंत निंदनीय और अशोभनीय है। पत्रकारों पर हमला करने की नीयत पालने वाले अराजक तत्वों के लिए समाज में कोई स्थान नहीं है।

यूनियन के संरक्षक त्रिलोक चन्द्र भट्ट, महासचिव गोपालदत्त गुरूरानी, उपाध्यक्ष दीपक पाठक व सुनील शर्मा सहित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी ने एक सुर में इस घटना की भर्त्सना की है। बागेश्वर, चंपावत, देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार समेत सभी जिलों के जिला प्रभारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी प्रबंधक के खिलाफ अविलंब कड़ी कार्यवाही नहीं हुई, तो यूनियन पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। निंदा करने वालों में मुख्य रूप से सचिव जगदीश उपाध्याय, पुष्पेंद्र राणा, संगठन मंत्री गिरीश सिंह बिष्ट, कैलाश चन्द्र भट्ट, कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह, प्रचार मंत्री बाबा आदित्य दास, समीर परवेज सहित शंकर पाण्डे (बागेश्वर), सुधीर बडोला (देहरादून), जसपाल नेगी (पौड़ी), अर्जुन सिंह रावत (पिथौरागढ़), दरवान सिंह रावत (अल्मोड़ा) व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी।

## पत्रकार पर मुकदमे से भड़के मीडियाकर्मी

### मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग, ज्ञापन भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाचार प्रकाशन के बाद पत्रकार संजय पाठक के खिलाफ दर्ज कराए गए कथित मुकदमों और उत्पीड़न के विरोध में हल्द्वानी के पत्रकारों में आक्रोश देखने को मिला। मामले को गंभीर बताते हुए पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप हस्तक्षेप और कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि 28 मार्च को प्रकाशित एक समाचार को लेकर एक निजी स्कूल संचालक द्वारा पत्रकार को निशाना बनाते हुए सुनियोजित तरीके से प्रतिशोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि बार-बार विधिक नोटिस भेजने, न्यायालय में वाद दायर करने और कोतवाली में झूठे आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज कराने जैसी कार्रवाई कर मानसिक और कानूनी दबाव



बनाया जा रहा है। पत्रकारों ने इसे स्वतंत्र पत्रकारिता पर हमला बताया। पत्रकारों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि भविष्य में पत्रकार संजय पाठक के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी या अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी स्कूल के संच. ालक की मानी जाएगी। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में राहुल सिंह दर्मवाल, गुरमीत सिंह, अजय सिंह चौहान, नीरू भल्ला, समाजसेवी सुशील भट्ट, गिरीश भट्ट, एडवोकेट मोहन कांडपाल, गोविंद सिंह घसियाल, अशोक सिंह बोहरा, शाहवेज खान, गोविंद बिष्ट, उदयवीर सिंह, रेहान खान, अमित कुमार चौधरी, नाजिम खान, कुणाल अरोरा, आशुतोष कोकिला, सचिन जोशी, मिथुन जायसवाल समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# फतेहपुर रेंज के भदयूनी गांव में गुलदार का खूनी खेल

## शादी से लौट रहे कमल को गुलदार ने बनाया निवाला, घर से दो सौ मीटर दूर जंगल में मिला कमल का क्षत-विक्षत शव

- वन विभाग की लापरवाही पर लोगों का आक्रोश
- कालाढूंगी विधायक समेत जनप्रतिनिधि पहुंचे मौके पर, परिवार को ढांढस बंधाया



मृतक कमल का फोइल फोटो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फतेहपुर रेंज के अंतर्गत भदयूनी गांव में गुरुवार देर रात गुलदार ने एक युवक पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में घर से दो सौ मीटर दूर जंगल में पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही भदयूनी गांव में हड़कंप मच गया। लगातार वन्यजीवों के हमले में हो रही मौतों से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। आक्रोशित लोगों ने शीघ्र ही गुलदार को पकड़े की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी वन विभाग सोया पड़ा है। घटना की सूचना पर फतेहपुर रेंज के अधिकारी व पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। देर शाम शव को मोर्चरी रखवा दिया है।

जानकारी के अनुसार भदयूनी गांव निवासी 36 वर्षीय कमल सिंह बिष्ट अपने पिता इन्द्रर सिंह बिष्ट व मां के साथ रहते थे। जबकि उनका बड़ा भाई बालम सिंह कोटाबाग में नौकरी करते है। कमल गांव में ही खेती बाड़ी के साथ जल संस्थान में ठेके प्रथा में लाइन मैन का काम करता था। बताया जा रहा कि बीते गुरूवार को गांव के ही प्रधान की बेटी की शादी थी और कमल शादी में शामिल होने गए थे। देर रात कमल कमल शादी समारोह में शामिल होने व गांव का पानी बंद करके देर रात घर को जा रहे थे। बताया जा रहा कि जैसे ही कमल घर के पास पहुंचा तभी घात लगाए बैठे गुलदार ने कमल में हमला कर दिया, और कमल को घसीटता हुआ घर से दो सौ मीटर जंगल में ले गया। जब काफी देर तक कमल घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने आस-पास के लोगों से जानकारी ली और पता लगा कि कमल तो घर को काफी समय पहले निकल गए थे। कमल के घर नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों व परिजनों ने रात भर काफी खोजबीन की लेकिन कमल का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने फिर से सर्च अभियान चला तभी करीब नौ बजे के आस-पास ग्रामीणों को कमल का शव क्षात-विक्षत हालत में पड़ा हुआ था। शव की हालत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। गुलदार के हमले की सूचना पर फतेहपुर रेंज के अधिकारी व स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दोनो टीमें मौके पर पहुंच गई। गुलदार के हमले की सूचना पर ग्रामीणों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए। इस घटना के बाद से पूरे गांव में भय और गुस्से का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता को लेकर पहले ही कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद न तो गुलदार को पकड़ने के प्रयास किए गए और न ही उसे आदमखोर घोषित कर कार्रवाई की गई। ग्रामीणों का कहना है कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग घरों से बाहर निकलने तक में डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आदमखोर गुलदार को पकड़ने या मारने के लिए ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। देर शाम शव का पंचनाम भर शव को हल्द्वानी मोर्चरी रखवा दिया है।

**वहीं,** घटना की सूचना मिलने के बाद कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत बिना समय गंवाए गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को वन्य जीवों पर नियंत्रण के कड़े निर्देश दिए।



### चार माह में आठ लोगों को बनाया निवाला

वर्ष 2026 में जिले में वन्यजीव के हमलों की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 2 जनवरी को कार्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज में सुखिया देवी की मौत हुई थी। 4 जनवरी को रामनगर डिवीजन की कोटा रेंज में अभिमन्यु को बाघिन ने मार डाला। 18 जनवरी को कोसी रेंज में एक अज्ञात व्यक्ति की जान गई। 12 फरवरी को फतेहपुर रेंज में गंगा देवी, 25 फरवरी को कमला फर्त्याल, 3 अप्रैल को मनोरा रेंज में हंसी देवी और 22 अप्रैल को हेमा देवी की वन्यजीव हमले में मौत हुई, और आज शुक्रवार 23 अप्रैल को फतेहपुर रेंज में कमल सिंह बिष्ट की मौत के रूप में सामने आई है। इसके साथ ही वन्यजीव के हमले से कई लोग घायल भी हुए है। लगातार बढ़ती घटनाओं ने स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है।



क्षेत्र में लगातार तीसरी घटना यह साबित करती है कि वन विभाग स्थिति को संभालने में पूरी तरह विफल रहा है। लगातार वन्यजीव के हमले की घटनाएं और ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी विभाग द्वारा आज तक वन्यजीव को पकड़ने में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिसके चलते आज कमल में अपनी जान गंवाई है। इससे सह साफ साबित होता है कि वन विभाग स्थिति को संभालने में पूरी तरह से विफल रहा है।

**नीरज तिवारी, कांग्रेस प्रवक्ता**



भीमताल ब्लॉक क्षेत्र में लगातार वन्यजीवों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन गुलदार के हमले की लगातार घटनाएं सामने आ रही है लेकिन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने में नाकाम साबित हो रहा है। अभी दो दिन पूर्व ज्योलीगांव में भी गुलदार ने एक महिला पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा बुधवार रात रानीबाग में प्रदर्शन कर गुलादर को पकड़ने की मांग की गई थी। अगर विभाग द्वारा समय रहते गुलदार को पकड़ लिया जाता तो आज कमल बिष्ट हम सबके बीच होता। कमल की मौत के बाद भी अगर विभाग नहीं जागा तो ग्रामीणों के साथ उग्र आंदोलन किया जायेगा।

**संदीप राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य रानीबाग**



लापरवाही की भी हद होती है। सीएम और सांसद द्वारा वन्य जीव संघर्ष को लेकर गंभीर चिंता जताने के बावजूद वन विभाग इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। समय रहते गुलदार को पकड़ लिया जाता तो आज कमल बिष्ट हम सबके बीच होता। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग घरों से बाहर निकलने तक में डर महसूस कर रहे हैं। आदमखोर घोषित कर कार्रवाई की तुरंत आवश्यकता है।

**नीरज बिष्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष**







एक दिन पहले ही उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को क्षेत्र में गुलदार देखे जाने की जानकारी दी थी और सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया था। लेकिन उसके बावजूद विभाग ने लापरवाही बरती, जिसका परिणाम एक और जान जाने के रूप में सामने आया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को तुरंत गुलदार को पकड़ने को कहा गया है।

**डा. हरीश बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख**

शुक्रवार की सुबह फतेहपुर रेंज में वन्यजीव द्वारा एक युवक पर हमले की सूचना मिली थी। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया साथ ही पूरे क्षेत्र व जंगल में गुलदार की मूमेंट के लिए दस कैमरें लगाए गए है और जंगल में टीम द्वारा कॉबिग की जा रही है, गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की तैयारी भी शुरू कर दी है, साथ ही विभाग ने रात के समय बाहर ना निकलने और जंगल को अकेले ना जाने की सलाह दी।

**प्रदीप असगोला (रेंजर), फतेहपुर रेंज**

## सीएम, सांसद के कड़े निर्देशों के बावजूद अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंग रही

**शाहवेज़ खान**

**हल्द्वानी।** जनपद में लगातार बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष ने हालात को बेहद गंभीर बना दिया है। एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय भट्ट इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए लगातार अधिकारियों को कड़े निर्देश दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ते नजर आ रहे हैं। ताजा घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया है। हाल ही में ज्योली गांव में एक महिला को आदमखोर बाघ ने अपना शिकार बना लिया, जबकि इसके दो दिन बाद ही काठगोदाम के पास बदूनी गांव में एक युवक वन्यजीव के हमले में मारा गया।

लगातार हो रही इन घटनाओं ने न केवल आम जनमानस को झकझोर दिया है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। साल 2026 की शुरुआत से ही जिले में वन्यजीव हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कई लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद ठोस और प्रभावी कार्रवाई का अभाव साफ नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद वन विभाग न तो सक्रिय नजर आ रहा है और न ही खतरे को कम करने के लिए कोई ठोस रणनीति अपनाई जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में हल्द्वानी स्थित सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक के दौरान मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए थे कि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और ऐसे मामलों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं सांसद अजय भट्ट भी कई बार इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। इसके बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि हालात में कोई ठोस सुधार नहीं दिख रहा। लगातार हो रही मौतों ने वन विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है। स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश पनप रहा है और वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता है और लोग घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। और आए दिन जब ऐसे हमले जिसमें लोगों के मारे जाने की खबर आती है तो आप समझ ही सकते हैं दहशत का वातावरण क्या होगा। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी उच्च स्तर से मिल रहे स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सक्रिय क्यों नहीं हो पा रहे हैं? क्यों अब तक आदमखोर वन्यजीवों को पकड़ने या नियंत्रित करने के लिए ठोस कार्रवाई नहीं की गई? और क्यों आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सिस्टम नाकाम नजर आ रहा है? यदि जल्द ही प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट और गहराने की आशंका है।

## ज्योली गांव में ट्रैप कैमरों के साथ ड्रोन तकनीक का भी सहारा

### वन्य जीव के हमले से महिला की मौत का मामला, वन विभाग पूरी तरह एकशन मोड में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योली क्षेत्र में वन्य जीव (बाघ/तेंदुए) के हमले में महिला की मौत के बाद वन विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। संदिग्ध वन्यजीव की तलाश और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए बड़े स्तर पर घेराबंदी की जा रही है। अब सर्च ऑपरेशन को और तेज करते हुए ट्रैप कैमरों के साथ ड्रोन तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि घटना के तुरंत बाद एक पिंजरा और चार ट्रैप कैमरे लगाए गए थे लेकिन रातभर कोई गतिविधि दर्ज नहीं हुई। इसके बाद रणनीति को मजबूत करते हुए पिंजरों की संख्या बढ़ाकर चार और ट्रैप कैमरों की संखया 50 कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि संवेदनशील रीवर वैली क्षेत्र में मचान तैयार कर वन कर्मियों को निगरानी में लगाया गया है। साथ ही बाघ को काबू में करने के लिए विशेषज्ञ डाकटरों की टीम भी तैनात है जो जरूरत पड़ने पर ट्रेंकुलाइज (बेहोश) करने की कार्रवाई करेगी। बार बार तेंदुए की आवाजाही की सूचना भी मिल रही है। इधर ज्योली क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन को और प्रभावी बनाने के लिए शुक्रवार को दो ड्रोन भी लगाए गए हैं। वहीं एक टीम ज्योली क्षेत्र में और दूसरी सातताल की ओर से जंगलों में लगातार खोजबीन कर रही है। ड्रोन के जरिए दुर्गम और घने इलाकों में वन्यजीव की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।वन विभाग ने मनोरा, बड़ोन, नैना और भवाली रेंज से करीब 50 वन कर्मियों को तैनात किया है। ये टीमें अलग-अलग इलाकों में गश्त कर रही हैं और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। डीएफओ गंगवार ने कहा कि विभाग पूरी रणनीति के साथ काम कर रहा है। फोकस न केवल वन्यजीव को पकड़ने पर हैए बल्कि ग्रामीणों में फैले भय को कम करना और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना भी प्राथमिकता में शामिल है। बताया कि फिलहाल अब तक ट्रैप कैमरों में भी किसी वन्यजीव की गतिविधि कैद नहीं हुई है।

### जंगल में प्रवेश पर रोक, वन विभाग की चेतावनी

**नैनीताल।** जिले में बढ़ते वन्यजीव हमलों के खतरे को देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्रवासियों के लिए सखत चेतावनी जारी की है। विभाग की ओर से जारी सूचना में स्पष्ट कहा गया है कि सभी की सुरक्षा के मद्देनजर वन क्षेत्रों में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार की ओर से जारी इस चेतावनी में लोगों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से जंगलों या सुनसान स्थानों की ओर न जाएं। हाल के दिनों में वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। वन विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि नियमों का पालन करना सभी की सुरक्षा के लिए जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंध के बावजूद जंगल में जाता है तो वह खुद जिम्मेदार होगा। इस चेतावनी के बाद क्षेत्र में वन्यजीवों की मौजूदगी को लेकर लोगों में सतर्कता बढ़ गई है।

### आज से सोमवार तक स्कूलों में छुट्टी

**हल्द्वानी।** नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत विकासखण्ड भीमताल में स्थित ज्योली एवं भदयूनी, ग्रामों में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं घटित होने तथा आदमखोर वन्यजीव की सक्रियता को देखते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने आदेश जारी करते हुए दोगड़ा डोलमार, सूर्याजाला, मोरा, ज्योलीकोट, सूर्यागांव, गांजा, रानीबाग, दो गांव, आलूखेत, बल्यूटी, हैडी, सोनगोठ, काठगोदाम, बेल एवं नाईसेला इन सभी ग्रामों के विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पहुंचने के लिए सुनसान मार्गो, पगडंड़ियों एवं वन क्षेत्रों से छात्र-छात्राओं को आवागमन करना पड़ता है जिससे छोटे बच्चों एवं विद्यालयी छात्रों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। बच्चों की जान-माल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तथा किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा इन सभी ग्रामों में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों कक्षा 1 से 12 तक एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में कल यानि आज शनिवार 25 अप्रैल से सोमवार 27 अप्रैल तक समस्त स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

## शिक्षक संगठन की महानिदेशक से वार्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश में भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच स्कूलों की नई समय सारणी को लेकर उठ रहे विरोध के बाद शासन स्तर पर पहल तेज हो गई है।

इसी क्रम में महानिदेशक विद्यालय शिक्षा ने सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। बैठक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में आयोजित हुई, जहां विभागीय अधिकारियों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या का हवाला देते हुए विद्यालयों का समय बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि शिक्षक संगठनों ने इस पर असहमति जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में केवल समय बढ़ाने ही नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान भी शामिल हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। संगठनों ने अपने सुझाव और आपत्तियां लिखित रूप में विभाग को सौंप दी हैं। बैठक में अपर शिक्षा निदेशक परमेंद्र सकलानी, मेहरबान सिंह बिष्ट, परमेंद्र कुमार बिष्ट, सहित प्राथमिक शिक्षक संघ के डा. मोहन सिंह बिष्ट, सदस्य मनोज तिवारी, दिगंबर सिंह नेग, अश्विनी कुमार, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद थापा, सतीश घड़ियाल, रूपक पुरा सहित कई विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्कूलों के टाइम टेबल में बदलाव

**हल्द्वानी।** भीषण गर्मी और हीटवेव के बढ़ते असर को देखते हुए शिक्षा विभाग अलर्ट हो गया है। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूलों की समय-सारणी में बदलाव किया गया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु में बढ़ती गर्मी और लू से बचाव के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि 15 मई तक नई समय-सारणी लागू रहेगी, जिसके तहत प्रार्थना सभा सुबह 6.45 बजे और विद्यालय संचालन सुबह 7 बजे से शुरू होगा। यह व्यवस्था हल्द्वानी, रामनगर और कोटाबाग ब्लॉक के शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्पोर्ट्स बाइक पर नाबालिग, मालिक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र में पुलिस चेकिंग के दौरान एक नाबालिग को बिना नंबर प्लेट और बिना कागजात की बाइक चलाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने मौके पर ही चालान कर बाइक सीज कर दी, जबकि वाहन स्वामी के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि आज शुक्रवार को एसआई अरुण सिंह राणा अपनी टीम के साथ दमुवाढूंगा क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कालटैक्स तिराहा काठगोदाम पर एक बिना नंबर प्लेट की स्पोर्ट्स बाइक को रोका गया। जांच में सामने आया कि वाहन चलाने वाला महज 16 साल का है। उसके पास न तो लाइसेंस था और न ही हेलमेट लगाया था। पुलिस ने जांच की तो बाइक ओखलकांडा निवासी ललित मोहन के नाम पर रजिस्टर्ड थी। पुलिस ने ललित को फोन किया तो फोन नहीं उठा। जिस पर पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं 199(ए), 177, 184, 39, 192, 4/181, 129, 194(डी), 46, 196, 207 के तहत चालान कर वाहन को सीज कर दिया। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि निबालिग का बेस अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे उसके चचेरे भाई के सुपुर्द कर दिया गया। वाहन स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## एचसीसी ने जीता पहला मुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच का पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरैना में कुमाऊँ क्रिकेट अकादमी और एचसीसी के बीच खेला गया। एचसीसी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 44वें ओवर में 183 रन बनाकर आल आउट हो गई।

टीम के लिए देवांश 68, व दक्ष ने 27 रनों की पारी खेली। कुमाऊँ क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अक्षत पांडे ने 4, आदर्श कुमार ने 3 और अमन ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुमाऊँ क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 45वें ओवर में 149 रन बनाकर आल आउट हो गयी और



एचसीसी ने 34 रनों से मैच जीत लिया। एचसीसी के गेंदबाज हार्दिक पंत ने 4, अंकुश शर्मा ने 3, और विनय जोशी ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शानदार गेंदबाजी के लिए एचसीसी के गेंदबाज अंकुश शर्मा को दिया गया। अंपायर की भूमिका में कुशाग्र सिंह और विनोद पंतोला जबकि स्कोरर की भूमिका निकित जोशी ने निभाई। इसस पूर्व लीग मैच का शुभारंभ कांग्रेस नेता एवं पार्षद मुकुल बल्यूटिया ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिकारी, नीरज डसीला, दिग्विजय कनवाल, सुंदर कपकोटी, नीरज चौबे, जगमोहन बगडवाल मौजूद रहे।

## प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस हॉकी प्रतियोगिता

### 46वीं वाहिनी पीएसी, आईआरबी प्रथम, 31वीं वाहिनी पीएसी, यूएस नगर ने जीता मुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी। शुक्रवार को गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, मानसभंडार खेल परिसर में 23वीं प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस हॉकी प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल व एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान टीमों ने मैदान में फॉल-इन कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। टीम मैनेजरों ने खिलाड़ियों का परिचय कराया और मार्च पास्ट का आयोजन हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। साथ ही गत वर्ष के व्यक्तिगत चैंपियन एवं नैनीताल टीम कप्तान ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन की शपथ दिलाई।



प्रतियोगिता में कुल 9 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, जिनमें जनपद अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, 31वीं वाहिनी पीएसी, 40वीं वाहिनी पीएसी, 46वीं वाहिनी पीएसी, आईआरबी प्रथम, आईआरबी द्वितीय और जनपद नैनीताल शामिल हैं। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में 46वीं वाहिनी पीएसी ने नैनीताल को 7-0 से हराया। दूसरे मैच में आईआरबी प्रथम ने 40वीं वाहिनी पीएसी को 4-1 से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में 31वीं वाहिनी पीएसी ने पिथौरागढ़ को 6-1 से हराया, जबकि चौथे मैच में ऊधमसिंह नगर ने अल्मोड़ा को 4-1 से शिकस्त दी। यह प्रतियोगिता 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। समापन समारोह 26 अप्रैल को होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिस बल में खेल भावना, टीम वर्क और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना है। इस मौके पर एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी, एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी, सीओ रामनगर सुमित पाण्डेय, सीओ प्रशिक्षु विनय सिंह, सीओ प्रशिक्षु अंकित थपलियाल, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश कुमार, कोतवाल हल्द्वानी विजय मेहता, बनभूलपुरा प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल, काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जीआरपी ने पकड़ा फरार वारंटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पिछले लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को काठगोदाम जीआरपी पुलिस ने उसको उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसा काठगोदाम जीआरपी प्रभारी निरीक्षक कमल सिंह कोरंगा के नेतृत्व में जीआरपी काठगोदाम में गठित टीम गठित की गई। आरोपी चोरी के एक पुराने मुकदमे में करार चल रहा था और पूर्व में जमानत पर रिहा किया गया था, लेकिन वह काफी समय से अदालत में पेश नहीं हो रहा था। इस पर न्यायालय ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। 24 अप्रैल को पुलिस टीम ने आरोपी हामिद अली उर्फ कलुआ निवासी वार्ड नंबर-2, गदरपुर, ऊधमसिंह नगर को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायानय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

## यूकेपीएससी मुख्य परीक्षा को लेकर हल्द्वानी में धारा 163 लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा मुख्य लिखित परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने हल्द्वानी शहर में कड़े सुरक्षा प्रबंध लागू कर दिए हैं। उक्त जानकारी देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि परीक्षा 27 अप्रैल सोमवार से 30 अप्रैल गुरुवार तक प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा शहर के दो केंद्रों श्री गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल, सिविल लाइंस भोटिया पड़ाव और खालसा नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज, भोटिया पड़ाव में संपन्न होगी। उन्होंने बताया परीक्षा अवधि के दौरान दोनों केंद्रों के 100 मीटर दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। इसके तहत बिना प्रशासनिक अनुमति के पांच या उससे अधिक लोगों के समूह में एकत्र होने और किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभा पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास हथियार, लाठी-डंडा या अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे आदि के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या परीक्षा से जुड़े परचे वितरित करने पर भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति कोई बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में प्रवेश नहीं कर सकेगा। हालांकि ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को इन प्रतिबंधों से छूट दी गई है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कांग्रेस में ही है महिलाओं का सम्मानः रावत



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के 33 वर्ष पूर्ण होने पर रामनगर कांग्रेस ने कांग्रेस कार्यालय रामनगर में महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रणजीत रावत ने संबोधित करते हुए कहा की भाजपा सरकार महिला आरक्षण के साथ परिसीमन को जोड़कर इसे उलझा रही है।जबकि पंचायत में राजीव गांधी द्वारा शुरू की गई आरक्षण व्यवस्था ने महिला सशक्तिकरण की नींव रखी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की नींव रखने का श्रेय राजीव गांधी के विजन को दिया और स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी कों प्रमुखता से रेखांकित किया।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा में भी 33% महिला आरक्षण तुरंत लागू किया जाए।सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा ने किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस नैनीताल खस्टी बिष्ट, काशीपुर महानगर अध्यक्ष अलका पाल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन ओम प्रकाश, नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस ललित उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस उषा जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस मालधन पुष्पा देवी, बसंती आर्या, एडवोकेट दीप्ति भारद्वाज, सतेश्वरी रावत, वीना रावत, बिमला आर्य, ममता आर्या, जया कपिल, धनी दुमका, ममता बिष्ट, कुंती देवी, सावित्री देवी लक्ष्मी देवी पार्वती देवी मेहराज बानो, पुष्पा कोहली, रंजना गुप्ता, कौशल्या देवी, अतुल अग्रवाल, गिरधारी लाल राजेंद्र बिष्ट, लीलाधर जोशी, महेश पांडे, कमल नेगी, चांद खान, जावेद खान, नजाकत अली, असलम सिद्दीकी, हरदीप सिंह दिप्पा, भुवन चंद्र, महेन्द्र आर्या, धीरज उपाध्याय, सुमित तिवारी, सोएब रजा, गुड्डू जोशी, महेन्द्र सिंह मनराल, वीरेंद्र तिवारी, मुकेश मेहरा, चंद्रशेखर, संजय शेखर, आफाक हुसैन आदि मौजूद रहे।

# वेतन वृद्धि को लेकर श्रमिकों ने भर हुंकार

**वी गार्ड कम्पनी गेट पर किया धरना प्रदर्शन**



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर ।** सिडकुल स्थित एक कम्पनी में आज सैकड़ों श्रमिकों ने वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर कम्पनी गेट पर प्रबंधन के खिलाफ तेज धूप की परवाह किया बिना नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि सिडकुल सेक्टर 5 स्थित वी गार्ड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड कम्पनी प्रबंधन द्वारा उनका लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। कम्पनी में निर्धारित आठ घंटे ड्यूटी के अतिरिक्त भी काम करवाया जाता है जिसका कोई भुगतान नहीं किया जाता।

उन्होंने बताया कि कम्पनी की केंटीन में दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता निम्न स्तर की है जिसे जबरन खाने को मजबूर किया जाता है। महिला श्रमिकों का कहना था कि कम्पनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों को गर्भावस्था व अन्य कारणों से कोई छुट्टी नहीं दी जाती है और छुट्टी लेने पर उन्हें कम्पनी से बाहर कर देने की धमकी दी जाती है। यदि किसी महिला श्रमिक की तबीयत अचानक खराब हो जाती है तो उसे दवा के नाम पर मात्र पेरासिटामोल थमा दी जाती है। कम्पनी में चिकित्सा की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। आन्दोलित श्रमिकों ने वेतन 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह करने, कम्पनी आने जाने के लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराने, गुणवत्तायुक्त भोजन व चिकित्सा व्यवस्था देने, अतिरिक्त ड्यूटी के लिए डबल भुगतान करने सहित अन्य कई मांगों का उल्लेख किया। इस दौरान सोनम, सीमा, गरिमा, गायत्री, पूजा, मनीषा, काजल, रूपा, खुशी, सिबी, आरती, नीरू, कंचन, संगीता, बसंती, सपना, देवीया, अफसाना, सुषमा, बबिता, सुमन, पीहू, सोमपाल, राजकुमार, रंजीत, प्रकाश, आकाश, सुरेश, ओमपाल, वीरेन्द्र सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे। वहीं कम्पनी में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसबल भी तैनात किया गया था।

## एक नजर

# विधायक आवास पहुंचे कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड सरकार मे ग्रामीण विकास, लघु सूक्ष्म उद्यम कैबिनेट मंत्री व चम्पावत जिला प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी विधायक शिव अरोरा के आवास पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकताओं व अपने विधायक के परिवार ने स्मृति चिह्न व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।



इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा वह तीन दिवसीय कुमाऊं भ्रमण पर आए थे, जहां उन्होंने अपने प्रभारी जिला चम्पावत जिला का भ्रमण किया और अधिकारियों संग बैठक कर सरकार की योजनाओं जनपद में कार्य प्रगति की जानकारी लीं। वहीं उधम सिंह नगर दौरे पर विधायक शिव अरोरा के आवास पर आत्मीय स्वागत किया व कार्यकताओं से भेंट हुई है, निश्चित रूप से रुद्रपुर विधायक उनके पुराने मित्र हैं, सदन में साथी है। भरत सिंह चौधरी ने कहा सरकार ने जो मंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी है उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का कार्य वह करेंगे। वहीं अपने मंत्रालय ग्रामीण विकास व सूक्ष्म लघु उद्यम के माध्यम से छोटे उद्योगों को कैसे बढ़ावा मिले हमारी महिलाएं छोटे लघु उद्योगों से किस प्रकार जुड़े उसको लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। इस दौरान महापौर विकास शर्मा, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, प्रीत ग्रोवर,धीरेश गुप्ता, मुकेश पाल, जगदीश विश्वास, राजेश बजाज, राजकुमार चौधरी, राज. कुमार साह,हरनाम चौधरी, दीपक गोस्वामी, हरीश भट्ट , सचिन मुंजाल, मोर सिंह, आयुष चिल्लाना, मनोज मदान, जीतेन्द्र संधू, रमेश कन्याल, सुदीप डे, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, सुनील सिंह, सुखदेव सिंह भल्ला, राजीव शुक्ला, कुलदीप चंद्र, जीतेन्द्र चौहान, पियूष भाटिया,राजीव ग्रोवर, भोला सिंह, विष्णु सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार थार ने महिला श्रमिक को मार दी टक्कर, घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** नैनीताल हाईवे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब श्रमिकों की रैली के दौरान एक तेज रफ्तार थार ने महिला श्रमिक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

बताया जा रहा है कि वी-गार्ड कंपनी के महिला और पुरुष श्रमिक वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर हड़ताल पर थे और नैनीताल सिडकुल से श्रम कार्यालय तक रैली निकाल रहे थे। इसी दौरान बिग बाजार के सामने तेज रफ्तार थार ने एक महिला श्रमिक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि थार का टायर महिला के पैर पर चढ़ गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद थार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि, गुस्साए श्रमिकों और साथियों ने बाइकों से पीछा कर थार और ट्रक चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों चालकों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शतप्रतिशत बच्चों को खिलाई जाए एल्बेंडाजोल की गोली: डीएम

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक**




शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने आगामी सात मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की जिला सभागार में बैठक ली।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शतप्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाए। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा दवाई खाने से न छूटे।

उन्होंने स्कूल न जाने वाले सभी बालक, बालिकाओं, श्रमिक के बच्चों एवं घुमन्तू बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से कृमि नाशक दवा एल्बेंण्डाजॉल खिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कृमि मुक्ति दिवस पर दवाई खाने से वंचित बच्चों को 14 मई को मॉप-अप दिवस पर दवाई खिलाई जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दवाई समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्यकत्रियों को दवाई खिलाने के तरीके एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानक. ारी उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि 07 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण सहयोग देने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल ने बताया कि जनपद में 01 से 19 वर्ष तक के 603960 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में 2346 विद्यालयों एवं 2388 आंगनबाड़ी केन्द्रों में एलबेन्डाजोल की दवाई खिलायी जाएगी। डा. अग्रवाल ने बताया कि एलबेन्डाजोल की 400 एमजी की दवा 01 से 02 साल तक के बच्चों को आधी टेबलेट चम्मच में घोल. कर तथा 03 साल तक के बच्चों को पूरी टेबलेट पानी में घोलकर पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 3 से 19 वर्ष से बच्चों, किशोर/किशोरियों को पूरी गोली चबा-चबा कर खिलाई जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके सिन्हा, एसीएमओ डा. डीपी सिंह, एसएमओ डा. सुधीर गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, खण्ड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, डीपीओ मो. आमिर खां, हिमांशु मशूनी, चांद मियां, जावेद अहमद, निधि शर्मा, पंकज गुसाई सहित जनपद के एमओआईसी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुड़े थे।

# भावना भट्ट बनीं उत्तराखण्ड संस्कृत साहित्य एवं कला परिषद की सदस्य



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी रामनगर की पूर्व नगर अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेत्री भावना भट्ट को 'उत्तराखण्ड संस्कृत साहित्य एवं कला परिषद' सदस्य' उत्तराखंड सरकार बनने पर रामनगर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। यह कार्यक्रम रामनगर में भाजपा महिला मोर्चा मंडल द्वारा नंदन गार्डन में आयोजित किया गया।

भावना भट्ट ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले तीस साल से ज्यादा से भाजपा से जुड़ी हुई है और हर सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उन्हें इसी चीज का सम्मान दिया है। वह भाजपा की आभारी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति, साहित्य और कला को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा।उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनाएंगी।

इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, गणेश रावत, शिशुपाल सिंह रावत, घनश्याम शर्मा, पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत, पूर्व मंत्री दिनेश मेहरा, भाजपा नेत्री रुचि गिरी शर्मा, दीपा रावत, संजय डॉर्वी, निर्मला रावत, शशि नेगी, मंजू राणा, हेमा लोहनी, भाजपा नेता शिखर भट्ट आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों छापा

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** शासन के निर्देशों के क्रम में गदरपुर क्षेत्र के अंतर्गत संचालित विभिन्न पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों का तहसील प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत केंद्रों पर रखे जाने वाले दस्तावेजों और अन्य अनिवार्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना था। इस औचक निरीक्षण अभियान में मुख्य रूप से तहसीलदार गदरपुर देवेंद्र सिंह बिष्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह, जिला समन्वयक प्रदीप मेहर और अधिशासी सहायक गोपाल आर्य मौजूद रहे। टीम के सदस्यों ने सबसे पहले तराई हॉस्पिटल और उसके उपरांत महाजन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इन दोनों चिकित्सालयों में निरीक्षण के दौरान सभी चीजें दुरुस्त पाई गईं। इसके पश्चात टीम द्वारा अल्फा हॉस्पिटल का रुख किया गया। यहां स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त जांच के दौरान कुछ प्रक्रियात्मक त्रुटियां सामने आईं। टीम ने पाया कि यहां के आधिकारिक रिकॉर्ड्स में कुछ स्थानों पर ओवर-राइटिंग और कटिंग की गई थी। इसके साथ ही, एएनसी रजिस्टर में मरीजों का पूरा पता दर्ज नहीं पाया गया था। कमियों को गंभीरता से लेते हुए टीम के अधिकारियों ने अल्फा हॉस्पिटल प्रबंधन को व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। एसीएमओ डा. एसपी सिंह ने बताया कि रिकॉर्ड में मिली इन खामियों के स्पष्टीकरण हेतु केंद्र को विभाग की ओर से एक औपचारिक नोटिस जारी किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी त्रुटियों की पुनरावृत्ति न हो। तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट ने सभी केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि अल्ट्रासाउंड संबंधी सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों में पारदर्शिता बरतें और मरीजों की पूरी जानकारी अनिवार्य रूप से दर्ज करें।



# विधायक आदेश चौहान ने किया छह सड़कों का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** क्षेत्र के विकास को गति देते हुए विधायक आदेश चौहान ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनहित के कार्यों को समर्पित किया।

शुक्रवार को विधायक ने ग्राम रामनगर, फजलपुर, सीपका, अमियावाला और भगवन्तपुर में 35 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 6 सीसी टाइल्स रोड का ग्रामीणों संग विधिवत लोकार्पण किया। यहां जोवनजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह, कोमल सिंह, मुजाहिद, शाहिद हुसैन, खेम सिंह, सुरजीत ढिल्लो, राजीव चौहान, सर्वेश चौहान, सरनदीप कौर, रीना देवी, आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी और हीट वेव से निपटने को नगर निगम ने कसी कमर

**महापौर ने दिए नगर निगम के स्वास्थ्य केन्द्र को अलर्ट मोड पर रहेंने के निदेश**




शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ग्रीष्म ऋतु के दौरान भीषण गर्मी और संभावित 'हीट वेव' के खतरों को देखते हुए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। आपदा प्रबंधन और जन-राहत कार्यों की समीक्षा के लिए महापौर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें हीट वेव से बचाव के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में बिजली-पानी की सुचारू आपूर्ति से लेकर बेसहारा पशुओं और सफाई कर्मियों तक के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक के बाद निर्णयों की जानकारी देते हुए महापौर विकास शर्मा ने बताया कि इस वर्ष कम बारिश के कारण भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग की हीट वेव की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए निगम ने स्वास्थ्य, विद्युत और जल संस्थान के साथ समन्वय स्थापित किया है। शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की किल्लत न हो, इसके लिए जगह-जगह पानी के कैंपर रखे जाएंगे। विशेष रूप से मेडिसिटी के समीप श्रमिक वर्ग की सुविधा के लिए एक शेड का निर्माण किया जाएगा, जिसमें शौचालय और शुद्ध पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए शहर के सभी यात्री शेडों का कायाकल्प कर उन्हें ठहरने योग्य बनाया जाएगा।

भीषण गर्मी में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को 'अलर्ट मोड' पर रखा गया है। महापौर ने निर्देश दिए हैं कि सभी केंद्रों पर ओआरएस, ग्लूकोज और जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए। सड़कों पर काम करने वाले ई-रिक्शा चालकों और अन्य जरूरतमंदों को नगर निगम की ओर से पानी की बोतलें और सिर ढकने के लिए गमछे वितरित किए जाएंगे। शहर में पानी की सुचारू आपूर्ति के लिए नगर निगम नए टैंकरों की व्यवस्था कर रहा है।

साथ ही, बेसहारा पशुओं को प्यास से राहत देने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में 'वाटर टब' रखे जाएंगे। फील्ड में तैनात सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उनके कार्य समय (शिफ्ट) में भी परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, ताकि वे दोपहर की झुलसाने वाली धूप से बच सकें। विद्युत विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि पेयजल पंप और आम जनता को परेशानी न हो।

बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे सहित जल संस्थान, विद्युत विभाग और जल निगम के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें अपनी-अपनी कार्ययोजना पर तत्काल अमल करने के निर्देश दिए गए हैं।

# घर में घुसकर मारपीट, जानलेवा हमले का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** थाना बाजपुर क्षेत्र के ग्राम टांडा अमीचंद निवासी एक महिला ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में तहरीर देकर गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, जानलेवा हमला और लूटपाट का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बिमला कौर पत्नी बलजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 अप्रैल 2026 की दोपहर लगभग 1:30 से 2:00 बजे के बीच वह अपने घर पर मौजूद थीं। उसी दौरान उनके पति बलजीत सिंह, भाई के साथी असलम तथा सास जोगेंद्र कौर भी घर पर थे। आरोप है कि गांव के ही गुरप्रीत सिंह, सूरज सिंह, सोनू सिंह उर्फ सूरज, कुलजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, चरण सिंह उर्फ चन्ना सिंह और सर्वजीत सिंह सहित 4-5 अन्य लोग उनके घर के मुख्य दरवाजे को तोड़कर लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों के साथ जबरन घर में घुस आए। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके पति बलजीत सिंह, असलम और सास जोगेंद्र कौर पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में बलजीत सिंह के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि असलम के सिर पर गहरी चोट लगने से 36 टांके आए। सास जोगेंद्र कौर के हाथ की उंगलियों में भी गंभीर चोट बताई गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल बाजपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वर्तमान में बलजीत सिंह और असलम आरटीओ अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती बताए जा रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अतिक्रमण पर फिर चला निगम का पीला पंजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा रुद्रपुर के कायाकल्प के लिए की गई ऐतिहासिक घोषणाओं को धरातल पर उतारने की कवायद अब तेज हो गई है। शुक्रवार को महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे ने प्रशासन और भारी पुलिस बल के साथ शहर के उन तमाम क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया, जहां बड़े विकास कार्य प्रस्तावित हैं।

जहां एक ओर भविष्य की सड़कों का खाका खींचा गया, वहीं दूसरी ओर विकास की राह में रोड़ा बन रहे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नगर निगम का कड़ा रुख भी देखने को मिला। सड़कों को जाम मुक्त करने की दिशा में नगर निगम ने किच्छा बाईपास और गंगापुर रोड पर बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध खोखे और अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाकर सामान जब्त कर लिया। महापौर विकास शर्मा नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और पुलिस बल सहित लाव लस्कर के साथ किच्छा बाईपास मार्ग खेड़ा पहुंचे। यहां सड़क पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया। इसके साथ ही गंगापुर रोड पर भी अतिक्रमण हटाया गया। टीम ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी। महापौर ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दिनदहाड़े फायरिंग

**फायरिंग में छर्रे लगने से युवक गंभीर रूप से हुआ घायल**



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर फायरिंग की घटना सामने आई है। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 7 निवासी भूरे लाल के घर में एक दर्जन से अधिक लोग घुस आए। आरोप है कि हमलावरों ने पहले परिजनों के साथ मारपीट की और फिर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में 22 वर्षीय राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके शरीर पर छर्रे लगे हैं और वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घायल राजेश के भाई अजय कुमार के मुताबिक, दो दिन पहले छोटे भाई का कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिसके चलते यह हमला किया गया। प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि मामला आपसी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। साथ ही हमलावरों की तलाश के लिए टीमों को लगाया गया है।

# मेधावियों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उम्दा प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा नगद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को महुवाडाबरा स्थित वीएसएम सनफ्लावर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल की छात्रा यशस्वी चौहान द्वारा सीबीएसई बोर्ड में 95.2 प्रतिशत अंक लाने पर प्रबंधन द्वारा एक हजार रुपये नगद एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं गरिमा चौहान को 90.6 प्रतिशत अंक हासिल करने पर पांच सौ रुपये एवं मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक अजय चौधरी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों की हौंसला अफजाई कर उज्जवल भव्य की शुभकामना दी। यहां प्रधानाचार्य हरिओम सपरा, अनमोल रोहेला, यशपाल सिंह,नसीम जहां, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



# दस हजार का इनामी बदमाश मथुरा से धरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** एसएच तिराहे पर चाय विक्रेता पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर लूट करने वाला 10 हजार का इनामी बदमाश डेढ़ साल बाद पकड़ा गया। कोतवाली पुलिस और एसटीएफ कुमाऊं की टीम ने उसे गुरुवार रात मथुरा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। एक फरवरी 2025 की रात राकेश सक्सेना निवासी जनता फार्म पर तीन युवकों ने लूट के दौरान कुल्हाड़ी से वार कर दिए थे। गंभीर चोट से राकेश आज भी मरणासन्न हालत में है। पुलिस पहले ही दो आरोपी विकास पाल उर्फ मुर्गा व रोि. हत पाल को जेल भेज चुकी है। मुख्य आरोपी चेतन सिंह बिष्ट पुत्र नर सिंह बिष्ट निवासी हल्द्वानी फरार था। एसएसपी के 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत उस पर 10 हजार का इनाम था। मुखबिर की सूचना पर टीम ने मथुरा में खानाबदोश की तरह रह रहे चेतन को दबोच लिया। उसे पकड़ न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, उपनिरीक्षक विपिन जोशी, किशोर कुमार,महेन्द्र गिरी,विनोद जोशी योगेश भट्ट सहित शामिल थे ।



# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम आज

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम की पूरी तैयारियां हो गई है। शनिवार सुबह प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत व बोर्ड सभापति डॉ. मुकुल सती बुकलेट जारी करेंगे। इस दौरान 2025 की सुधार परीक्षा द्वितीय का परिणाम की घोषणा भी होगी। हाईस्कूल में एक लाख 12 हजार 266 और इंटरमीडिएट में एक लाख दो हजार 986 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए हैं। सभी स्कूलों को अलग-अलग पोर्टल और पासवर्ड दिए जाएंगे। इससे छात्र अपने स्कूल में ही आसानी से रिजल्ट देख सकेंगे। बोर्ड की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in पर भी परिणाम 10 बजे ही अपलोड कर दिए जाएंगे।

# रामनगर में जनगणना का कार्य आज से शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर में जनगणना का कार्य शनिवार से शुरू हो जाएगा। नगर पालिका परिषद रामनगर के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने शुक्रवार को बताया कि कल यानि शनिवार को जनगणना का कार्य से शुरू हो जाएगा। यह जनगणना 25 अप्रैल से शुरू हो कर 24 मई को समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 82 प्रगणक एवं 17 सुपरवाइजर्स कार्य शुरू करेंगे। सभी को भारत सरकार के द्वारा जारी की गई सामग्री एवं पहचान पत्र दे दिए गए हैं।

# लोहाघाट में कराटे चैंपियनशिप का धमाकेदार आगाज



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** युवाओं में खेल भावना को नई दिशा देने और मार्शल आर्ट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को लोहाघाट के युवा भवन में जिला कराटे चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

जनपद के अलग-अलग विकासखंडों और दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग करते हुए प्रतियोगिता को उत्साह और जोश से भर दिया। प्रतियोगिता को सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्गों में आयोजित किया गया, जिससे हर आयु वर्ग के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

इस मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कराटे जैसी विधाओं को आत्मरक्षा के साथ मानसिक मजबूती और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने वाला बताया और खिलाड़ियों को पूरी निष्ठा और खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, कराटे कोच दीपक सिंह अधिकारी सहित आयोजक मंडल, अभिभावक और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# पेयजल में लापरवाही नहीं चलेगी गुणवत्ता जांच अनिवार्यः डीएम

- पिथौरागढ़ में पानी पर एक्शन मोडः डीएम के कड़े निर्देश, तय होगी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जनपद में पेयजल व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल निगम एवं उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा पिथौरागढ़ द्वारा संचालित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, ग्रामीण एवं नगरीय पेयजल आपूर्ति, ग्रीष्मकालीन जल संकट प्रबंधन तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास खण्डवार पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए



अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए सभी संवे. दनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए तथा जहां आवश्यकता हो, वहां टैंकर एवं पिकअप वाहनों के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगरीय क्षेत्रों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि पिथौरागढ़ नगर सहित अन्य नगरों में पेयजल की मांग एवं आपूर्ति में अंतर के कारण कुछ क्षेत्रों में एक दिन के अंतराल से जलापूर्ति की जा रही है और फिलहाल पेयजल को लेकर कोई समस्या नहीं बनी हुई है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्रभावित मोहल्लों में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा लीकेज, तकनीकी समस्याओं एवं अन्य बाधाओं का त्वरित समाधान किया जाए।

बैठक में हैंडपंपों, ट्यूबवेल एवं वाटर टैंकरों की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि खराब हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें क्रियाशील बनाया जाए तथा नए टैंकरों की स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधीक्षण अभियंता जल निगम रंजीत धर्मशक्तू, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, अधिशाषी अभियंता जल संस्थान सुरेश जोशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### टनकपुर में गौवंश सुरक्षा को 'रेडियम बेल्ट' अभियान शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** नगर पालिका परिषद, टनकपुर द्वारा शहर में बेसहारा गौवंशों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से 'रेडियम बेल्ट' अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान पशुपालन विभाग और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया गया।



अभियान के तहत नगर पालि. का कर्मचारियों ने शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और आवासीय क्षेत्रों में विचरण कर रहे गौवंशों के गले में रेडियम बेल्ट बांधे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं को कम करना है, क्योंकि अंधेरे में सड़क पर बैठे या घूमते पशु वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार, रेडियम बेल्ट पर वाहनों की हेडलाइट पड़ते ही वह दूर से चमकने लगेगा, जिससे चालक समय रहते सतर्क हो सकेंगे और दुर्घटनाओं से बचाव संभव होगा। पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार एवं अधिकारी अधिशासी ऋषभ उनियाल ने नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे विशेषकर रात के समय सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं, निर्धारित गति सीमा का पालन करें और सड़कों पर मौजूद पशुओं के प्रति संवेदनशीलता बरतें।

### जिला प्रशासन की तत्परता से पीड़ित परिवार को मिली राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** मुख्यमंत्री की विधानसभा क्षेत्र में जिला प्रशासन की जितनी भी सराहना की जाए, कम है। ताजा मामला ग्राम पंचायत मनिहारगोठ का है, जहां एक गरीब परिवार की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लगने से घर में रखा समस्त सामान जलकर राख हो गया।



घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा जिलाधिकारी मनीष कुमार को दी गई। सूचना मिलते ही डीएम ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए राहत कार्य शुरू कराया। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई, साथ ही तहसीलदार मोहिउद्दीन एवं लेखपाल सुनील बुराठी के द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में नगद राशि की भी व्यवस्था की गई। जिला प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है। वहीं, ग्राम सभा के लोगों ने प्रशासन के इस मानवीय और संवेदनशील रवैये की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। जिला प्रशासन की इस मानवीय पहल के लिए मस्जिद कमेटी के सदर कदीर हुसैन, पूर्व सदर शाफिकुर रहमान, प्रदेश मंत्री अमजद हुसैन, पत्रकार आबिद सिद्दीकी, ग्राम प्रधान शहाना खातून, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद यामीन, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मुवशशिर अली सहित कई गणमान्य लोगों ने जिला प्रशासन का धन्यवाद किया।

# जनगणना 2026: नौ दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

- पालिका अध्यक्ष ने शिक्षकों को सौंपी जनगणना किट
- 25 अप्रैल से घर-घर होगी जनगणना

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** आगामी 25 अप्रैल से 24 मई तक चलने वाली राष्ट्रीय जनगणना के सफल संचालन हेतु नगर पालिका प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने नौ दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद जनगणना कार्य में तैनात शिक्षकों को आवश्यक किट वित. रित की।

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि किट वितरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि फील्ड में कार्य के दौरान गणना कर्मियों को



किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने सभी शिक्षकों से इस राष्ट्रीय कार्य को पूरी निष्ठा और सटीकता के साथ करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े ही देश के विकास की भावी योजनाएं तैयार करने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं नगर पालिका ईओ प्रियंका सिंह ने भी शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले गणनाकर्मियों को सही और सटीक जानकारी देकर इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान कोमल भुल्लर, सुरेश शर्मा, कमल सिंह सामंत और दीपिका समेत नगर पालिका के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे गाबा ने पीड़ित परिवारों को बंधाया ढांढस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** विभिन्न क्षेत्रों से अलग-अलग कारणों से हुई दुर्घटनाओं, अप्राकृतिक अथवा असामयिक मौतों के चलते रुद्रपुर पोस्टमार्टम हाउस में छह शव पोस्टमार्टम हेतु पहुंचे। भारी शोकाकुल माहौल में समाजसेवी सुशील गाबा ने सभी मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा राज्य सरकार से सभी मृतकों को मुआवजा देने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर मंडल पुत्र अरेंन्द्र नाथ मंडल, उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम मुकरंदपुर अपनी ठेली लेकर वापस अपने घर मुकरंदपुर जा रहे थे, तभी डेथ जोन के नाम से कुख्यात महतोष मोड़ पर उनको एक अज्ञात वाहन नें कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना में लालपुर निवासी टुकटुक चालक संजय बैरागी पुत्र सुशील बैरागी को किच्छा से बाइक पर वापस लौटते समय एक डग्गामार बस ने कुचल दिया। स्व. संजय के तीन अबोध बच्चें हैं। इसी प्रकार आरिस पुत्र बाबू शाह, उम्र 20 वर्ष, निवासी सिरौंली, किच्छा की भी अज्ञात कारणों के चलते मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शक्तिफार्म निवासी मनोज विश्वकर्मा पुत्र गोपाल विश्वकर्मा उम्र 45 वर्ष ने भी फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, तो वहीं सूरज हीरा पुत्र



सुभाष हीरा उम्र 27 वर्ष भी अपने घर से कुछ दूरी पर संदिग्ध परिस्थितियों सें मृत पाए गए, जिनकी मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं तीन दिन पूर्व मिले अज्ञात शव का भी पोस्टमार्टम कराया गया।

स्माजसेवी सुशील गाबा ने ने सभी मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा राज्य सरकार से सभी मृतकों को मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान जगदीश तनेजा, हैप्पी रंधावा, मन्नू चौधरी, बलराज ढाली, गौरव, मोनू निषाद, सचिन मुंजाल, नीतिश, मौ. नाहिद, दिलशाद अली, पंकज मंडल, विष्णु मंडल, सुखरंजन मंडल, मिथुन, शाहिद, हनीफ, ईकरार, महफूज आलम, मुनब्बर अली, तजाकत, सुशान्त, कार्तिक मंडल, रंजन समद्दार, डालचंद, दीपक, राकेश, माला गाईन, सुब्रत, जयन्ति, प्रदीप, काशीनाथ मंडल, रंजन, रजत, कमल ढाली आदि मौजूद थे।

### पालिकाध्यक्ष की तत्परता से रातों-रात नाली चोक की समस्या का समाधान

शाह टाइम्स संवाददाता



**टनकपुर।** स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्या को गंभीरता से लेते हुए पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार ने त्वरित कार्रवाई कर राहत दिलाई। वर्मा लाइन क्षेत्र में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शाहिद हुसैन के घर के समीप नाली चोक होने के कारण गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा था, जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध का माहौल बना हुआ था।

रात 10 बजे मौके पर पहुंची टीम, गंदे पानी से जूझ रहे लोगों को मिली राहत

मामले की जानकारी मिलते ही पालिका अध्यक्ष ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही पालिका टीम मौके पर पहुंची और रात करीब 10:00 बजे नाली की सफाई व अवरोध हटाने का कार्य शुरू किया। कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए चोक नाली को खोलकर समस्या का समाधान कर दिया। समस्या के समाधान के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और पालि. का प्रशासन का आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि समय पर की गई इस कार्रवाई से बड़ी परेशानी टल गई।

# सदस्य उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने की योजनाओं की समीक्षा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सदस्य उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग योगेश रजवार द्वारा जिला प्रोबेशन कार्यालय में महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया कि वर्तमान में बालकों हेतु राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी तथा अनमोल फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बालकों हेतु बाल देख-रेख संस्थान संचा. लित है। उन्होंने बताया कि जनपद में रुद्रपुर रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन तथा खटीमा बस स्टेशन पर चाइल्ड हेल्प लाइन की हेल्प डेस्क संचालित है, जहां 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद के स्कूलों में पॉक्सो की जागरूकता हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसपर सदस्य ने निर्देश दिए कि विभिन्न स्कूलों में बच्चों तथा अभिभावकों के साथ बैठक कर पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी जाए, ताकि पॉक्सो के मामलों की संख्या में कमी आ सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि मलिन बस्तियों में निवासरत देखरेख की आवश्यकता वाले बालकों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जाए। बाल कल्याण समिति द्वारा आवगत कराया गया कि उनके द्वारा देख रेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की निरंतर काउंसलिंग भी करायी जा रही है। जिला प्रोब. ेशन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अक्टूबर 2023 से वर्तमान तक 243 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। जिस पर सदस्य ने निर्देश दिए कि जागरूकता अभियान से क्या आउटकम निकल रहा है, इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक के उपरांत सदस्य ने राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान 9 किशोर उपस्थित थे तथा सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला परिवीक्षा अधिकारी डा. रत्नेश सिंह, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जितेन्द्र, सदस्य बाल कल्याण समिति उमेश, शंकर लाल, प्रभारी अधीक्षक राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर, चांदनी, वन स्टॉप सेंटर कॉर्डिनेटर कविता बडोला, चाइल्ड हेल्पलाइन कॉर्डिनेटर संगीता, केस वर्कर आदि उपस्थित थे।

# अब बख्शे नहीं जाएंगे अतिक्रमणकारी

- टनकपुर पालिका का अल्टीमेटम
- रविवार तक खुद हटाओ, वरना सोमवार से जब्ती और जुर्माना तय



शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** शहर की सड़कों और फुटपाथों पर कब्जा जमाकर बैठने वालों के खिलाफ अब नगर पालिका परिषद, टनकपुर ने सीधा मोर्चा खोल दिया है। चलाए गए सख्त अभियान में पालिका प्रशासन ने चड्डा चौराहा से मेला टंकी मार्ग तक अतिक्रमणकारियों को खुली चेतावनी दे दी, कि खुद हट जाओ, या कार्रवाई झेलने के लिए तैयार रहो।

अधिशासी अधिकारी ऋषभ उनियाल के नेतृत्व में टीम खुद सड़कों पर उतरी और मुनादी कराकर साफ कर दिया कि फुटपाथ अब व्यापार की जगह नहीं, आम जनता के चलने के लिए हैं। बावजूद इसके वर्षों से जमा अतिक्रमण के चलते इस मार्ग पर रोज जाम लग रहा है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। पालिका ने दो टूक कहा है कि रविवार तक हर हाल में अतिक्रमण हट जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो सोमवार से 'वृहद अतिक्रमण हटाओ अभियान' शुरू होगा, जिसमें सड़कों और फुटपाथों पर रखा हर सामान मौके पर जब्त किया जाएगा। साथ ही नियम तोड़ने वालों पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान के दौरान वरिष्ठ लिपिक बसंत राज, सफाई सुप. रवाइजर राकेश, रामरतन और विशाल बाबू समेत पूरी पालिका टीम मौजूद रही। प्रशासन ने साफ संकेत दे दिए हैं कि इस बार कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। पालिका प्रशासन ने व्यापारियों से अपील जरूर की है, लेकिन संद. ेश बिल्कुल स्पष्ट है, अब टनकपुर की सड़कों पर कब्जा करने वालों की खैर नहीं।

### बाबा साहेब की प्रतिमा का भव्य अनावरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** मोहम्मद पुर भूड़िया में संविधान शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।



विधायक कापड़ी ने जगाई शिक्षा की अलख

क्षेत्रीय विधायक भुवन चंद्र कापड़ी द्वारा ग्रामवा. सियों को बाबा साहब की प्रतिमा भेंट की गई, जिसका उन्होंने विधिवत अनावरण किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक कापड़ी ने बाबा साहब के मूल मंत्र षशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोष पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आज हमारी किताबों और विचारों में जीवित हैं। उन्होंने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो इसे पिएगा वह दहाड़ेगा। समाज के उत्थान के लिए शिक्षा ही एकमात्र शक्तिशाली शस्त्र है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि और समाजसेवी मीना देवी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कपिल देव ने किया। यहां हरिप्रसाद, विनोद कुमार, राकेश कुमार, सीताराम गौतम, सत्यनारायण, रवि गौतम, अमन जाटव, अमन चौधरी, रामप्रवेश, किशोर, अजय पाल, विजय कुमार, डा. उत्तम कुमार, उमेश प्रजापति, अरविंद कुमार, प्रदीप कुमार, दान सिंह राणा, पप्प, शतपाल राणा, मनोज कोहली, छोटेलाल, करन सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दशक पुराने गन्ना कानून में बड़ा संशोधन

- 14 दिन में भुगतान अनिवार्य, देरी पर 15 प्रतिशत ब्याज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** गन्ना किसानों को राहत देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने वर्ष 1966 के गन्ना कानून में अहम संशोधन किया है। नए प्रावधान के तहत अब चीनी मिलों को गन्ना खरीदने के बाद 14 दिन के भीतर किसानों को भुगतान करना अनिवार्य होगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं किया जाता है, तो संबंधित मिल को किसानों को 15 प्रतिशत की दर से ब्याज भी देना होगा।



गौरतलब है कि गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर किसान लंबे समय से आंदोलन करते रहे हैं। अधिकांश चीनी मिलें समय पर भुगतान नहीं कर पातीं, जिससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। चीनी के दाम स्थिर रहने और गन्ने के समर्थन मूल्य में हर वर्ष वृद्धि होने के कारण मिलों की लागत बढ़ती जा रही है, जिससे भुगतान में देरी की समस्या और गंभीर हो जाती है। हालांकि, कुछ चीनी मिलें एथेनॉल, ऊर्जा तथा अन्य उप-उत्पादों के उत्पादन के माध्यम से अपनी लागत निकाल. कर किसानों को समय पर भुगतान कर रही हैं, लेकिन अधिकांश मिलों में यह स्थिति नहीं है। इस संशोधन का स्वागत करते हुए उत्तराखंड सरकार के गन्ना राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू ने इसे किसान हित में बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि समय पर गन्ना मूल्य भुगतान होने से किसानों की गन्ना खेती में रुचि बढ़ेगी, जिससे क्षेत्रफल में भी वृद्धि होगी। साथ ही उन्होंने गेहूं कटाई के बाद गन्ना बोने वाले किसानों से अपील की कि यदि उन्हें गन्ना बीज की कोई समस्या हो, तो वे काशीपुर स्थित गन्ना शोध केंद्र से संपर्क करें। समस्या का समाधान न होने पर वे सीधे उनसे भी संपर्क कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर ग्राम पंचायत के कार्यों की दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नदंना ग्राम पंचायत भवन में आयोजित राष्ट्रीय ग्राम पंचायत राज दिवस की ग्राम प्रधान माया जोशी ने जानकारी दी। उन्होंने वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा दिलाने की जानकारी दी। उन्होंने इसका उद्देश्य ग्राम स्वशासन को सशक्त बनाना कर विकसित भारत के संकल्प को ग्राम सभा के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचना है।

विकासखंड की ओर से नामित आशा राणा ग्रुप मोविलाइजर की उपस्थिति एवं ग्राम प्रधान माया जोशी की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत राज दिवस पर पंचायती राज व्यवस्था को लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण स्थानीय स्वशासन की स्थापना है। जिसमें ग्रामीण जनता की निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने इस व्यवस्था को ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला परिषद के माध्यम से इस को पूरा करना है। आशा राणा ने त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था के उद्देश्यों को पूरा करने हेतु ग्राम वासियों के सहयोग की अपेक्षा की । बैठक में नीला पोखरिया, सोनम देवी, मिथलेश देवी, वीर सिंह, अनमोल सिंह, जितेंद्र सिंह राणा, हर सिंह थापा, धर्मानंद जोशी सुरेश सिंह राणा, कमलचंद, प्रकाश भंडारी, मानसिंह राणा, रामकली, देवकी देवी, रतन मंजरी, सतीश सिंह, कमला देवी, दीप चंद, गणेश जोशी, फूल कुमार, अमर सिंह , राजा राम, गायत्री बिष्ट आदि मौजूद थे।

# मुफ्त चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़, 70 लोगों को मिला लाभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए टनकपुर पावर स्टेशन परिसर, बनबसा में शुक्रवार को नि:शुल्क मासिक ओपीडी एवं एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य ने किया। इस अवसर पर पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिविर में मैक्स अस्पताल से आए न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. केशव मिश्रा और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभित रस्तोगी ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। पावर स्टेशन में नियमित रूप से ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिससे कर्मचारियों, उनके परिजनों और स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस आयोजन को सफल बनाने में पावर



स्टेशन अस्पताल की टीम का विशेष योगदान रहा। शि. विर में पावर स्टेशन के कर्मचारियों, उनके परिवारों, सीआईएसएफ के जवानों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 70 लोगों ने इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

# बाजपुर में किलकारी कार्यक्रम पर कार्यशाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** उप जिला चिकित्सालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित किलकारी एवं मोबाइल अकादमी कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में अरमान संस्था के प्रतिनिधि डा. अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि किलकारी कार्यक्रम गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए भारत सरकार की एक नि:शुल्क मोबाइल आधारित सेवा है। इस सेवा के तहत लाभार्थियों को 1600403660 नंबर से गर्भावस्था और नवजात शिशु के स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारी 72 सप्ताह तक साप्ताहिक रूप से प्रदान की जाती है। साथ ही लाभार्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से 14423 या 1800532155 डायल कर भी संदेश सुन सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं के लिए मोबाइल अकादमी के माध्यम से प्रशिक्षण कोर्स भी उपलब्ध है, जिससे वे अपने मोबाइल फोन के जरिए गर्भावस्था और नवजात शिशु देखभाल से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। कार्यशाला के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एमके जायसवाल ने कहा कि किलकारी सेवा की पहुंच बढ़ाने में अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर बृजबाला शर्मा, आशा फैसिलिटेटर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक डाटा प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईआईटी में अनुदेशकों की भर्ती में हस्तक्षेप से हाई कोर्ट का इन्कार

## योग्यता के मानदंडों में बदलाव करने को उचित नहीं बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में अनुदेशकों के 370 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति रवींद्र मैथानी की एकल पीठ ने इस संबंध में दायर की गई कई रिट याचिक. ाओं को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि भर्ती के लिए राष्ट्रीय शिल्प अनुदेशक प्रमाणपत्र (एनसीआईसी/सीआईटीएस) एक अनिवार्य योग्यता बनी रहेगी। अदालत ने अपने निर्णय में जोर देकर कहा कि भर्ती प्रक्रिया उत्तराखंड राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (अनुदेशक) सेवा नियमावली, 2003श के अनुसार संचालित हो रही है। इन नियमों में वर्ष 2022 में संशोधन कर अनुदेशकों के लिए एनसीआईसी प्रमाणपत्र को अनिवार्य शैक्षिक योग्यता घोषित किया गया था। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि भारत सरकार के प्रशिक्षण महा. निदेशालय ने जून 2023 के एक कार्यालय ज्ञापन के जरिए इस योग्यता में ढील दी थी। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि जब तक राज्य सरकार अपनी सेवा नियमावली में औपचारिक संशोधन नहीं करती, तब तक केंद्र के निर्देश स्वतः लागू नहीं माने जा सकते। हाईकोर्ट ने विभिन्न कानूनी उदाहरणों का हवाला देते हुए कहा कि भर्ती के विज्ञापन जारी होने के बाद योग्यता के मानदंडों में बदलाव करना उचित नहीं है। चूंकि विज्ञापन 16 फरवरी 2024 को जारी किया गया था, इसलिए उस समय प्रभावी सेवा नियमों का पालन करना अनिवार्य है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अदालत में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वे सेवा नियमों के विरुद्ध कोई भी विज्ञापन जारी नहीं कर सकते। आयोग ने तर्क दिया कि विज्ञापन के समय जो नियम अस्तित्व में थे, उन्हीं के आधार पर चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि उत्तराखंड में अनुदेशकों के कुल 1386 स्वीकृत पदों में से केवल 373 पदों पर ही नियमित अनुदेशक कार्य कर रहे हैं। भारी कमी को देखते हुए राज्य सरकार ने आयोग को वर्तमान प्रक्रिया को बिना किसी ढील के जारी रखने का निर्देश दिया था। अदालत ने उन उम्मीदवारों के हस्तक्षेप आवेदनों को भी खारिज कर दिया जो अनंतिम मेरिट सूची में शामिल थे। कोर्ट का मानना था कि केवल चयन सूची में नाम आने से नियुक्ति का कोई अटूट अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता याचिकाकर्ता, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक एन सी आई सी प्रमाणपत्र नहीं था, उन्होंने भर्ती में शामिल होने की अनुमति मांगी थी। हालांकि अदालत ने राहत नहीं दी, लेकिन राज्य सरकार ने संकेत दिया है कि भविष्य की रिक्तियों के लिए नियमों में आवश्यक बदलाव किए जा सकते हैं। इस फैसले के साथ ही अब राज्य में अनुदेशक भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। अदालत ने अंत में यह निष्कर्ष निकाला कि अनुच्छेद 309 के तहत बनाई गई वैधानिक नियमावली किसी भी प्रशासनिक आदेश या कार्यकारी निर्देश से ऊपर है।


### सरकार को तीन हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के लाखांमंडी क्षेत्र के निवासियों को वन विभाग के द्वारा बिना उन्हें सुनवाई का मौका दिये हटाए जाने के मामले पर समाजसेवी भुवन चन्द्र पोखरिया के पत्र का संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से इसपर तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

## घर तक सिलेंडर पहुंचाने की कीमत 100 की जगह में 400 रुपए तल्लीताल में चल रही मनमानी पर लोगों को फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी पर मनमाने शुल्क वसूले जाने को लेकर लोगों मे आक्रोश है। आमतौर पर सिलेंडर की कीमत में डिलीवरी चार्ज शामिल होता है या फिर बहुत मामूली अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकता है लेकिन तय दर से अधिक पैसे लेना नियमों के खिलाफ है। स्थानीय निवासी दीपेश भट ने बताया की जिस दिन भी धर्मशाला क्षेत्र मे सिलेंडर वितरित हो रहें हैं उससे एक दिन पहले अराजक तत्व पहले ही सिलेंडर की लाइन लगा दे रहे हैं जिससे लोग पैनिक हो रहें है कहा की जिनके घर दूर हैं वह लोग यहां पर आकर सिलेंडर लगा नहीं सकते हैं लेकिन सिलेंडर घर छोड़ने के 400 रुपया किराया लिया जा रहा है। दीपेश ने प्रशासन से मांग की है इस मामले को लेकर कार्रवाई की जाएं जो लोग रात को ही सिलेंडरों की लाइन लगा रहें हैं उनके सिलेंडर सीज किया जाएं और उन लोगों पर कार्रवाई की जाएं जो 100 रूपये के किराये पर 400 रूपये वसूल रहें है। दूसरी ओर मामले मेंपर्वत गैस सर्विस की मैनेजर अंकिता पांडे ने बताया की सिलेंडर बुकिंग के आधार पर ही वितरित किए जा रहें हैं बताया की शहर में सिर्फ एक ही जगह समस्या आ रही है यहा पर लोग पहले ही सिलेंडर की लाइन लगाना शुरू कर दे रहें हैं। सहयोग करने के वजाय लोग यह कह रहें है की हम तो 4 दिन से लाइन मे लगे हैं जबकि सिलेंडर होम डिलीवरी कराई जा रही है। लाइन पर लगकर अनावश्यक प्रेसर किया जा रहा है। शहर मे जगह जगह सिलेंडर वितरित किए जा रहें है कही पर भी ऐसी समस्या नहीं आ रही है तल्लीताल धर्मशाला क्षेत्र को छोड़कर सिलेंडर आ रहें हैं और रोस्टर के हिसाब से बांटे जा रहें है।




## एक नजर

### कपिल नैनवाल को मिली पीएचडी की उपाधि



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि नैनीताल ने रामनगर निवासी कपिल नैनवाल को अर्थशास्त्र विषय में पीएचडी की उपा. धि प्रदान की है। बता दें कपिल ने अपना शोध कार्य राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ के सहायक प्राध्यापक डा. हरीश चंद्र जोशी के निर्देशन में पूरा किया। कपिल के शोध का विषय इमपैक्ट ऑफ स्किल डपलपमेंट एंड एजूकेशन आन जेंडर इनपावरमेंट: ए स्टैडी आफ नैनीताल डिस्ट्रिक्ट आफ उत्तराखंड था।

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित

**नैनीताल।** भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण/ पद्म भूषण एवं पद्म श्री) देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल है। वर्ष 1945 में स्थापित ये पुरस्कार प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, जनसंपर्क, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि विविध क्षेत्रों में विशिष्ट एवं असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना है। इन पुरस्कारों के लिए जाति, व्यवसाय तथा पद अथवा लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नैनीताल जिले के इच्छुक व्यक्तियों अथवा संस्थाओं से अपील की है कि वह अपने नामांकन /सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल एचटीटीपीएस/एडबलूएआरडीएस डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें शुरू हो गई हैं और नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है।

### नैनीताल के पंगोट लदबांसी से युवक लापता

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती पंगोट लदबांसी क्षेत्र का एक युवक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है। युवक को आखिरी बार रोडवेज स्टेशन तल्लीताल में देखा गया था जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंगोट लदबांसी निवासी दीपक नैनीताल में मजदूरी का कार्य करता है। बुधवार को वह अपने तीन साथियों के साथ तल्लीताल क्षेत्र में घूम रहा था। इसी दौरान जब उसके साथी सामान लेने में व्यस्त थे तो दीपक अचानक वहां से गायब हो गया। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। वीरवार को दोस्तों और परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। थानाध्यक्ष मनोज नयाल ने बताया कि युवक की तलाश जारी है और सभी संभावित स्थानों पर जांच की जा रही है लेकिन फिलहाल उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### नैनीताल में एलपीएस डे मनाया, ब्लू हाउस ने झटकी ट्राफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के प्रतिष्ठित लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एलपीएस डे का विशेष आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। उसके पश्चात विभिन्न हाउस के चयनित विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी हाउस के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया कार्यक्रम के अंत में विजयी छात्रों तथा उसने हाउस को एलपीएस डे ट्राफी से सम्मानित किया गया। एलपीएस डे ट्राफी 2026 का विजयी हाउस बलू रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य कविता सनवाल विद्यालय की प्रबंधक सुनीता त्रिपाठी, संरक्षक प्रो. एचबी त्रिपाठी तथा सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।




### बाघ के हमले में मारे गए युवक के परिवार को एसएसपी ने बंधाया ढांढस

**हल्द्वानी।** तल्लीताल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ज्योलीकोट के भद्युनी गांव में बाघ के हमले से हुई मौत पर शुक्रवार देर शाम एस एस पी डा. मंजुनाथ टीसी ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की सलाह दी और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र में गश्त और सतर्कता बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। साथ ही स्थानीय लोगों से भी सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की गई है।



# उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज सैंगुइन वी केयर वेलफेयर सोसाइटी तथा उत्तराखंड हेरिटेज मीडिया के समन्वय से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत राष्ट्रीय ग्रामय सशक्तिकरण पुरस्कार 2026 का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की फउंडर एवं डायरेक्टर डा. कंचन नेगी द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात देशभर से आए ग्राम प्रधानों, समा. जसेवकों एवं शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों में जम्मू कश्मीर से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सफीना बेग, डा. स्वाति नेगी (सर्वश्रेष्ठ शिक्षक प्रबंधन), दीपिका चौहान (बेस्ट प्रधान), संगीता देवी (आउटस्टैंडिंग सरपंच), सुधीर रतौड़ी (सर्वश्रेष्ठ ग्राम प्रधान), इमरान खान (सर्वश्रेष्ठ मास्टर ट्रेनर) तथा अनमोल भट्ट (स्वच्छ भारत मिशन हेतु समाजसेवक) शामिल रहे। कार्यक्रम में यूनिवर्सल अकैडमी और हिमालयन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी भी रही। विशेष रूप से वे विद्यार्थी जिनके पाठ्यक्रम में पंचायती राज व्यवस्था सम्मिलित है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायती राज हमारे देश की सबसे पुरानी एवं सशक्त व्यवस्था है जिसे और अधिक मजबूत बनाने के लिए पंचायतों तथा समाज के विभिन्न अंगों के बीच समन्वय आवश्यक है वहीं डा. कंचन नेगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पंचायती राज प्रणाली से परिचित कराना और उन्हें जमीनी नेतृत्व से जोडना है ताकि लोकतंत्र की यह आधारभूत संरचना और अधिक सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम में डा. केएस नेगी, सुशीला नेगी, बिरेन्द्र सिंह, आंचल बिष्ट, नीरू सिंह एवं अंकिता नेगी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का फायर सेफ्टी निरीक्षण

**नैनीताल।** नगर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए अग्निशमन विभाग ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अभियान चलाया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अभियान के तहत विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों में ायर सेप्टी उपकरणों की जांच की गई। इस दौरान मौजूद स्टाफ को फायर एसटिंग्यूशर के सही उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया ताकि आग लगने की स्थिति में तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां अग्नि सुरक्षा में कमियां पाई गई वहां संबंधित संच. ालकों को उन्हें जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए साथ ही अग्निशमन विभाग ने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

### लक्षणों पर सचेत, तो बीमारियों से दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** आशा फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को नैनीताल के पास नारायणनगर गांव में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। यह कार्यक्रम पालिका के क्षेत्रीय सभासद भगवत सिंह रावत और समाज सेविका रश्मि सारेला के आग्रह पर आयोजित किया गया। इस मौके पर सभी गांव की महिलाओं को एकत्रित किया गया। उनका कहना था कि यहां पर आसपास के गांव में जागरूकता के अभाव से लोग अपनी बात कह नहीं पाते हैं और बड़ी बड़ी बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। आज लगभग 100 महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ स्तन कैंसर से बचाव और स्वयं परीक्षण करना बताया गया। बुजुर्ग महिलाओं को पिंक कलर का स्टाल पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा कि स्तन कैंसर के लक्षणों को अगर हम सचेत रहते हैं तो काफी हद तक जान सकते हैं। आज महिलाओं और बालिकाओं को रियुसिएबैल पैड्स फ्री में मुहैया कराए गए और बाजार से मिलने वाले पैड्स का पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से भी अवगत करवाया गया। इस दौरान आशा शर्मा के साथ टीम से बच्ची सिंह नेगी, वीरू, भगवत सिंह, रश्मि सारेला, वैशाली आदि साथ में थे।



## 16वां राष्ट्रीय पसमांदा सम्मेलन कल लखनऊ में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मोमिन अंसार सभा के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष ज़हीर आलम अंसारी ने प्रेस को जारी एक बयान में बताया कि आगामी 26 अप्रैल रविवार को लखनऊ के चारबाग स्थित रवींद्रालय में आयोजित होने वाले 16वें राष्ट्रीय पसमांदा सामा. जिक व सियासी वक़ार बचाओ सम्मेलन में उत्तराखंड से एक प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेगा। ज़हीर अंसारी ने बताया कि संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक सम्मेलन में उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उनके साथ मुख्य रूप से नसीम अहमद वारसी, रज़ा अली अंसारी, मुख्तार अंसारी, फारुख अंसारी, मोहम्मद नाजिम और शानू खान सहित राज्य के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचेंगे। ज़हीर अंसारी ने बताया कि पसमांदा सम्मेलन का मकसद पसमांदा मुसलमानों, अंसार समाज, बुनकरों और दस्तकारों को उनकी आबादी के अनुपात में राजनीति और शासन में भागीदारी दिलाना है। इस सम्मेलन में उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित 15 से अधिक राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ज़हीर अंसारी ने कहा मोमिन अंसार सभा पिछले 16 वर्षों से समाज को संगठित करने का काम कर रही है। हमारा नारा है आइये! इंसानियत के मददगार बनें। उत्तराखंड से जाने वाला यह दल वहां राज्य की समस्याओं और समाज की भागीदारी को मज़बूती से रखेगा।

# भीमताल में बहुप्रतीक्षित पार्किंग का निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भीमताल नगरवासियों की सात साल पुरानी मांग जल्द पूरी होने वाली है। जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों ने बताया कि भीमताल में बहुप्रतीक्षित पार्किंग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इस परियोजना से नगर की जाम समस्या से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी के अथक प्रयासों और लगातार पत्राचार के बाद यह कार्य गति पकड़ सका। मुख्यमंत्री द्वारा भीमताल में पार्किंग निर्माण की घोषणा के बाद भी विभागीय कागजी कार्यवाही के कारण यह योजना लंबित रही। किंतु बृजवासी लगातार विभाग, शासन/प्रशासन पर अपने पत्राचार माध्यम से लगातार दबाव बनाए रखे, जिसके फलस्वरुप डीडीए सचिव विजय नाथ शुक्ल ने आज बृजवासी को बताया कि मत्स्य विभाग के समीप बाईपास भूमि पर अनुबंध गठन करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, इस पार्किंग में करीब 100 से 150 वाहनों की पार्किंग की सुविधा होगी। विभागीय औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने से भीमताल में यातायात व्यवस्था को राहत मिलेगी और स्थानीय लोगों व पर्यटकों को पार्किंग की सुविधा होगी।



# समाजशास्त्र में कविता पाठन भी ज़रूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में समाजशास्त्र विभाग एवं विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान पोएट्री आ टूल फॉर सोशल अवेकनिंग विषय पर अतिथि के रूप में मौजूद अमिताभ सिंह बाघेल ने व्याख्यान दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति जोशी ने स्वागत उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि समाजशास्त्र के अध्ययन के साथ कविता का पठन भी अनिवार्य है क्योंकि दो पंक्तियाँ वह कह देती हैं जो एक गहन शोध भी पूरी तरह नहीं कह पाता। कार्यक्रम का संच. ालन प्रो. प्रियंका नीरज रुवाली द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आगाज पोएट्री मूवमेंट के संस्थापक तथा नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल जिंदल लिटरेचर फेस्टिवल और कौशला लिटरेचर फेस्टिवल के संस्थापक व आयोजक अमिताभ सिंह बघेल रहे। श्री अमिताभ ने अपने व्याख्यान में उर्दू एवं हिंदुस्तानी शायरी की उस परंपरा पर प्रकाश डाला जो सदैव सामाजिक जागृति का माध्यम रही है। प्रो नीरजा टंडन (सेवा. निवृत हिंदी विभाग) ने साहित्य को मन का भोजन बताते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य यथार्थ के साथ जो होना चाहिए भी दिखाता है। प्रभारी परिसर निदेशक प्रो. चंद्रकला रावत ने कहा कि कबीर से लेकर कुमाऊं में गुमानी पंत तक सभी रचनाकारों ने मानवता जगाने का काम किया है। कार्यक्रम में विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि मान. सिक उज्ज्वलता का स्रोत कहा तथा मस्तिष्क का सुकून सबसे बड़ा आनंद है। कार्यक्रम में परिसर के कई गुरुजन समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रही।



# व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने पर फोकस

## पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन एनयूजे-आई चुनाव की दिशा में अपने संविधान में करेगा संशोधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** देश के पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन एनयूजे-आई यानी नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) ने आसन्न चुनाव की ओर बढ़ते हुए लंबे समय से पुराने संविधान के कारण संगठन के समक्ष आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को देखते हुए व्यापक संशोधन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। नैनीताल जनपद के रामगढ़ स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित राष्ट्रीय पदाधिकारियों और चुनाव आयोग के सदस्यों की बैठक में विचार-विमर्श के बाद संविधान संशोधन कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया।

कमेटी का संयोजक उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे को बनाया गया है। जबकि समिति में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलकांत उपमन्यु, राकेश शर्मा, सीमा किरण, उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष राम चंद्र कनौजिया और राजीव नैनम को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति एनयूजे आई कोटा राशि में वृद्धि, जोन व्यवस्था को समाप्त करने, किसी राज्य से सचिव व उपाध्यक्ष दो बार ही बनने एवं उन्हें उनके राज्य का ही प्रभारी बनाने की व्यवस्था में बदलाव, केंद्र के साथ राज्य इकाइयों में एक व्यक्ति-एक पद की व्यवस्था बनाने, डेलीगेट व यूनियन काउंसिल मेंबर क्रमशः 40 व 80 सदस्यों पर बनाने की व्यवस्था में बदलाव, केंद्र की तर्ज पर राज्य इकाइयों में भी अध्यक्ष व महासचिव दो से अधिक बार न बनाने की व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श कर कोई बदलाव सुझा सकती है। यह भी तय हुआ कि आगामी जुलाई माह में केंद्रीय संगठन के चुनाव की तिथि तय कर ली जाएगी। यह भी तय हुआ कि कमेटी की पहली बैठक 4 और 5 मई को मथुरा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होगी, जिसमें संशोधन के प्रारूप पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जिन राज्यों में चुनाव नहीं हुए हैं उनमें चुनाव अधिकारी नियुक्त कर चुनाव कराने पर भी बात हुई। इससे पूर्व एनयूजेआई-उत्तराखंड के प्रदेश महासचिव डा. नवीन जोशी, उपाध्यक्ष डा. गिरीश रंजन तिवारी, नैनीताल जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी, उपाध्यक्ष तेज सिंह नेगी, नैनीताल नगर अध्यक्ष गौरव जोशी, महामंत्री अजमल हुसैन व प्रदीप कुमार आदि ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों और चुनाव आयोग के सदस्यों का उत्तराखंड के राज्य वृक्ष बुरांश के फूलों के गुलदस्तों से स्वागत व अभिनंदन किया। बैठक में समिति में चुने गये पदाधिकारियों के साथ ही चुनाव आयोग के सदस्य अशोक किंकर, दधिबल यादव व संजय तलवार, राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी, राकेश थपलियाल, प्रमोद कुमार सिंह, मुकेश वत्स, अमलेश राजू, देवकृष्ण कोठारी, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडे, कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, कुमाऊं प्रभारी दिनेश जोशी, गढ़वाल प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी, सचिव बाल कृष्ण शास्त्री, मनोज लो. हनी, मनोज पांडे, हरिद्वार जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी आदि संगठन के लोग उपस्थित थे।



# आग बुझाने में वनकर्मी की मौत

## पैर फिसलने या फिर चक्कर आने की वजह से मौत होने की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में वन कर्मी की जंगल में आग बुझाने के दौरान मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक वन कर्मी की पहचान नगर के बिड़ला क्षेत्र निवासी आनंद लाल (56) के रूप में हुई है। मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जिसके बाद वन कर्मी की मृत्यु के सही कारण पता चल सकेंगे। नैनीताल के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार ने बताया कि नैनीताल नगर पालिका वन क्षेत्र के तहत दैनिक वन कर्मी आनंद लाल शुक्रवार सुबह अन्य कर्मियों के साथ बिड़ला चुंगी क्षेत्र के जंगलों में वनाग्नि की संभावना के दृष्टिगत नियमित चेकिंग करने वाली टीम के साथ जंगल में थे। टीम का कार्य क्षेत्र में कहीं धुंआ या आग दिखने पर आग बुझाना होता है। इस दौरान सूखे पत्तों में पैर फिसलने अथवा चक्कर आने जैसे किसी कारण से वह गिर कर बेहोश हो गये। उन्हें अन्य कर्मी तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से बीडी पांडे जिला चिकित्सालय उपचार के लिये ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्री गंगवार ने स्पष्ट किया कि आज नैनीताल नगर पालिका वन क्षेत्र के अंतर्गत कहीं भी आग नहीं लगी है। इसलिये वन कर्मी की मृत्यु आग बुझाने के दौरान नहीं बल्कि आग बुझाने के अभियान के दौरान हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके शरीर पर कहीं भी बाहरी चोट नहीं बतायी गयी है। इसलिये पोस्टमार्टम के उपरांत मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा। उधर पूर्व सभासद दीपक कुमार भोलू सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि कर्मियों को बिना आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के आग बुझाने भेजा जा रहा है जिससे इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं। आक्रोशित लोगों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा जिममेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी ललित कार्की ने बताया कि प्रकरण की जांच प्रारंभ कर दी गई है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।सुरक्षा के प्रबंधों पर डीएफओ गंगवार ने कहा कि मानकों के अनुसार सभी अग्नि सुरक्षा प्रबंध व ग्रुप इंश्योरेंस आदि की व्यवस्था होती है।



### जेबीआईटी में 'सृजन 2026' एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

# युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत: तीरथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** जेबीआईटी समूह संस्थानों ने गर्व के साथ "सृजन 2026" वार्षिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं था, बल्कि तकनीकी और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने तथा नई पीढ़ी को प्रेरित करने का एक अद्वितीय प्रयास था। इस महोत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, तकनीकी, गैर-तकनीकी की विविध प्रतियोगिताओं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि "भारत की युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। जब युवा तकनीकी दक्षता के साथ सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करता है, तब राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल होता है।"



■ सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड के गायक ने अपनी मधुर आवाज से वातावरण को बनाया सुरमयी

उनके प्रेरणादायी शब्दों ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक अमाल मलिक ने अपनी मधुर आवाज से वातावरण को सुरमयी बना दिया। विद्यार्थियों और अतिथियों ने इस संगीतमय शाम का भरपूर आनंद लिया।

तकनीकी प्रोजेक्ट प्रदर्शनी सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा (एआईएस), सचिव तकनीकी एवं उच्च शिक्षा, उत्तराखंड सरकार ने विद्यार्थियों की परियोजनाओं का अवलोकन किया और कहा "युवा मस्तिष्कों की यह रचनात्मकता ही उत्तराखंड और भारत को तकनीकी क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।"

इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार त्रिपाठी, कुलपति, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, डॉ. सुनील कुमार नेवर, निदेशक, एमएसएमई मंत्रालय, प्रो. मनोज पांडा, निदेशक डब्लूआईटी देहरादून और प्रो. अजीत सिंह, निदेशक एनपीएसईआई पिथौरागढ़ प्रो. राजत अग्रवाल, आईआईटी रुड़की तथा डॉ. संजीव कुमार, डीन, मेहता फैमिली सेंटर ऑफ डेटा साइंस एंड एआई, आईआईटी रुड़की, डॉ. पल्लवी कौल, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. एस.के. शर्मा, निदेशक, कृषि विज्ञान केंद्र, प्रो. एकांत शर्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियंत्रण विभाग, आईआईटी रुड़की ने विद्यार्थियों को अनुसंधान और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में हेमलता सिंघल (अध्यक्ष), संदीप सिंघल (वाइस चेयरमेन), संध्या सिंघल (कार्यकारी निदेशक), राजत सिंघल (सचिव), सोनल सिंघल (संयुक्त सचिव), प्रो. डॉपीके चौधरी (निदेशक), प्रो. डॉ. विषांत कुमार (प्रशासनिक निदेशक), डॉक्टर संदीप कुमार चौधरी, सुमित सांगवान, अंकित चौहान और नवीन सिंह ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# परिवहन सुविधा के अभाव में महाविद्यालय में घट रही विद्यार्थियों की उपस्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की कम होती उपस्थिति के पीछे एक प्रमुख कारण सामने आया हैकृउचित परिवहन व्यवस्था का अभाव। दूर-दराज के गांवों से आने वाले अधिकांश विद्यार्थियों को महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए नियमित वाहन सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

विद्यार्थियों से बातचीत में पता चला कि उन्हें प्रतिदिन लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। गर्मी, बारिश और सर्दी जैसे प्रतिकूल मौसम में यह सफर और अधिक कठिन हो जाता है, जिसके कारण वे नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पाते। छात्रों का कहना है कि यदि उन्हें समुचित परिवहन सुविधा मिल जाए, तो वे समय पर महाविद्यालय पहुंच सकेंगे और अपनी पढ़ाई बेहतर ढंग से जारी रख पाएंगे। परिवहन की कमी का असर केवल उपस्थिति तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर भी पड़ रहा है।

नियमित कक्षाओं से दूर रहने के कारण पढ़ाई में निरंतरता टूट जाती है और कई महत्वपूर्ण विषय अधूरे रह जाते हैं, जिसका सीधा प्रभाव परीक्षा परिणामों पर दिखाई देता है। इसके अलावा, महाविद्यालय में आयोजित होने वाले कौशल विकास कार्यक्रम, प्रायोगिक कार्य, समूह चर्चा और प्रोजेक्ट गति. विधियों में भाग न ले पाने से विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान भी कमजोर रह जाता है। वे केवल सैद्धांतिक पढ़ाई तक सीमित रह जाते हैं, जो उनके भविष्य के लिए पर्याप्त नहीं है। शिक्षा के साथ-साथ महाविद्यालय व्यक्तित्व विकास का भी महत्वपूर्ण केंद्र होता है, जहां संवाद कौशल, आत्मविश्वास और टीमवर्क जैसे गुण विकसित होते हैं। नियमित उपस्थिति न होने के कारण छात्र-छात्राएं इन अवसरों से वंचित रह जाते हैं। स्थानीय विद्यार्थियों रितिक तोमर, हर्ष जोशी, रितेश, अरुण भारती, अमीषा चौहान, नव्या रावत, तनुजा चौहान, और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए शीघ्र उचित परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, ताकि छात्र-छात्राएं बिना किसी कठिनाई के अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

# शिवालिक एकेडमी में एनसीसी नामांकन गतिविधि आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** शिवालिक एकेडमी में सत्र 2026-27 के लिए एन.सी.सी नामांकन गतिविधि का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया का संचालन 11 यूके बीएन एन.सी.सी के सदस्यों द्वारा किया गया, जिनमें सीनियर जीसीआई पूनम जोशी, सब कैप्टन के. तरियाल, हवलदार कौलापुरे एस.आई. तथा हवलदार (ईएसएम) हरीश सिंह कंवर शामिल थे।इस दौरान विद्यार्थियों का चयन विभिन्न चरणों के माध्यम से किया गया, जिनमें दौड़, ईंटों के साथ शारीरिक गतिविधियाँ, दृष्टि परीक्षण (आई टेस्ट) तथा साक्षात्कार शामिल थे। इस गति. विधि में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 11 बालक एवं 14 बालिकाओं का चयन किया गया।

# लीड एजेंसी ने किया चंबा-कोटी घटनास्थल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सुप्रीम कोर्ट की ऑन रोड सेफ्टी कमेटी के निर्देश पर राज्य में गठित लीड एजेंसी की टीम द्वारा विगत दिवस जनपद टिहरी में चंबा के निकट वाहन दुर्घटनाग्रस्त स्थल निरीक्षण किया गया। उक्त दुर्घटना में 8 व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

जांच के दौरान मार्ग से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि दुर्घटना स्थल पर मार्ग की चौड़ाई पर्याप्त है तथा सड़क पर पैरापेट स्थापित हैं किन्तु मोड़ के बाद लगातार ढलान पाया गया। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि निरंतर ढलान होने के कारण चालक वाहन की गति पर



नियंत्रण नहीं रख पाया जिससे दुर्घटना घटित हुई।

शैलेश तिवारी उप परिवहन आयुक्त उत्तराखंड के नेतृत्व में लीड एजेंसी द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग के स्थानीय अधिकारियों के अतिरिक्त जेपीआरआई के विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। निरीक्षण दल द्वारा आवश्यक जानकारियां एकत्रित करने के साथ वाहन की भी जांच की गई, जिनके आधार पर दुर्घटना के कारणों का विश्लेषण कर रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रेषित की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तीव्र ढलान के दृष्टिगत रंबल स्ट्रिप बनाने, क्रैश बैरियर स्थापित करने तथा मोड़ पर मार्ग की ज्यामिति सुधारने के निर्देश दिए गए। साथ ही इस स्थान पर गति सीमा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्र के संकेतक बोर्ड लगाए जाने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान लीड एजेंसी से नरेश संगल (सहायक निदेशक), अविनाश चौधरी (पुलिस विभाग), संजय बिष्ट (लोक निर्माण विभाग) तथा जनपद टिहरी से महेश लखेरा (क्षेत्राधिकारी, चंबा), जगदीश खाती (अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, चंबा), सत्येंद्र राज (एआरटीओ प्रवर्तन), राजेंद्र विराटिया (एआरटीओ प्रशासन), नीलेश (संभागीय निरीक्षक) एवं मनीषा सेठी (सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग, चंबा) उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### हरी मटर के दामों में आई भारी गिरावट ने काश्तकारों की तोड़ी कमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सहिया।** सहिया क्षेत्र के किसानों के लिए इस बार मटर की फसल उम्मीद के मुताबिक मुनाफा नहीं दे पा रही है। हरी मटर के दामों में आई भारी गिरावट ने काश्तकारों की कमर तोड़ दी है। जो मटर कुछ दिन पहले तक 50 से 60 प्रति किलो के भाव बिक रही थी, शुक्रवार को उसके दाम गिरकर 35 से 40 प्रति किलो पर सिमट गए। क्षेत्र के किसान इन दिनों अपनी मेहनत की फसल लेकर बड़ी उम्मीदों के साथ सहिया मंडी पहुंच रहे हैं। लेकिन अचानक आई इस गिरावट से किसानों के चेहरों पर मायूसी छाई है। किसानों का कहना है कि बीज, खाद और तुड़ाई की मजदूरी मिलाकर जो लागत आती है, वह मौजूदा दामों में मुश्किल से पूरी हो पा रही है। क्षेत्र के किसान गीता राम जोशी ने बताया कि मंडी में अचानक दाम गिरने से हमें भारी नुकसान हो रहा है। अगर यही स्थिति रही तो अगली फसल के लिए पूंजी जुटाना भी कठिन हो जाएगा। किसानों को उम्मीद थी कि इस सीजन में अच्छे दाम मिलेंगे, लेकिन बाजार के उतार-चढ़ाव ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। मटर के दाम 60 से घटकर सीधे 35-40 प्रति किलो पर आ गए है, जिससे सहिया क्षेत्र के सैकड़ों किसान प्रभावित हो रहे है। इस पर मंडी व्यापरियों का कहना है कि डिमांड कम होने के कारण दामों में गिरावट आई है।

### अल्टो कार खाई में गिरी, चालक की मौत

**नई टिहरी।**प्रतापनगर ब्लाक के भेंलुन्ता से देवल की ओर जा रही एक ऑल्टो कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई लंबगांव थाना अध्यक्ष महिपाल सिंह रावत ने बताया कि मोहन नौटियाल पुत्र सत्येश्वर नोटियाल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम देवल पट्टी ओण अपने निजी वाहन से भेंलुन्ता से देवल अपने घर की ओर आ रहे थे देवल पहुंचने से लगभग पांच किमी पहले ही ग्राम थाला अन्ध्यार गडी तोक के नजदीक करीब 3 बजे अचानक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिसमे चालक की घटना स्थल ही मौत हो गई देवल निवासी हर्षमणि सेमवाल ने पुलिस को घटना की सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची थाना अध्यक्ष महिपाल रावत ने बताया कि पुलिस के घटना स्थल पर पहुंचने से पहले स्थनीय निवासी चालक को खाई से निकाल दिये थे गंभीर रूप से घायल चालक को सीएचसी चौड पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की खबर से देवल समेत चारों ओर शौक की लहर दौड़ पड़ी थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक का पंचनामा कर पोष्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा घटना पर विधायक बिक्रम सिह नेगी, पूर्व विधायक विजय सिह पंवार ,पूर्व प्रमुख प्रदीप रमोला, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी पंवार ने दुख जताया।

# भू-वैकुंठ बद्रीनाथ धाम में उमड़ी आस्था की भारी भीड़, ग्राउंड जीरो पर डटे डीएम-एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदरीनाथ।** भू-वैकुंठ श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही उमड़ रहे श्रद्धालुओं के सैलाब को देखते हुए चमोली प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए जिलाधिकारी गौरव कुमार और पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार स्वयं कमान संभाले हुए हैं। दोनों अधिकारियों ने बद्रीनाथ धाम में ग्राउंड जीरो पर उतरकर सुरक्षा और सेवा से जुड़े हर पहलू का बारीकी से निरीक्षण किया।

डीएम और एसपी ने एक अनुकरणीय संदेश के साथ दोनों




अधिकारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इसका उद्देश्य यात्रा ड्यूटी पर तैनात कर्मियों और तीर्थयात्रियों को विषम भौगोलिक परिस्थितियों में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करना था। कड़ाके की ठंड को देखते हुए कोतवाली बद्रीनाथ में तैनात होमगार्ड जवानों को ठंड से बचाव हेतु जैकेट वितरित किए गए। अधिकारियों ने जवानों को निर्देशित किया कि वे कठिन मौसम में अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए पूरी निष्ठा के साथ श्रद्धालुओं की सेवा करें। पहली बार वीवीआईपी ड्यूटी पर तैनात रिक्रूट आरक्षियों से भी अधिकारियों ने सीधा संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया और उन्हें अनुशासन व सेवा भाव के साथ ड्यूटी करने की सीख दी।

इस अवसर पर जिला अधिकारी गौरव कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट, भावना कैन्थोला, होशियार सिंह पंखोली सहित जिला प्रशासन और पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बदरीनाथ हाईवे पर पहाड़ी से टकराकर पलटी कार; बाल-बाल बचे हरिद्वार के तीर्थयात्री

# कांग्रेस की राजनीति केवल वोट बैंक और परिवारवाद तक सीमित: विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शुक्रवार को परेड ग्राउंड में आयोजित महिला जन आक्रोश रैली में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने प्रतिभाग किया, इस दौरान रैली में सहसपुर विधासभा क्षेत्र से सैकड़ों महिलायें और कार्यकर्ता रहे मौजूद रहे।

इस अवसर पर सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि आज महिला जन आक्रोश रैली में उमड़ा भारी जनसैलाब इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उत्तराखंड की मातृशक्ति अब अपने सम्मान के खिलाफ किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं करेगी तथा कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों के मुद्दों पर कांग्रेस का असली चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस को महिलाओं के सशक्तिकरण से कोई सरोकार नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की राजनीति केवल वोट बैंक और परिवारवाद तक सीमित है, जहां सामान्य परिवारों की महिलाओं के लिए कोई स्थान नहीं है। सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति अब कांग्रेस के बहकावे में आने वाली नहीं है और आने वाले चुनावों में महिलाएं कांग्रेस को करारा जवाब देंगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन 9 मई से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद में 9 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वाधान में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा जिला तथा अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा जिसके क्रम में जनपद टिहरी गढ़वाल में भी उक्त तिथि को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

लोक अदालत में प्री-लिटिंगेशन ऐसे मामले जो अभी न्यायालय में दायर नहीं हुये हैं एवं न्यायालयों में लम्बित वादों का निस्तारण किया जायेगा।

जिसमें फौजदारी के शमनीय मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, वैवाहिक, कुटुम्ब न्यायालय के मामले, श्रम सम्बन्धित मामले, भूमि अर्जन के मामले. दीवानी वाद, राजस्व और अन्य सहायक मामले, चेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति से सम्बन्धित भामले, विद्युत एवं जलकर बिलों के मामले, धन वसूली से सम्बन्धित मागले, आईपीआर मामले, उपभोक्ता मामले,किसी अर्थ-न्यायिक प्राधिकरण के समक्ष अन्य-मामले लंबित, मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात चालान, अन्य ऐसे मामले जो सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सके का निस्तारण किया जायेगा।

सदस्य-सचिव, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा के पत्र द्वारा सर्वसाधारण से अनुरोध किया है कि, जो भी व्यक्ति अपने वादों, मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करवाना चाहते हैं, वे सम्बन्धित न्यायालय में किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 08 मई, 2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र देकर अपने वादों को नियत करवाकर, इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# ब्रांडिंग व मार्केटिंग प्रशिक्षण से सशक्त होंगे ग्रामीण उद्यम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल जनपद के तीन विकासखंडों के क्लस्टर लेवल फेडरेशन के स्टाफ एवं पदाधिकारियों हेतु व्यवसाय योजना, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग विषयों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में जनपद के तीन ब्लॉकों से लगभग 60 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह कार्यक्रम ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजन, ग्रामोत्थान के अंतर्गत किया गया। ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत चलने वाला यह कार्यक्रम आईफैड द्वारा वित्त पोषित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीण उद्यमियों के लिए ब्रांडिंग एवं मार्केट



■ ग्रामोत्थान की दिशा में पहल व्यवसाय योजना व विपणन पर प्रशिक्षण आयोजित

एक्सेस ट्रेनर तथा सस्टेनेबल अल्टरनेटिव्स के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश कुमार द्वारा प्रतिभागियों को शासन व्यवस्था, व्यवसाय नियोजन, उत्पाद ब्रांडिंग, विपणन रणनीतियों एवं बाजार से जुड़ाव के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि आज के समय में ग्रामीण उत्पादों को बेहतर पहचान दिलाने के लिए ब्रांडिंग और सही बाजार तक पहुंच अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड विकास अधिकारी चंबा शाकिर हुसैन ने कहा कि सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, पदाधिकारियों के कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने प्रतिभागियों से प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने-अपने क्षेत्रों में ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने हेतु करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर ग्रामोत्थान रूरल एंटरप्राइज एक्सेलेरेशन प्रोजेक्ट टिहरी गढ़वाल के जिला परियोजना प्रबंधक ब्रह्मकांत भट्ट ने प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण नेतृत्व को सशक्त बनाने, स्थानीय उद्यमों को गति देने तथा स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रतिभागी प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाकर अपने संगठनों को नई दिशा देंगे।

कार्यक्रम के सफल संचालन में ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, सहायक प्रबंधक, संस्थाएं एवं समावेश तथा मनमोहन सिंह चौहान, सहायक प्रबंधक, सेल्स की विशेष भूमिका रही। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक बताया।

# पिरूल प्रबंधन को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के वीसी कक्ष में जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में जनपद में पिरूल (चीड़ की सूखी पत्तियां) के संग्रहण एवं निस्तारण के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पिरूल का सुनियोजित संग्रहण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आय सृजन के

■ 30 अप्रैल तक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

अवसर भी विकसित किए जा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विकासखंडों में पिरूल कलेक्शन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रगति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रभागीय वनाधिकारी 30 अप्रैल तक विस्तृत रूट प्लान तैयार करें, जिससे पिरूल संग्रहण कार्य को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित किया जा सके।

इसके अतिरिक्त सभी खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर पिरूल संग्रहण की कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान नोएडा से आए टेक्नोलॉजी पार्टनर द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से च्मसससमज ठनलइंबा त्वहतंउ की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से पिरूल के उपयोग से ब्रिकेट, पेललेट निर्माण कर न केवल वनाग्नि के जोखिम को कम किया जा सकता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर आर्थिक गति. विधियों को बढ़ावा देते हुए स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जा सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में इस पहल को मिशन मोड में लागू करते हुए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं स्वयं सहायता समूहों को भी इस अभियान से जोड़ने पर बल दिया। उक्त बैठक में डीएफओ टिहरी पुनीत तोमर, डीएफओ नरेंद्रनगर दिगंत नायक, डीएफओ संदीपा, सभी बीडीओ एवं बीईओ सहित संबंधित भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से रहे।

### बजाज पल्सर सिंगल सीट के साथ उपलब्ध

**देहरादून।** दुनिया की सबसे वैल्यूएबल टू-और थ्री-व्हीलर मैन्युफैक्चरर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने देहरादून में पल्सर एन160 सिंगल सीट यूएसडी वेरिएंट के लिए विशेष कीमत की घोषणा की। पल्सर एन160 ने अपनी पावर, सटीकता और कंट्रोल के दमदार संतुलन के कारण युवा राइडर्स के बीच मजबूत पहचान बनाई है। सेगमेंट में अलग पहचान देने वाले गोल्डन यूएसडी फोर्क्स, मस्कुलर स्ट्रीटफाइटर स्टाइल और आरामदायक सिंगल सीट के साथ यह बाइक भरोसेमंद हैंडलिंग और प्रीमियम राइडिंग अनुभव देती है।

# बदरीनाथ हाईवे पर पहाड़ी से टकराकर पलटी कार, बाल-बाल बचे हरिद्वार के तीर्थयात्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया।

हरिद्वार से बदरीनाथ धाम जा रही एक स्विफ्ट डिजायर कार कुहेड़ के पास अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकराने के बाद सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि वाहन में सवार सभी तीर्थयात्री सुरक्षित हैं, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकराई कार जानकारी के अनुसार, कार संख्या यूके 08 टीबी 1552 हरिद्वार से यात्रियों को लेकर बदरीनाथ की



ओर जा रही थी। कुहेड़ के समीप चालक दलीप कुमार सिंह (निवासी गोविंदपुर बाजितपुर) ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार सीधे पहाड़ी से जा टकराई और सड़क के बीचों-बीच पलट गई। सूचना मिलते ही चमोली कोतवाली के एसएचओ पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

वाहन में सवार घायल तीर्थयात्रियों में शामिल डॉ. दिनेश कुमार शर्मा,श्रीमती लता शर्मा,नवीन कुमार शर्मा,विशाखा शर्मा (सभी निवासी ज्वालापुर, हरिद्वार) पुलिस ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमोली भिजवाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। दुर्घटना के कारण सड़क पर बाधित हुए यातायात को भी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए शीघ्र सुचारु कर दिया।

### कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता व पूजा गुप्ता के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान से कोई बड़ा महादान नहीं : स्वामी दिशानन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीटी गंज जैन धर्मशाला में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

वरिष्ठ समाजसेविका पूजा गुप्ता तथा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता के संयोजन में लगाए गए इस शिविर में अतिथि के रूप में पहुंचे स्वामी दिशानंद भारती जी महाराज ने कहा कि रक्तदान महादान है। जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है तो उसके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिलती है।उन्होंने कहा कि यह एक ईश्वरीय कार्य के साथ-सा महान पुण्य का कार्य भी है।स्वामी दिशानंद भारती जी महाराज ने इस



पुनीत कार्य के लिए शिविर संयोजक को साधुवाद दिया तथा कहा कि इनके द्वारा लंबे समय से समाज सेवा के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं,वह न केवल सराहनीय हैं बल्कि समाज हित में भी हैं। वरिष्ठ समाज सेविका पूजा गुप्ता तथा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता ने कहा कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति में बहुत जल्दी नए खून की पूर्ति हो जाती है और शरीर भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने लोगों से समय-समय पर रक्तदान करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर डॉ विनय गुप्ता, डॉक्टर संजय गर्ग, डॉक्टर अर्पित सैनी,डॉक्टर नायर,मनोज गोयल, हेमेंद्र चौधरी,दीपक अरोड़ा,वैभव गुप्ता, यश गोयल,सुनील गुप्ता, सौरभ गोयल,सुनील सिंघल,अजय सिंघल,सुभाष सिंघल,आर्यन गुप्ता,अमित अग्रवाल,विपिन गुप्ता,विजय गुप्ता,अरविंद गुप्ता,उमंग गुप्ता,शुभम गुप्ता, गौरव, अंकित प्रधान,रविंद्र चौधरी,पंकज सोनकर,सुमित सोनकर, अखिल अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, सुनील कश्यप,शकील अहमद, राजकुमार, सलमान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे,इस दौरान सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

# बैंक में शार्ट सर्किट से लगी आग, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** शहर के बीटी गंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के व्यापारियों और ग्राहकों में हड़कंप मच गया। सूचना पर तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग बैंक के एसी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी बताई जा रही है। गनीमत रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के समय बैंक में कर्मचारी और कुछ ग्राहक मौजूद थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उनका कहना है कि यदि समय पर रास्ता साफ नहीं होता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। वहीं व्यापारियों का कहना है कि बीटी गंज में जो लोहे के पीलर लगाए गए हैं उससे अतिक्रमण को बढ़ावा दिया गया है। वह हटने चाहिए।घटना के बाद बैंक परिसर में कुछ समय के लिए कामकाज प्रभावित रहा। फिलहाल स्थिति सामान्य है और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

# दो बाइकों की टक्कर में पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे से कुछ आगे मंगलौर मार्ग पर दो बाइक की टक्कर आपस में हो जाने से एक बच्चा व महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। महिला व बच्चों को अधिक चोट लगने से दोनों को प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम नियामतपुर निवासी रहमत अली अपनी बीवी फातिमा व चार वर्षीय बच्चे के साथ झबरेड़ा से मंगलौर बाइक से जा रहा था। कस्बे से कुछ आगे रेलवे लाइन के पास सामने से तेज गति से आ रही बाइक की टक्कर लगने से दोनों बाइक सवाद सड़क पर गिर गए तथा घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार दोनों युवक कुछ ही देर में उठकर लोगों की आंखों में धूल झोंकते हुए बाइक लेकर फरार हो गए। दूसरी बाइक पर सवार पति पत्नी व बच्चे को लोगों ने कस्बे में ही एक डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराये गए। महिला व बच्चे को अधिक चोट लगने से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर द्वारा दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# जनगणना 2027 के सफल संपादन पर कर्मचारियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनगणना 2027 के सफल संपादन हेतु नगर पंचायत इमलीखेड़ा में कार्ययोजित कर्मचारियों एवं शिक्षकों को नियुक्ति पत्र एवं सामान वितरित किया गया।

गौरतलब है कि पूरे देश मे जनगणना के कार्य प्रस्तावित है जो 25 अप्रैल से शुरू होकर 24 मई 2026 तक संपादित करना है। नगर पंचायत इमलीखेड़ा अध्यक्ष मनोज सैनी एवं अधि शासी अधिकारी/चार्ज जनगणना अधिकारी मंजू चौहान द्वारा सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को



नियुक्ति पत्र एवं किट का वितरण किया गया। नगर पंचायत इमलीखेड़ा में नौ वार्ड बीस एच एल बी जिनमे बीस प्रगणक एवं तीन सुपरवाइजर एक जनगणना लिपिक एवं अतिरिक्त जनगणना चार्ज अधिकारी साहब सिंह सैनी मौजूद रहे।

# सरिया चोरी करते आरोपी रंगे हाथ पकड़ा

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत कोतवाली भगवानपुर व स्थानीय लोगों द्वारा एक शातिर चोर दबोचा है। जानकारी के अनुसार बिजेन्द्र पुत्र रामपाल सिंह निवासी भगवानपुर (थाना बड़गांव, जनपद सहारनपुर), जो आरोग्यम अस्पताल में सिक्योरिटी सुपरवाइजर हैं, तथा सिक्योरिटी गार्ड लोकेश पुत्र वेदपाल निवासी भगवानपुर द्वारा सूचना दी गई कि एक व्यक्ति डठठै बिल्डिंग साइट पर बनी दीवार के पास से सरिया चोरी कर ले जा रहा है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए भगवानपुर पुलिस के सहयोग से उक्त आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया नाम पता आरोपित-गौरव कुमार पुत्र भोपाल निवासी आजमपुर जमनी भान, शेरकोट, जनपद बिजनौर है।

# एसडीएम को पत्र देकर की शौचालय सफाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पंचायत अली चौक पर सार्वजनिक शौचालय की सफाई न होने से आने जाने वाले राहगीरों व मस्जिद के नमाजिओ को करना पड़ रहा है परेशानी का सामना नगर पंचायत सुल्तानपुर से आजम भारती एडवोकेट ने कहा कि हमारे नगर पंचायत सुल्तानपुर अली चौक पर एक सार्वजनिक शौचालय बना हुआ है जिसकी सफाई बहुत दिनों से नहीं की गई है और सभी जो नमाज पढ़ने जाते हैं उनको भी बदबू आती है और आने जाने रहा गीरो को भी बदबू का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने एसडीएम को पत्र देकर बताया की सार्वजनिक शौचालय नगर पंचायत सुल्तानपुर अली चौक पर शौचालय बहुत बुरी हालत जर्जर पड़ा हुआ है जिससे गंदगी की बदबू आती है नगर पंचायत सुल्तानपुर को आदेश दें जिससे उसकी सफाई हो सके या उसे ध्वस्त कर दिया जाए।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** धनौरी चौकी क्षेत्र के कोटा मुरादनगर गांव में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई।जिसमें एक युवक घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया।घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार गांव में दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। गुरुवार को( पिट)साप्ताहिक बाजार में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। इस दौरान हुई मारपीट में सुनील घायल हो गया।पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। वहीं घटना के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा बनाया गया मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# महिला आरक्षण की असली विरोधी भाजपा : राजेंद्र

## पिछड़ी जाति महिलाओं को आरक्षण क्यों नहीं देना चाहती बीजेपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की महानगर के कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी द्वारा एक प्रेस वार्ता रख भाजपा पर महिला आरक्षण को लेकर जबरदस्त हमला बोला गया इस अवसर पर प्रेस को संबोधित करते हुए राजेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा का बहुत ही पुराना इतिहास है आरक्षण विरोधी,संविधान के निर्माण के समय दलित आदिवासी आरक्षण का विरोध ते ओर हिन्दू महासभा द्वारा किया गया। वर्ष 1990 में मण्डल आयोग का विरोध भाजपा ने सरकार से समर्थन वापस लेकर किया ओर वर्तमान समय में महिला आरक्षण बिल को 3 साल तक रोके रखने का काम किया है।

राजेंद्र चौधरी ने कहा कि वर्तमान 131 वे संविधान संशोध न बिल में पिछड़ी जाति की महिलाओं को आरक्षण देने का कोई जिक्र नहीं है जिससे यह साबित होता है कि भाजपा सरकार पिछड़ी जाति महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है। महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष श्रीमती यास्मीन खान ने कहा कि भाजपा महिला विरोधी है और उसके नेता ही महिलाओं पर ज्यादा अपराध करते हैं चाहे अंकिता भंडारी प्रकरण हो या फिर महिला पहलवानों का। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष



अजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष डॉ हरविंदर सिंह मदन पाल सिंह भडाना, युवा अध्यक्ष ओवेश अंसारी, जिला महामंत्री वैभव सैनी, वरिष्ठ नेता नावेद मलिक आदि मौजूद रहे।

# अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनपद में अपराध पर लगाम लगाने के लिए हरिद्वार पुलिस का "ऑपरेशन प्रहार" लगातार सक्रिय है। इसी अभियान के तहत कोतवाली लक्सर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक संदिग्ध युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 23 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसके पास से .315 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में युवक किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी: सत्यम (20 वर्ष), निवासी ग्राम टोडा कल्याणपुर, रुड़की, हरिद्वार है। पुलिस टीम: उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल कपिल देव, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# मोबाइल छीनने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**भगवानपुर।** जनपद हरिद्वार में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" के अंतर्गत भगवानपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। राह चलते लोगों से मोबाइल छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर आरोपी को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 23 अप्रैल 2026 को एक महिला, जो मूल रूप से ग्राम परागपुर थाना मिश्रिख, जनपद सीतापुर (उत्तर प्रदेश) की निवासी है और वर्तमान में ग्राम रायपुर, थाना भगवानपुर में किरायेदार के रूप में रह रही है, ने अपने साथियों के साथ पुलिस को तहरीर दी। महिला ने बताया कि एक युवक उसका वीवो मोबाइल फोन छीनकर मोटरसाइकिल से फरार होने का प्रयास कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर पुलिस ने तत्परता और मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से आरोपी को तुरंत पुलिस के हवाले कर दिया गया। तहरीर के आधार पर कोतवाली भगवानपुर में आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0 175/2026 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अर्जुन पुत्र ब्रजपाल, निवासी ग्राम जीवाला, थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) बताया हे।

# शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से कार्यमुक्त करने की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**रूडकी।** जनपद में शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से कार्यमुक्त करने की मांग तेज हो गई है। शिक्षक महासंघ, हरिद्वार ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। महासंघ ने अपने ज्ञापन में कहा है कि शिक्षक जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं।

ज्ञापन के अनुसार अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी उनके कार्यस्थल से 25 से 35 किलोमीटर दूर लगा दी गई है, जिससे आवागमन में अत्यधिक समय और असुविधा हो रही है। वहीं, विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से अपराह्न 2:05 बजे तक होने के कारण शिक्षकों पर दोहरी जिम्मेदारी का बोझ पड़ रहा है। महासंघ ने यह भी बताया कि कई शिक्षकों को अब तक जनगणना कार्य से संबंधित स्पष्ट आदेश और दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। साथ ही, सुरक्षा और जिम्मेदारी को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि जनगणना ड्यूटी में प्रधानाध्यापकों को भी लगाया गया है, जिससे विद्यालय संचालन प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा, शिक्षकों को अपने निजी मोबाइल से कार्य करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, जो व्यवहारिक नहीं है। महासंघ ने मांग की है कि जनगणना कार्य को बिना किसी दबाव के और पूर्ण स्वतंत्रता के साथ कराया जाए। साथ ही, शिक्षकों को कार्यमुक्त कर इस कार्य के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि शैक्षिक व्यवस्था प्रभावित न हो। ज्ञापन पर महासंघ के जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। ज्ञापन देने वालो में राजेश सैनी, पवन सैनी,जितेंद्र सिंह,लोकेश कुमार,विवेक सैनी, किरतपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# गजब : जिसके घर से की चोरी, उसी को बेचने पहुंचा सरसों, ग्रामीणों ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा थाना क्षेत्र के सुनहेटी गांव में चोरी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कुछ दिन पहले गांव के एक किसान के घर से सरसों की बोरी चोरी हो गई थी। घटना की तस्वीरें घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थीं, जिसके आधार पर पीड़ित आरोपी की तलाश कर रहे थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार को दो युवक उसी किसान के घर सरसों बेचने पहुंचे। किसान ने जब उनका हुलिया सीसीटीवी फुटेज से मिलाया तो उसे शक हो गया। उसने आसपास के लोगों को बुलाकर घेराबंदी की, जिससे एक युवक मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। पकड़े गए युवक को कुछ ग्रामीणों ने पुलिस के आने तक पेड़ से बांध दिया। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट किए जाने की भी सूचना है। घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया गया, जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों ने युवक को खोल दिया। सूत्रों के अनुसार पकड़ा गया युवक मोलना गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। मामले की जानकारी पुलिस को मिलने पर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है और पूरे प्रकरण की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# तेल चोरी मामले में एक पकडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने बड़ा और सनसनीखेज खुलासा करने में कामयाबी हासिल की है जहां शातिर गैंग रात के अंधेरे में खेतों या सुनसान जगहों पर लगे ट्रांसफार्मरों को अपना निशाना बनाता था और उनमें से तेल चुरा लेता था। कोतवाली पुलिस को दिनांक 15.02.2026 को अवर अभियन्ता 33/11 केवी विद्युत उपसंस्थान लक्सर द्वारा उपभोक्ता अनुज निवासी नन्दपुर रायसी के नलकूप पर स्थापित विधुत ट्रांसफार्मर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रांसफार्मर तेल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे शिकायत मिली थी जिस पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। क्षेत्र में हो रही ट्रांसफार्मर तेल/ मोटर चोरियों की घटनाओं पर जल्द लगाम लगाने के लिए एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा जारी किए गए निर्देशों पर काम करते हुए पुलिस टीम ने नियमित रुप से ऐसे स्थानों में चौकिंग शुरू करने के साथ साथ अपने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया। लगातार प्रयासों के फलस्वरुप एक संदिग्ध व्यक्ति को 240 लीटर विद्युत ट्रांस फार्मर तेल के साथ दबोचकर परिवहन के लिए इस्तेमाल की जा रही मोटर साइकिल और कार भी बरामद की। पकड़ा गया आरोपित का नाम आशू पुत्र अरविन्द है।

# संत निरंकारियों ने लगाया रक्तदान शिविर

## करुणा व प्रेम का सजीव उत्सव है मानव एकता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नन्हेडा अनन्तपुर- मानव एकता दिवस' युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गये, जो करुणा और एकत्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ करेंगे।

उल्लेखनीय है कि रक्तदान की यह पावन परंपरा पिछले चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। मानव एकता दिवस के अवसर पर ब्रांच नन्हेडा अनन्तपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमे उप चिकित्सालय रूडकी ,की ब्लड बैंक के अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। जिनसे 110 रक्त युनिट संकलित की गई। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा और उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी। युग प्रवर्तक



बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य, सरलता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हुए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और ऊर्जा को समाजसेवा में लगाने की प्रेरणा दी। बाबा हरदेव सिंह जी ने "रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं" का संदेश देकर सेवा को जीवन का अनिवार्य अंग बनाया, जिसे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंतर आगे बढ़ा रही हैं।

# महमूदपुर के डीजे संघर्ष में सात महिलाओं सहित 11 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के महमूदपुर में शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 7 महिलाओं और 4 पुरुषों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि बुधवार रात एक शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी।जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। गुरुवार को दोबारा तनाव की स्थिति बनने पर पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के तनवीर, दानिश, चांद खां, शिफत समेत सात महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पहले से चुनावी रंजिश चली आ रही है और पूर्व में भी इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। क्षेत्र में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।उन्होंने




स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई करने वाली टीम में एसएसआई देवेन्द्र सिंह तोमर, जमशेद अली, सोनू कुमार, प्रकाश मनराल, जितेन्द्र सिंह, सरिता राणा, गीता और सर्विष्ठा राणा आदि शामिल रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# उलूल-जुलूल बोलते ट्रंप

किसी माह देश का नेता जब अपने मार्ग से भटक जाए, तो उससे दुनिया किस अंधेरी सुरंग की तरफ जा सकती है, इसका जीता-जागता परिणाम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूप में देखा जा सकता है। ट्रम्प जिस तरह के बयान देते रहते हैं और उसके बाद बदलते रहते हैं, वह किसी भी महाशक्ति देश के राष्ट्रपति को जरा भी शोभा नहीं देता। दिक्कत यह है कि वह अभी भी अपनी इस आदत पर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं। एक तरफ वह ईरान से समझौते की बात कर रहे हैं, अच्छा माहौल बनाने की दुहाई देकर संघर्ष विराम का समय बढ़ा भी रहे हैं, तो दूसरी तरफ ईरान की नाकेबंदी भी कर रहे हैं और उसके जहाजों पर हमला भी कर रहे हैं। अमेरिकी नोसैना ने हिन्द महासागर में गुरुवार को ईरानी तेल लेकर जा रहे एक और टैंकर पर हमला कर दिया और उसे जब्त भी कर लिया। इससे पहले बुधवार को ईरान ने भी होर्मुज में तीन जहाजों पर हमला कर दो को अपने कब्जे में ले लिया और यह सब ऐसे समय में हो रहा था जब पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बातचीत को लेकर प्रयास जारी थे। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के हालात में कोई भी बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकती। पहले तो कोई भी पक्ष शायद ही ऐसी बैठक का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो। यही कारण है कि ईरान ने भी अपनी तरफ से साफ कह दिया कि भले ही अमेरिका बातचीत करने को आतुर हो, लेकिन वह तब तक उसके साथ बातचीत नहीं करेगा जब तक कि उसे सुरक्षा की गारंटी नहीं मिल जाती। ईरान का तो यहां तक कहना है कि पहले दौर की बातचीत में जो उसने अपने दस सूत्रीय मांगों का एजेंडा अमेरिका के सामने रखा था, उसमें अभी तक उसकी तरफ से कोई परिवर्तन नहीं आया है। ईरान का कहना है कि यदि अमेरिका आगे बढ़ना चाहता है, तो उसे ईरान की मांगों पर उदारतापूर्वक ध्यान देना होगा और जो ट्रम्प का धमकीभरा रवैया है उसको त्यागना होगा। बात अमे. रिका या ईरान संघर्ष की ही नहीं है, लेकिन जिस तरह वह दुनिया के कई बड़े देशों को धमका रहे हैं, बल्कि अगर यह कहें कि मजाक उड़ा रहे हैं, तो उनकी इस हरकत को कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता। अभी हाल ही में ट्रम्प ने रूढ़िवादी लेखक माइकल सेवेज का वीडियो सोशल मंच पर साझा किया था। इसमें जन्म के आधार पर नागरिकता देने की आलोचना करते हुए भारत और चीन पर बेहद विवादास्पद टिप्पणी की थी और उन्हें नर्क तक बता दिया था। यह अलग बात है कि कुछ घंटों बाद ही जिस बात के लिए ट्रंप जाने जाते हैं, उन्होंने अपने ट्वीट को बदला और बोल दिया कि भारत एक महान देश और पीएम मोदी उनके सबसे प्रिय दोस्त हैं। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह की मानसिकता और वह भी अमेरिका के राष्ट्रपति जैसे व्यक्ति के लिए अमेरिका की साख को भी प्रभावित करती हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि अपने बयानों से बेलगाम हो चले ट्रम्प पर विश्व बिरादरी उन्हें किसी तरह समझाए कि उनके द्वारा उठाए जा रहे कदम अमेरिका ईरान नहीं बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं।

## भाजपा का जनता को मतदान के लिए दंड



भाजपा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने में देरी कर रही है और इसे कदम को जनता को मतदान के लिए मिली सजा के रूप में देखा जा रहा है, हाल में राजौरी जिले के नौशेरा क्षेत्र में हुए एक बड़े कार्यक्रम से भारतीय जनता पार्टी असहज हो गई है और अब वह खुलकर यह स्वीकार कर रही है कि राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जा रहा, क्योंकि लोगों ने नेशनल कांफ्रेंस को वोट दिया, यह दर्शाता है कि जम्मू-कश्मीर की जनता को उनके मतदान के लिए दंडित किया जा रहा है।

-उमर अब्दुल्ला
मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर

# जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही





योगेश कुमार गोयल

मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी प्राणघातक हो जाने वाली बीमारी है, जो आमतौर पर एक निश्चित प्रकार के मच्छर को संक्रमित करने वाले परजीवी के कारण होती है और इन संक्रमित मच्छरों के काटने से मलेरिया होता है। अमेरिका से करीब 70 साल पहले ही मलेरिया को पूरी तरह खत्म घोषित कर दिया गया था लेकिन अभी भी प्रतिवर्ष दो हजार अमेरिकी इससे संक्रमित होते हैं। भारत में तो हर साल लाखों लोग मलेरिया से संक्रमित होते हैं।

चिंता की स्थिति यह है कि दुनियाभर में मलेरिया से हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं, जिनमें ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चे मलेरिया से असमान रूप से प्रभावित होते हैं, जो मलेरिया से होने वाली कुल मौतों का करीब 82 प्रतिशत है। 2021 में मलेरिया से दुनियाभर में 6.19 लाख लोगों की मौत हुई थी जबकि 2022 में 6.08 लाख लोग मलेरिया के कारण मारे गए और 2024 में मलेरिया से 6.1 लाख मौतें दर्ज की गई। हालांकि मलेरिया ऐसी बीमारी है, जिसकी रोकथाम करके बड़ी संख्या में होने वाली इन मौतों को रोका जा सकता है लेकिन यह फिर भी दुनियाभर में रोकी जा सकने वाली बीमारी और मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इसीलिए मलेरिया को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 2008 से ही 25 अप्रैल को एक खास विषय के साथ 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाया जाता है।

मलेरिया दिवस इस वर्ष 'मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध अब हम कर सकते हैं। अब हमें करना ही होगा।' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जिसका प्रमुख संदेश यही है कि मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना है। भेदभाव और कलंक को खत्म करना, स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में समुदायों को शामिल करना, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल को उस स्थान के करीब लाना, जहां लोग रहते हैं और काम करते हैं, मलेरिया के खतरे को बढ़ाने वाले कारकों को संबोधित करना, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में मलेरिया नियंत्रण हस्तक्षेप इत्यादि मलेरिया दिवस मनाने के प्रमुख उद्देश्य हैं। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि हर किसी को मलेरिया की रोकथाम, पता लगाने और इलाज के लिए गुणवत्तापूर्ण, समय पर और सस्ती सेवाओं का अधिकार तो है लेकिन यह सभी के लिए वास्तविकता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाभर में मलेरिया के बीस करोड़ से भी ज्यादा नए मामले दर्ज किए जाते हैं, जिनमें से कई लाख लोगों की हर साल मौत हो जाती है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मलेरिया की रोकथाम के मामले में बीते कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति तो हुई है लेकिन मलेरिया के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना अभी भी गंभीर चुनौती है। चिंता का विषय यह भी है कि प्रभावित क्षेत्रों में यह बीमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों और अर्थव्यवस्थाओं पर बड़ा बोझ भी डालती है।

**मलेरिया एनोपफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो यह परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त को. शिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है।**

मलेरिया एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो यह परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है। मनुष्यों में सबसे आम मलेरिया परजीवी 'प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम' है, जो बीमारी के सबसे घातक रूप के लिए जिम्मेदार है। एनोफेलीज मच्छर वाहक के रूप में कार्य करते हैं, जब वे एक संक्रमित व्यक्ति को काटते हैं और फिर दूसरे व्यक्ति को काटते हैं तो परजीवियों को प्रसारित करते हैं। जब परजीवी एक बार मानव शरीर के अंदर यकृत में चले जाते हैं तो ए लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर गुणन करते हैं, जिससे कई प्रकार के लक्षण पैदा होते हैं। मनुष्यों को मलेरिया के चार मुख्य प्रकार (प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम, प्लाज्मोडियम विवैक्स, प्लाज्मोडियम ओवले और प्लाज्मोडियम मलेरिया) संक्रमित करते हैं। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम सबसे खतरनाक प्रकार है जबकि मलेरिया के अन्य प्रकार आमतौर पर हल्की बीमारी का कारण बनते हैं। गंभीर मलेरिया गंभीर एनीमिया, गुर्दे की विफलता, दौरे, कोमा और यहां तक कि मृत्यु जैसी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है, खासकर यदि तुरंत निदान और इलाज नहीं किया जाए। हालांकि दुनियाभर में शोधकर्ता मलेरिया को नियंत्रित करने और अंततः खघ्त्म करने के लिए टीकों और अन्य नवीन समाधानों पर काम कर रहे हैं लेकिन इसकी रोकथाम के मुख्य उपायों में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में मच्छरदानी, कीट विकर्षक और मलेरिया-रोधी दवाओं का उपयोग करना शामिल है। जटिलताओं और मृत्यु को रोकने के लिए प्रभावी मलेरिया-रोधी दवाओं के साथ शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है।

मलेरिया होने पर आमतौर पर तेज बुखार होता है, जो 103 से 105 डिग्री तक हो सकता है। सिरदर्द, बदन दर्द, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, जी मिचलाना, उल्टी होना, अत्यधिक ठंड लगना, कमजोरी इत्यादि मलेरिया के अन्य प्रमुख लक्षण हैं। इन लक्षणों को लंबे समय तक नजर. अंदाज करना भी खतरनाक हो सकता है। वैसे तो मलेरिया के लक्षण प्रायः 24 से 48 घंटे में ही नजर आ सकते हैं लेकिन कई बार लक्षण सामने आने में ज्यादा समय भी लग सकता है। मलेरिया की जांच से ही पता चल पाता है कि मरीज किस तरह के मलेरिया से ग्रसित है और उसी के आधार पर विभिन्न दवाओं से उसका इलाज शुरू किया जाता है। साधारण मलेरिया होने पर सही इलाज से मरीज 3-5 दिनों में ही ठीक हो सकता है लेकिन यदि सीवियर फाल्सीपेरम मलेरिया हुआ तो समय पर और सही इलाज नहीं कराने पर मरीज की मौत भी हो सकती है।

इसलिए बेहद जरूरी है कि मलेरिया की जांच और इलाज में कोताही न बरतें। गर्मी और मानूसन के दौरान मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ जाती है, इसलिए आमतौर पर मलेरिया इन्हीं मौसम में सबसे ज्यादा होता है। वैसे मलेरिया के मच्छर अधिकांशतः उन्हीं जगहों पर पनपते हैं, जहां गंदगी होती है या गंदा पानी जमा होता है। इसलिए मलेरिया की रोकथाम के लिए सबसे जरूरी है कि अपने घरों में तथा आसपास गंदगी और गंदा पानी एकत्र न होने दें।


# अनोखा संसार : खुशबू से ठगने वाले बीटल्स

**मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते।**

छल-धोखा सिर्फ हमारे साथ नहीं होता। जीवजगत में भी कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां एक जीव अपने फायदे के लिए दूसरे जीव का इस्तेमाल करता है। जैसे, कुछ ऑर्किड के फूल मधुमक्खियों को छलते हैं। इन ऑर्किड के फूलों का रूप-रंग मादा मधुमक्खी की तरह होता है और वे उन्हीं की तरह महक बिखेरते हैं। मादा की तलाश कर रहीं नर मधुमक्खी इन फूलों पर चली जाती हैं। संभोग तो होता नहीं लेकिन संभोग की कोशिश में उनके शरीर पर ऑर्किड के परागकण चिपक जाते हैं। ऑर्किड का परागण हो जाता है, बदले में मधुमक्खी को कुछ नहीं मिलता।

वैज्ञानिकों को अब ऐसी ही एक और धोखाधड़ी के बारे में पता चला है। इसमें मधुमक्खियों को धोखा देते हैं भृंग यानी बीटल्स ब्लिस्टर बीटल के लार्वा फूल जैसी महक बिखेरते हैं, जिससे मधुमक्खियां उनके पास खिंची चली आती है। फिर, लार्वा मधुमक्खी से चिपक जाते हैं, चिपके-चिपके उनके छत्तों में पहुंच जाते हैं और उनके अंडे खा जाते हैं।

मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते। जांच के लिए वे जर्मनी के घास के मैदानों से 40 युरोपियन ब्लैक ऑयल बीटल (Meloe proscarabaeus) इकट्ठा करके प्रयोगशाला ले आए। यहां बीटल्स ने प्रजनन किया और हजारों अंडे दिए। अंडे से निकलने के बाद लार्वा प्रयोगशाला की घास पर चढ़ गए। कैंथेरीडिन रसायन से बनने वाले फफोलों से बचने के लिए दस्ताने पहनकर आलम ने लार्वा इकट्ठा किए और उन्हें मसल दिया। फिर उन्होंने इस लार्वा-चटनी की गैस क्रोमैटोग्राफी की और देखा कि इसमें कौन-कौन-से रसायन मौजूद हैं। उन्हें लार्वा में मोनोटर्पिनॉइड्स नामक कुछ अणु मिले। ये कीटों में तो कम मिलते हैं, लेकिन पौधों में आम तौर पर पाए जाते हैं। लार्वा में सबसे अधिक पाए गए आठ अणुओं में से कई प्रायः फूलों में पाए जाते हैं।



जैसे लिनेलूल ऑक्साइड और लिलेक एल्डिहाइड। फूलों में ए रसायन परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन फूलों में पाए जाने वाले रसायन किसी कीट में मिलना हैरानी की बात थी। तो सवाल था कि क्या वाकई कीट में मौजूद ए रसायन मधुमक्खियों को न्यौता देते हैं? इसे जांचने के लिए शोधकर्ताओं ने एक Y-शेप का रास्ता बनाया, जिसका एक रास्ता बीटल-लार्वा से बिखेरी गई खुशबू की ओर जाता था और दूसरा रास्ता व्हीटग्रास की खुशबू की ओर। मधुमक्खी दोनों में से कोई एक खुशबू चुन सकती थीं। रेड मेसन मधुमक्खियों (Osmia bicornis) और बेयर-सैडल्ड सेलोफेन मधुमक्खियों (Colletes similis), दोनों ने व्हीटग्रास की बजाय लार्वा से निकलने वाली फूल-जैसी खुशबू का मार्ग चुना।

शोधकर्ताओं ने यह भी पता लगाया कि बीटल लार्वा फूल जैसे रसायन कैसे बनाते हैं। पता चला कि उनमें इन रसायनों का निर्माण उन्हीं एंजाइम्स से होता है, जिनसे ये पौधे में बनते हैं। मादा-सरीखी खुशबू फैलाने की बजाय फूल-जैसी खुशबू बिखेरने से फायदा यह है कि इस खुशबू से नर और मादा दोनों मधुमक्खियां आकर्षित होती है। और सिर्फ मादा मधुमक्खियां ही अपने छत्ते में वापस लौटती हैं, नर नहीं। तो क्यों न छत्ते तक पहुंचने के लिए नर को छोड़कर सीधे मादा से लिफ्ट ली जाए। लार्वा वसंत की शुरुआत में, असली फूल खिलने से पहले, घास के तनों पर चढ़ जाते हैं। और उन्हें फूल समझकर बेचारी मधुमक्खियां उनके पास खींची चली आती हैं और ठगी जाती हैं। हो सकता है इस तरह की महकती नकल जीवजगत में और भी आम हो, जिन पर लोगों का ध्यान न गया हो।

-स्रोत फीचर्स

# मलेरिया दिवस, चेतावनी और संकल्प का देता है संदेश



कृति आरके जैन

जब दुनिया स्वास्थ्य के एक अहम मोड़ पर खड़ी है, तब 25 अप्रैलकृविश्व मलेरिया दिवस चेतावनी और संकल्प दोनों का संदेश देता है। इस वर्ष का थीम ह्मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा। स्पष्ट चुनौती है। एनोफिलीज मच्छर अब भी हर साल लाखों परिवारों को प्रभावित करता है। डब्ल्यूएचओ वर्ल्ड मलेरिया रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2024 में वैश्विक स्तर पर अनुमानित 28.2 करोड़ मामले और 6.10 लाख मौतें दर्ज हुईं, जिनमें 94-95 प्रतिशत बोझ अफ्रीकी क्षेत्र पर है। फिर भी प्रगति उल्लेखनीय है- 2000 के बाद से अब तक 230 करोड़ मामले और 1.4 करोड़ मौतें टलीं। 2024 में अकेले 1 मिलियन जीवन बचे और 47 देश तथा एक क्षेत्र मलेरिया-मुक्त घोषित हो चुके हैं। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि मानवीय साहस और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण हैं। जलवायु परिवर्तन और दवा-प्रतिरोध के बावजूद विज्ञान उम्मीद जगा रहा हैकृयह लड़ाई जीती जा सकती है, यदि संकल्प दृढ़ और प्रयास सतत रहें। विश्व पटल पर मलेरिया आज भी गरीबी और असमानता का सबसे कड़ा सच है। 2024 में उप-सहारा अफ्रीका में 26.5 करोड़ मामले और लगभग 5.79 लाख मौतें हुईं। एथियोपिया, मेडागास्कर और यमन जैसे देशों में मामलों में उछाल देखा गया। फिर भी दक्षिण-पूर्व एशिया में सुधार जारी है। भारत ने 2017-2023 में मामले 69 प्रतिशत घटाकर 20 लाख किए, मौतें 68 प्रतिशत कम कीं (2015 से कुल लगभग 80 प्रतिशत कमी), 2024 में भारत हाई बर्डन हाई इम्पैक्ट समूह से बाहर निकलकर लक्ष्य-सिद्धि का उदाहरण बना। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा दीदियां और नेशनल वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम जैसे प्रयासों ने यह बदलाव रचा। जलवायु परिवर्तन, दवा-प्रतिरोध, बढ़ता शहरी जलजमाव और फंडिंग की कमी चुनौतियां बनी हुई हैं। अब समय है पुरानी रणनीतियों को नई तकनीक से जोड़ने का। भारत की सफलता प्रेरणा का सशक्त स्रोत। आदिवासी अंचलों से महानगरों तक मच्छरदानी वितरण, लार्वीसाइडिंग और त्वरित निदान ने ठोस प्रभाव डाला। 2025 के आंकड़ों में अधिकांश जिलों में स्थानीय संक्रमण नियंत्रित है, 160 से अधिक जिलों ने 2022-2024 के बीच शून्य स्वदेशी मामले दर्ज किए। लक्ष्य स्पष्ट 2027 तक शून्य स्वदेशी मामले और 2030 तक मलेरिया मुक्त भारत। यह केवल सरकार नहीं, हर गांव, हर स्कूल, हर परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवा स्वयंसेवक ड्रोन से लार्वा नियंत्रण कर रहे हैं, ऐप के माध्यम से लक्षणों की सटीक रिपोर्टिंग हो रही है। जब एक देश इतनी तीव्र गति से आगे बढ़ सकता है, तो दुनिया क्यों नहीं? भारत का मॉडल अब अफ्रीकी देशों के लिए प्रेरक मार्गदर्शक बन रहा है। सबसे सशक्त कवचकृरोकथाम ही किफायती और असरदार उपाय है। मच्छरदानी, इनडोर स्प्रेइंग, स्वच्छता और समय पर जांच-इलाज से 80 प्रतिशत तक मामले रोके जा सकते हैं। नई वैक्सीन आरटीएस, एस और आर-21 बच्चों में गंभीर मलेरिया को काफी हद तक घटा रही हैं आर-21 ने मौसमी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत तक प्रभावशीलता दिखाई है, जबकि दोनों वैक्सीन मिलाकर मौसमी केमोप्रिवेंशन के साथ 75 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करती हैं। जीन एडिटिंग, अगली पीढ़ी के कीटनाशक और ड्यूल-एक्टिव इंसेक्टिसाइड ट्रीटेड नेट्स प्रयोगशालाओं से निकल रहे हैं। पर यह साधन तब तक निष्प्रभावी हैं, जब तक अंतिम व्यक्ति तक न पहुंचें। ग्रामीण भारत में अब भी कई जगह जागरूकता की कमी है। स्कूलों में मलेरिया शिक्षा अनिवार्य करनी होगी। हर घर में मच्छरदानी, हर जलस्रोत स्वच्छ यही छोटे कदम बड़े बदलाव लाएंगे। इस जंग के असली प्रहरी समर्पित स्वास्थ्यकर्मी हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में डटे हैं। अफ्रीका के सुदूर गांवों से भारत के दुर्गम जंगलों तक वे जोखिम उठाकर निरंतर काम कर रहे हैं। सरकारों को अब बजट दोगुना करना होगा, निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से शोध में जोड़ना होगा। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और सशक्त बनाना अनिवार्य है। जलवायु परिवर्तन मच्छरों का दायरा बढ़ा रहा है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण भी मलेरिया नियंत्रण का अहम हिस्सा बन गया है। जब हम सब मजबूती से एकजुट होंगे, तभी यह लड़ाई निर्णायक रूप से जीती जा सकेगी। अब हर नागरिक की भूमिका निर्णायक और अनिवार्य बन चुकी है। क्या आपने अपने घर के आसपास जलजमाव पूरी तरह रोका? क्या बच्चों को बचाव के प्रभावी तरीके सिखाए? क्या अपने इलाके में सक्रिय जागरूकता अभियान चलाया? छोटे-छोटे कदमकृपुराने टायर हटाना, गमलों का पानी नियमित बदलना, मच्छरदानी का सही उपयोग मिलकर महामारी की रफ्तार थाम सकते हैं। सोशल मीडिया पर प्रमाणिक जानकारी फैलाएं, स्थानीय नेतृत्व से ठोस और त्वरित कदमों की मांग करें। जब हर व्यक्ति सजग और जिम्मेदार बनेगा, तभी मलेरिया का नामोनिशान मिटेगा। समय का यह निर्णायक मोड़ हमें पुकार रहा है 25 अप्रैल अब महज एक दिन नहीं, परिवर्तन का सशक्त बिगुल है। अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा केवल नारा नहीं, सामूहिक संकल्प और प्रतिबद्धता बने। एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां कोई बच्चा मलेरिया से न मरे, कोई मां अपने बच्चे को खोकर न रोए। भारत इस दिशा में ठोस और निरंतर कदम बढ़ा चुका है। अब पूरी मानवता को इसी पथ पर संगठित होकर आगे बढ़ना है। आइए, मिलकर मलेरिया को इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज कर देंकृताकि आने वाली पीढ़ियां इसे सिर्फ पढ़ें, कभी सहें नहीं।



# ईरान के दुश्मनों में दरार पड़ गई है: मोजतबा खामेनेई

## सर्वोच्च नेता ने देशवासियों से चौकन्ना रहने की अपील की, ईरानी जनता की मजबूत एकता की तारीफ



■ दुश्मन के मीडिया अभियान, ईरानी लोगों को भड़काने और राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं: मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई ने ईरानी जनता की मजबूत एकता की तारीफ करते हुए कहा कि इसने दुश्मन को बड़ा झटका दिया है। खामेनेई ने राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने का भी आह्वान किया और साथ ही लोगों को चौकन्ना रहने को भी कहा।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मोजतबा खामेनेई ने लिखा कि देशवासियों के बीच एकता के चलते दुश्मन में दरार आ गई है। खामेनेई ने आरोप लगाया कि दुश्मन के मीडिया अभियान, ईरानी लोगों को भड़काने और राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चेताया कि हमारी लापरवाही इस नापाक इरादे को सफल न होने दे। खामेनेई ने साफ किया कि देश के नेतृत्व में कोई विभाजन नहीं है और उन्होंने उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि ईरान के कट्टरपंथियों और उदारवादियों के बीच मतभेद हैं। ईरान के सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा खामेनेई का संदेश ऐसे महत्वपूर्ण समय में आया है, जब ईरान को कई तरह के दबावों का सामना करना पड़ रहा है। जिनमें अमेरिका, इस्राइल और उनके सहयोगी पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध, धमकियां और दुष्प्रचार शामिल हैं। इससे पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन भी इस बात पर जोर दे चुके हैं कि देश के नेतृत्व में कोई विभाज नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी ईरानी क्रांतिकारी एकजुट हैं और सर्वोच्च नेता के साथ पूरी तरह से एकजुट हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व में कलह होने का दावा किया था। ईरान की तरफ से ये टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच आंतरिक कलह चल रही है। ईरान के साथ दूसरे राउंड की बातचीत के समय भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने यही दावा किया था कि ईरान का राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व एकराय नहीं है।

### ईरान ने रूसी और कई अन्य देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्क में दी छूट: जलाली

**मास्को।** ईरान ने रूस सहित कई देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुज़रने के लिए लगने वाले ट्रांज़िट शुल्क में छूट दी है। रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि ईरान की संसद के प्रथम उपाध्यक्ष हामिद रज़ा हाजी बाबाई ने गुरुवार को बताया था कि ईरान को पहली बार होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के शुल्क से राजस्व प्राप्त हुआ है और यह राशि देश के केंद्रीय बैंक में जमा कर दी गई है। वहीं जलाली से जब पूछा गया कि क्या ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्कों में कोई छूट दी है, तो उन्होंने कहा कि हमने फिलहाल कुछ देशों को छूट दी है, लेकिन मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा। हालांकि, हमारा विदेश मंत्रालय अभी उन छूटों को लागू करने की कोशिश कर रहा है, जो रूस जैसे मित्र देशों के लिए सोची गई हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इज़रायल के हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली लागत का हवाला देते हुए, शुल्क लगाने की योजना की घोषणा की थी।



प्रयांगराज। रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी के बीच प्लेटफॉर्म पर पानी का छिड़काव करती रेलवे कर्मचारी।

### गाजा युद्ध में प्रतिदिन औसतन 47 महिलाएं और लड़कियां मारी गईं: संरा

**न्यूयॉर्क।** गाज़ा पट्टी में अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2025 के बीच इजरायल की सैन्य कार्रवाई में 38000 से अधिक महिलाएं और लड़कियां मारी गई हैं, जो इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 47 मौतों के बराबर है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महिला इकाई की रिपोर्ट गाज़ा में युद्ध की कीमत: महिलाएं और लड़कियां' में कहा गया है कि यह संख्या उसी अवधि में दर्ज कुल मौतों के आधे से अधिक है। गाज़ा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए इजरायल के सैन्य अभियान में अब तक 71200 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की कुल हिस्सेदारी सभी मृतकों में आधे से अधिक है।

# ईरान जंग में खर्च हुई चीन के लिए रिजर्व मिसाइलें

## अमेरिका का मिसाइल स्टॉक खत्म होने के करीब, हर दिन हो रहा है करीब 90 अरब खर्च

**वाशिंगटन।** ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं। इनमें वो मिसाइलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं। अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है। इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें (जेएएसएसएम-ईआर) इस्तेमाल कीं। ये खास तौर पर चीन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा टामहाक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें और 1000 से ज्यादा दूसरी स्ट्राइक मिसाइलें भी दागी गईं। इस पूरे युद्ध पर 28 से 35 अरब डालर खर्च हुए।

यानी हर दिन करीब 1 अरब डालर (लगभग 90 अरब रुपये) खर्च हुए। युद्ध रुके हुए दो हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन अब तक अमेरिका ने यह नहीं बताया कि कुल कितने हथियार इस्तेमाल हुए। मंत्रालय का कहना है कि 13000 से ज्यादा टारगेट पर हमला किया गया। लेकिन अधिकारियों के मुताबिक एक ही टारगेट पर कई बार हमले हुए, इसलिए असल में इस्तेमाल हुए हथियारों की संख्या इससे काफी ज्यादा है। युद्ध के दौरान अमेरिका ने जिन हथियारों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया, उनमें लंबी दूरी की जेएएसएसएम-ईआर मिसाइलें शामिल हैं। ये 600 मील से ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं और दुश्मन की एयर डिफेंस से बचकर हमला करने के लिए बनाई गई हैं। इसके अलावा टामहाक मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ। अमेरिका सालभर में जितनी मिसाइलें खरीदता है, उससे करीब 10 गुना ज्यादा इस युद्ध में खर्च हो गईं। एक स्टडी के मुताबिक, अब अमेरिका के पास करीब 3000 टामहाक मिसाइलें ही बची हैं। पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलें भी तेजी से खत्म हुई हैं। एक मिसाइल की कीमत करीब 4 मिलियन डालर है। 2025 में अमेरिका ने 600 मिसाइलें बनाई थीं, लेकिन युद्ध में 1200 से ज्यादा इस्तेमाल हो गईं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा प्रिसिजन स्ट्राइक और एटीएसीएमएस मिसाइलें भी खर्च हो चुकी हैं। पेंटागन के मुताबिक, कुछ जरूरी हथियार पहले से ही कम थे और अब उनकी कमी और बढ़ गई है। व्हाइट हाउस ने हथियार खत्म होने के दावों को गलत बताया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है और उसके पास पर्याप्त हथियार हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने भी किसी खास इलाके या हथियारों के स्टाक की जानकारी देने से इन्कार किया। उन्होंने इसे सुरक्षा से जुड़ा मामला बताया। युद्ध के पहले दो दिनों में ही 5.6 अरब डालर के हथियार इस्तेमाल हो गए थे। इसके अलावा कुछ आपरेशन में नुकसान भी हुआ। ईरान से पायलट को निकालने के मिशन में दो एमसी-130 विमान और तीन हेलीकाप्टर नष्ट करने पड़े, जिनकी कीमत करीब 275 मिलियन डालर बताई गई। हथियारों की कमी के कारण अमेरिका को एशिया और यूरोप से भी अपने सैन्य संसाधन मिडिल ईस्ट भेजने पड़े। इससे वहां तैनात सेना की तैयारी पर असर पड़ा है। यूरोप में नाटो की पूर्वी सीमा की सुरक्षा से जुड़े कुछ हथियार कम हो गए हैं। वहीं एशिया में भी असर ज्यादा दिखा है। साउथ चाइना सी से यूएस अब्राहम लिंकन कैरियर ग्रुप को हटाकर मिडिल ईस्ट भेजा गया। साथ ही दो मरीन यूनिट भी वहां तैनात की गईं। दक्षिण कोरिया में तैनात थार्ड मिसाइल सिस्टम के इंटरसेप्टर भी पहली बार वहां से हटाए गए हैं। ये सिस्टम उत्तर कोरिया के खतरे से निपटने के लिए लगाया गया था। इससे पहले भी अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपने जहाज और विमान भेजता रहा है। खासकर 2023 में इजराइल-गाजा युद्ध और यमन में हूती हमलों के बाद तैनाती बढ़ाई गई थी।



■ ये 600 मील से ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं और दुश्मन की एयर डिफेंस से बचकर हमला करने के लिए बनाई गई हैं, इसके अलावा टामहाक मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ

### युद्धविराम टूटा तो होर्मुज स्ट्रेट में हमलों की तैयारी: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि यदि मौजूदा संघर्षविराम समाप्त होता है तो ईरान की उपस्थिति को लक्ष्य बनाते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में हमलों की नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रस्तावित योजनाएं पहले की रणनीति से अलग हैं, जिसमें हमले मुख्य रूप से ईरान के अंदरूनी क्षेत्रों तक सीमित थे। नई रणनीति में जलमार्गों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, विशेष रूप से तेज गति वाली नौकाओं, बारूदी सुरंग बिछाने वाले जहाजों और अन्य समुद्री संसाधनों को निशाना बनाने पर जोर दिया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान द्वारा जलडमरूमध्य को बंद किए जाने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है और इससे अमेरिका की आर्थिक नीतियों पर भी दबाव बढ़ा है। सात अप्रैल से लागू युद्धविराम अभी औपचारिक रूप से कायम है। सूत्रों के अनुसार, केवल हवाई हमलों के जरिए जलमार्ग को शीघ्र खोल पाना कठिन हो सकता है, क्योंकि ईरान की तटीय रक्षा प्रणाली का बड़ा हिस्सा अब भी सक्रिय है और उसके पास पर्याप्त संख्या में छोटी नौकाएं मौजूद हैं।

### परमाणु विशेषज्ञों के बिना वार्ता से अधिक खतरनाक हो सकता है ईरान: यूरोपीय संघ

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान के साथ चल रही कूटनीतिक वार्ताओं में तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल नहीं किया गया तो परिणाम कमजोर और अस्थिर हो सकता है, जिससे ईरान अधिक खतरनाक स्थिति में पहुंच सकता है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने साइप्रस में आयोजित एक अनौपचारिक बैठक के दौरान कहा कि परमाणु विशेषज्ञों को वार्ता से बाहर रखना किसी भी संभावित समझौते को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह का दृष्टिकोण वर्ष 2015 के परमाणु समझौते संयुक्त व्यापक कार्य योजना में निर्धारित सुरक्षा मानकों से कमतर होगा, जिसके तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए थे और बदले में प्रतिबंधों में राहत दी गई थी। सुकलास ने कहा कि केवल परमाणु मुद्दों पर सीमित ध्यान पर्याप्त नहीं होगा। यदि ईरान के मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय गतिविधियों और साइबर क्षमताओं जैसे पहलुओं को नजरअंदाज किया गया, तो इससे भविष्य में अधिक जोखिम पैदा हो सकता है। इस बीच, पूर्व ईरानी राजनयिक कोरुश अहमदी ने कहा है कि ईरान और अमेरिका अपने-अपने रुख में फंसे हुए हैं, जिससे परमाणु वार्ताओं पर असर पड़ सकता है।

# ट्रम्प ने ईरान को फिर चेताया



■ कहा: समय निकलता जा रहा है और नाकेबंदी 'और भी बदतर' होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बार फिर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि घड़ी की सुई टिक-टिक कर रही है और यह नाकेबंदी तब तक और भी बदतर होती जाएगी, जब तक कि कोई ऐसा समझौता नहीं हो जाता जो अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए फायदेमंद हो।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि समय उनके पक्ष में नहीं है। यह नाकेबंदी पूरी तरह से अभेद्य और मज़बूत है और अब यहां से स्थिति और भी खराब होती जायेगी। कोई भी समझौता तभी किया जाएगा, जब वह अमेरिका, उसके सहयोगियों और बाकी दुनिया के लिए उचित और हितकारी होगा। अमेरिकी मीडिया पर एक बार फिर निशाना साधते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स और सीएनएन जैसे मीडिया संस्थानों को लगता है, मैं ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बेचैन हूं। उन्होंने कहा कि कृपया यह जान लें कि इस पद पर रहते हुए शायद मैं अब तक का सबसे कम दबाव महसूस करने वाला व्यक्ति हूं। मेरे पास दुनिया भर का समय है, लेकिन ईरान के पास नहीं। घड़ी की सुई टिक-टिक कर रही है। उन्होंने कहा कि ईरान की नौसेना समुद्र की रसातल में है, उनकी वायुसेना पूरी तरह से तबाह हो चुकी है, उनके विमान-रोधी और रडार हथियार नष्ट हो चुके हैं, और उनके नेता अब हमारे बीच नहीं रहे।

# हिंदू कोई धर्म नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत पहचान

■ वाशिंगटन में संघ के सरकार्यवाह होसबाले बोले: हमेशा परंपरा की बात करता है आरएसए

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत, उसकी संस्कृति, पड़ोसी देशों और वैश्विक संबंधों को लेकर कई अहम बातें कही हैं। उन्होंने साफ शब्दों में आरएसएस की सोच और भारत की भूमिका को समझाने की कोशिश की।

होसबाले ने कहा कि आरएसएस के अनुसार हिंदू कोई धर्म नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत पहचान है। उन्होंने बताया कि संगठन हमेशा संस्कृति, परंपरा और मूल्यों की बात करता है, न कि किसी एक धर्म की। उनके मुताबिक, भारत और उसके पड़ोसी देशों के बीच समय-समय पर तनाव रहा है, जिसकी वजह राजनीति, इतिहास की गलत समझ और आपसी भरोसे की कमी है। उन्होंने कहा कि लगातार बातचीत और संवाद से इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के एक पड़ोसी देश के साथ ज्यादा समस्याएं हैं, और इसके पीछे बाहरी ताकतों की भूमिका भी रही है, जिससे आपसी विश्वास कमजोर हुआ है। भारत और अमेरिका के संबंधों पर बोलते हुए होसबाले ने कहा कि अगर दोनों देश मजबूत साझेदारी चाहते हैं, तो उन्हें भरोसे और समान अवसर के आधार पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने लोगों के बीच सीधे संबंध बढ़ाने पर भी जोर दिया। आधुनिकता और संस्कृति के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि दोनों एक साथ चल सकते हैं और इनमें कोई टकराव नहीं है। उन्होंने बताया कि एशियाई समाजों में लंबे समय से यह संतुलन देखने को मिलता है।

# खुलासा: नेतन्याहू रहे हैं कैंसर से पीड़ित



■ इजरायली प्रधानमंत्री ने कब और कैसे कराया अपना इलाज, खुद ही किया इसका खुलासा

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के स्वास्थ्य को लेकर एक बहुत बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए इजरायली प्रधानमंत्री ने खुद इस बात का आधिकारिक खुलासा किया है कि वे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित रहे हैं।

नेतन्याहू ने बताया है कि उन्हें शुरुआती चरण का प्रोस्टेट कैंसर था, जिसका उन्होंने समय रहते इलाज करवा लिया है। अपनी सालाना मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद नेतन्याहू ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह अहम जानकारी दी। उन्होंने देश और दुनिया को भरोसा दिलाया है कि एक घातक टयूमर को उनके शरीर से सफलतापूर्वक निकाल दिया गया है और अब उनकी शारीरिक स्थिति बिल्कुल बेहतरीन है।

# इजरायल-लेबनान के बीच संघर्ष-विराम बढ़ा

## फैसला व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में हुआ, राष्ट्रपति ट्रम्प ने की घोषणा



**वाशिंगटन/ब्रसेल्स।** इज़रायल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम को तीन हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यह घोषणा की। यह फैसला व्हाइट हाउस के ओवल ऑफ़िस में ट्रम्प, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, इज़रायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी, लेबनान में अमेरिका के राजदूत मिशेल ईसा और इज़रायल तथा लेबनान के कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों के बीच हुई एक बैठक में लिया गया। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर कहा कि बैठक बहुत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि अमेरिका लेबनान को हिजबुल्लाह से रक्षा करने में मदद करने के लिए उसके साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि वह 'निकट भविष्य' में इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन की बैठक की मेज़बानी करने के लिए उत्सुक हैं, हालांकि उन्होंने इसकी तारीख की घोषणा नहीं की है। वहीं यूरोपीय संघ (ईयू) दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के समाप्त होने के बाद अपना अलग अभियान भेजने की संभावना पर विचार कर रहा है। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने कहा कि लेबनान में मौजूद संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल का मिशन के समाप्त होने के बाद लेबनान की सशस्त्र सेनाओं को हिज्बुल्ला को निरस्त्र करने और देश में नियंत्रण स्थापित करने के लिये अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होगी। इस संबंध में यूरोपीय संघ के विदेश और रक्षा मंत्रियों के साथ चर्चा जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित यूरोपीय मिशन का स्वरूप संयुक्त राष्ट्र मिशन से भिन्न होगा और इसका उद्देश्य लेबनान की वास्तविक जरूरतों को पूरा करना होगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब लेबनान में नाजुक संघर्षविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाया गया है। यह समझौता इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के बाद हुआ।

### यूक्रेन के हमलों में अब तक 8000 से अधिक रूसी नागरिकों की मौत: मिरोशनिक

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत रोदियोन मिरोशनिक ने दावा किया है कि फरवरी 2022 से अब तक यूक्रेन के सशस्त्र बलों के हमलों में 8,000 से अधिक रूसी नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है और लगभग 20,000 लोग घायल हुए हैं। मिरोशनिक के अनुसार, कुल मिलाकर 27,872 नागरिक हताहत हुए हैं, जिनमें 8,012 लोगों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि 2026 के पहले 90 दिनों में ही कम से कम 1,725 नागरिक घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फरवरी 2022 से अब तक यूक्रेनी बलों ने रूस के नागरिक ठिकानों पर चार लाख से अधिक गोले दागे हैं, जबकि 2026 के पहले तीन महीनों में यह संख्या 43,000 से अधिक रही है।

# वेनेजुएला में घुसकर मादुरो को पकड़ने वाला सैनिक गिरफ्तार

■ तख्तापलट पर सट्टा खेलकर चार करोड़ कमाए, पहले से मिशन की जानकारी थी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की स्पेशल फोर्स से जुड़े एक सैनिक मास्टर सार्जेंट गैनन केन वैन डाइक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले आपरेशन पर सट्टा लगाया और इससे करीब 4.09 लाख डालर (करीब 4 करोड़ रुपये) कमा लिए। डाइक अमेरिकी सेना के स्पेशल फोर्स (ग्रीन बैरे) का हिस्सा है।

इसी यूनिट ने वेनेजुएला जाकर निकोलस मादुरो को पकड़ा था। ऐसे में डाइक को पहले से वेनेजुएला पर होने वाले सीक्रेट एक्शन की जानकारी थी। इसी जानकारी के आधार पर उसने दांव लगाया। उसके जीतने के बाद मिली रकम, भले ही गुमनाम थी, लेकिन तुरंत ही जांच एजेंसियों के शक में आ गई। डाइक अमेरिकी सेना में मास्टर सार्जेंट के पद पर था। यह एक सीनियर पद होता है। ऐसे अधिकारी को रणनीतिक और तकनीकी मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है और वह यूनिट में अनुशासन और मानकों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। जांच के मुताबिक, डाइक ने दिसम्बर के आखिर में 'पालिमार्केट' नाम के प्लेटफार्म पर अकाउंट बनाया। यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां लोग भविष्य की घटनाओं पर दांव लगाते हैं। दिसम्बर 2025 तक वेनेजुएला में घुसकर राष्ट्रपति मादुरो का तख्तापलट करने की घटना पर यकीन करने वाले लोग नहीं थे। डाइक ने इससे मिलते-जुलते नतीजों पर कुल 13 बार 32 हजार डालर का दांव लगाया, जैसे कि मादुरो कब तक सत्ता से हटेंगे या अमेरिका वेनेजुएला में कब तक सैन्य कार्रवाई करेगा।

